81

आकाशी कौंसिल का विचार सं. २०४२ वि. (सन् १९८५-८६)

विश्व की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति पर ग्रहजन्य प्रभाव का सर्वेक्षण

★ चैत्र से भाद्रपद (मार्च से अगस्त तक) एवं माघ से चैत्र तक (जन '८६ से मार्च '८६ तक) विश्व के अनेक राष्ट्रों में अघटित ऐतिहासिक घटनाओं का क्रम जारी रहेगा।

★ मध्य एशिया एवं योरुप के देश विश्व में युद्धाग्नि भड़काने की ओर गतिशील, पश्चिमी योरुप में भारी विनाश।

★ परमाणु शस्त्रों की होड़, निरस्त्रीकरण की योजना असफल, विश्व में अशान्ति बढ़ेगी। रुद्रविंशति में कुछ देश विनाश की ओर।

★ भारत का पूर्वोत्तरी क्षेत्र एव दक्षिण-पश्चिम में समुद्रतटवर्ती क्षेत्र दुर्भिक्ष, समुद्री तूफान, बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोप से प्रभावित।

★ भारत को अनुभवी नेतृत्व का संरक्षण, विश्व शान्ति के प्रयासों में भारत की भूमिका प्रशंसनीय, लोक-सभा निर्वाचनों में इंका को बहुमत, विपक्ष में सार्वभौम-नेतृत्व का अभाव।

★ संवत् के आरम्भ से अगस्त तक एवं जन.'८६ से मार्च तक भारत को पड़ोसी देशों के कुटिल इरादों से सावधान। कहीं अकाल, भूकम्प, तूफान से हानि।

★ मुस्लिम राष्ट्रों में कहीं रक्त क्रान्ति, सत्ता परिवर्तन, भूकम्प एवं अन्यविध-प्राकृतिक-प्रकोप से हानि, किंवा युद्धजन्य-विनाश।

★ आगामी पांच वर्षों में भारत के संविधान में अभूतपूर्व संशोधन एवं संवर्धन का योग, भारतीय शासन पद्धति में स्थिरता लाने के लिए प्रभावी कार्यक्रम।


★ भारतीय रक्षा योजनाएं सुदृढ़, भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रेसर।

★ आगामी दशक में भारत विश्व के प्रमुख राष्ट्रों की श्रेणी में, भारत का महान् राष्ट्र के रूप में अभ्युदय।

पाश्चात्य देशों में भी फलित ज्योतिष की वैज्ञानिकता में आस्था

भारतीय जनता त्रिस्कन्ध ज्योतिष के प्रति प्राचीन काल से ही दृढ़ आस्था लिए हुए है और यह आस्था उत्तरोत्तर बलवती एवं शाश्वत होती जा रही है। भारत में काल-विधानशास्त्र (ज्योतिष) के निर्देश के विपरीत आचरण श्रेयस्कर नहीं माना जाता। लेकिन विज्ञान की प्रगति के साथ-साथ फलितशास्त्र की गरिमा से अनभिज्ञ कुछ लोग ज्योतिषशास्त्र को शंका की दृष्टि से भी देखते हैं; उन्हें यह बात सुनिश्चित समझ लेनी चाहिए कि विज्ञान की दृष्टि से अग्रेसर अनेकों पाश्चात्य देश इस बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में भौतिक ज्योतिष के अनेक महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर शोध करवा रहे हैं, जिनके आधार पर फलितशास्त्र की सत्यता के बारे में ठोस प्रमाण मिले हैं। वैज्ञानिकों के परीक्षणों से वनस्पति आदि पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट अनुभव हुआ है चन्द्र के भ्रमणकाल का स्त्री के ऋतुधर्म से सम्बन्ध स्पष्ट रूप से जातक के गुण कर्म स्वभाव को प्रभावित करता है। स्पष्ट है, कि निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भूस्थित वनस्पति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक सरलता से जान पाए हैं। सूर्य कलंक चक्रों, चन्द्रमा एवं ज्वार-भाटा सम्बन्धी सिद्धान्तों के परिशीलन तथा ग्रहों की आकर्षण-विकर्षण प्रक्रिया के आधार पर अध्ययन करने से प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र एवं प्रकृति के प्रत्येक पहलू पर ग्रहों का प्रभाव सत्य सिद्ध हो चुका है। यही कारण है, कि आजकल के वैज्ञानिक-युग में पाश्चात्य एवं पूर्वीय सभी देशों में इस शास्त्र के प्रति आस्था अहर्निश बढ़ती ही जा रही है।

पाश्चात्य देशों में फलित-ज्योतिष पर विश्वास में वृद्धि तथा न्यूनता का समय सापेक्ष-आलेख :—



मिन्नेसोटा विश्वविद्यालय (अमेरिका) ने इस आलेख द्वारा फलितशास्त्र पर विद्वानों की आस्था में वृद्धि एवं ह्रास का परिचय दिया है। आलेख में स्पष्ट है, कि ईसापूर्व कुछ शताब्दियों में अफीकन पैगान धर्म द्वारा फलितशास्त्र का विरोध होने पर भी फलितशास्त्र पर विद्वानों की निष्ठा यथावत् बनी रही। पांचवीं शती में क्रिश्चियन धर्म के विरोध से फलित ज्योतिष पर आस्था में भारी ह्रास हुआ। ज्यों ही शिक्षा का क्षेत्र बढ़ा; १५०० ई. के लगभग फिर से फलितशास्त्र पर निष्ठा में वृद्धि हुई, स्थिति पूर्ववत् बन गई। १७वीं शताब्दी से १९वीं शती तक भारी विरोध न होने पर भी एकमात्र उपेक्षा के कारण लोगों

की आस्था में कुछ कमी आई थी लेकिन आज विज्ञान की प्रगति के साथ ही साथ नए मौलिक विचार एवं नए-नए ज्योतिष सिद्धान्तों के सूत्रपात से पुनः फलितशास्त्र पर जनता की आस्था बढ़ती ही जा रही है और भविष्य में फलितशास्त्र पर हो रहे शोधकार्य से आश्चर्यजनक परिणाम सामने आने वाले हैं—यह आशा है। भारत में तो फलितशास्त्र पर जनता की निष्ठा शाश्वतरूप से बनी रही है, विशेष वृद्धि ह्रास नहीं हुए। आज बीसवीं शताब्दी के अन्तिम चरण में भी भारत में पाश्चात्य देशों की भांति फलित ज्योतिष पर लोगों की आस्था अहर्निश बढ़ती ही जा रही है।

ज्योतिषशास्त्र के सत्य सिद्धान्तों का पालन करता हुआ आपका लोकप्रिय यह पंचाङ्ग प्रतिवर्ष घटित होने वाली सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं प्राकृतिक उलटफेर तथा अन्यविध घटनाओं को लेकर ५८ वर्षों से निरन्तर आपके समक्ष उपस्थित होता आ रहा है। फलितशास्त्र एवं सिद्धान्त ज्योतिष पर निष्ठावान् प्रत्येक व्यक्ति इस पंचांग में आकाशीय ग्रहगतिजन्य आकर्षण-विकर्षण युति-प्रतियुति के आधार पर की गई अव्यभिचरित-भविष्यवाणियों से एवं शोधपूर्ण लेखों से प्रभावित हुए बिना नहीं रहा है। हमें प्राप्त असंख्य पत्र इसका प्रमाण हैं। सर्वसाधारण व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहर लाल नेहरू जी जैसे महान् ऐतिहासिक महापुरुषों की अभिरुचि के कारण तथा भारत एवं विदेश के विद्वद्वर्ग एवं सर्वोच्च धर्माचार्यों के आशीर्वाद के रूप में जो श्रेय सम्मान इस पंचांग को उपलब्ध हुआ है, वह हम सभी पंचांग प्रेमियों के लिए गौरव का विषय है, भारत के सभी विद्वानों का एवं धर्माचार्यों का आशीर्वाद (जो कि पंचांग की स्तुति के रूप में हमें उपलब्ध होता आ रहा है) हमारे लिए भारी उपलब्धि है; ईश्वर से प्रार्थना है कि भविष्य में भी विद्वानों-धर्माचार्यों का वरदहाथ शाश्वत बना रहे।

सं. २०४२ की ग्रहस्थिति पर विचार करने से पहले हम गतवर्षों की भविष्यवाणियों की सफलता की संक्षिप्त चर्चा कर देना उचित समझते हैं :—

भारत के स्वतन्त्र होने की घोषणा, श्री महात्मा गांधी एवं श्री नेहरू के निधन की भविष्यवाणी, रूस के बुल्गानिन-ख्रुश्चेव के अपदस्थ होने की भविष्यवाणी, चीन में चाऊ माऊ युगान्त घोषणा, श्री रीगन की सफलता, पाक के विभाजन की भविष्यवाणी एवं समयानुसार सत्ता परिवर्तन की घोषणा, कांग्रेस का विभाजन, जनतापार्टी की विजय एवं पतन की आश्चर्यजनक भविष्यवाणी तथा पुनः श्रीमती गान्धी के नेतृत्व की घोषणा, ईरान-ईराक युद्ध एवं ऐतिहासिक-भूकम्पों की भविष्यवाणी इसके अतिरिक्त भारत एवं अन्य देशों में घटित होने वाली असंख्य सफल भविष्य वाणियां करने का गौरव आपके इस पञ्चाङ्ग को प्राप्त हो चुका है। स्थानाभाव के कारण यद्यपि सभी भविष्यवाणियों को यहां अंकित करना संभव नहीं; पुनरपि नमूने के तौर पर कुछ एक आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियां सं. २०४१ वि. के पंचांग से यहां अंकित कर देना उचित समझते हैं :—

(१) सं. २०४१ में पृष्ठ ३७, कालम २ में 'भारत और भारत सरकार' शीर्षक के अन्तर्गत की गई भविष्यवाणी की सफलता फलित ज्योतिष की सत्यता का ज्वलन्त उदाहरण है :—

"३७वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार अगस्त से पूर्व का समय भारत के लिए अग्नि परीक्षा का है। ५ अगस्त तक भारत के समक्ष राजनैतिक उलझनें विषमरूपेण चिन्तनीय होंगी। संवत् के आरम्भ से अगस्त तक की अवधि में प्रान्तीय-साम्प्रदायिकता का उन्माद भी विकट रूप धारण करेगा। प्रान्तीय समस्याओं को सफलता पूर्वक सुलझाने में शासन विचलित सा मालूम देगा। कुछ प्रान्तों में कलह से अधुरता एवं अराजकता का सा वातावरण बन सकता है। अतः इस अवधि में राष्ट्रनायकों को विवेक पूर्ण सन्तुलन प्रज्ञा से काम लेना होगा। विशेषतः १६ जून तक के समय में भारत को अपने सैन्यबल को सीमा प्रान्तों पर सचेत बनाना पड़ेगा। कहीं किसी पड़ौसी देश की कुनीति से सीमा प्रान्तों पर शान्ति भंग होने का योग है। ३७वें वर्ष में काल सर्पयोग भारत के शासकों के लिए अग्नि परीक्षा का है। अतः इस अवधि में थोड़ी भूल भी हानिकारक होगी।"

गत वर्ष की इस उल्लिखित भविष्यवाणी की सत्यता से समस्त विश्व परिचित है। सीमा प्रान्त पंजाब में साम्प्रदायिक हत्याओं से अराजकता रही, अन्ततः सैन्यबल का सहारा लेना पड़ा, शासकों के लिए पंजाब की घटना से बड़ा अग्नि परीक्षा का अवसर कोई नहीं कहा जा सकता।

(२) संवत् २०४१ में भारतीय गणतन्त्र कुण्डली पर विचार करते हुए पृ. ३८ पर स्पष्ट लिखा गया था—

"देश के सर्वोच्च नेता के लिए अग्नि परीक्षा का समय है; देश की आन्तरिक समस्याएं इस तरह पेचीदा बनेंगी कि उन्हें सहज में सुलझाना संभव न होगा।"

सभी सर्वोच्च नेताओं के समक्ष महाराष्ट्र, आन्ध्र, पंजाब आदि प्रान्तीय समस्याएं प्रश्नचिन्ह थीं; वस्तुतः यह अग्नि परीक्षा का समय था, जिसे हमारा कुशल नेतृत्व अभी सुलझाने में लगा है।

(३) पृष्ठ ३८ पर 'भारत की जलवायु और वर्षा' शीर्षक के अन्दर लिखा था—

"वर्षा ऋतु में शनि-मंगल का योग ५ अगस्त तक रहता है। यह स्थिति भारत के अनेक प्रान्तों में कहीं भयंकर सूखा या कहीं भयंकर वर्षा से बाढ़ आदि का संकेत देती है।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता समाचार पत्रों से स्पष्ट हो गई थी दक्षिण भारत के अनेक प्रान्तों में भयंकर वर्षा से जन-धन की असह्य क्षति हुई है। उत्तर भारत के कुछ प्रान्तों में अनेकत्र सूखा से कुछ क्षेत्र अकाल ग्रस्त भी घोषित करने पड़े हैं।

(४) भारत के प्रमुख प्रान्तों की चर्चा करते हुए 'पंजाब' शीर्ष के अन्दर पृ. ३८ पर लिखा था—

"जब तक शनि वृश्चिक राशि में प्रवेश नहीं करता, तब तक यहां की स्थिति चिन्तनीय रहेगी। शासन को यहां शान्ति स्थापना करने के लिए यहां के विशिष्ट व्यक्तियों का विश्वास प्राप्त करना होगा। अन्यथा केन्द्र से वैमत्य बना रहेगा, स्थिति और विषम बन सकती है। अगस्त तक का समय तथा दिसम्बर-जनवरी तक का समय केन्द्र के लिए चिन्तनीय है।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता अक्षरशः सत्य सिद्ध हो रही है।

(५) काश्मीर में सत्ता परिवर्तन की भविष्यवाणी इस प्रकार की गई थी—

"सत्तारूढ़ पार्टी के अन्दरूनी मामले उलझेंगे, प्रधान नेता उलझन में पड़ेंगे। मन्त्रिमण्डल में परिवर्तन होगा।

(६) 'रूस' शीर्षक के अन्तर्गत भारत-रूस सहयोग से अन्तरिक्ष में भारतीय मानव की अन्तरिक्ष यात्रा का संकेत इस तरह लिखा था—

"सन् १९८४ में अन्तरिक्ष यात्रा में (रूस) भारत की सहायता करेगा।"

इस अन्तरिक्ष यात्रा से भारत को जो गौरव मिला है वह ऐतिहासिक है!

(७) 'उत्तर प्रदेश' शीर्षक के अन्तर्गत वहां के मन्त्रिमंडल में नाटकीय परिवर्तन की भविष्यवाणी इन शब्दों में की थी—

"वहां के मन्त्रिमण्डल में अचानक कुछ आवश्यक परिवर्तन होंगे।"

तदनुसार श्री तिवारी जी का कुशल नेतृत्व उ. प्र. को प्राप्त हुआ।

पाठकों! सम्पूर्ण भविष्यवाणियों की सफलता को अंकित करना तो स्थानाभाव के कारण यहां सम्भव नहीं। इन सफल भविष्यवाणियों का श्रेय हमारे सम्पूर्ण विद्वान् पाठकों एवं उस जगन्नियन्ता प्रभु को ही है जो ग्रह गति के आधार पर कुछ लिखने को प्रेरित कर देता है।

सं. २०४२ की ग्रह स्थिति का विश्व पर प्रभाव

इस वर्ष ग्रह परिषद् के निर्वाचन में प्रधान पद दैत्य-गुरु शुक्र को एवं मन्त्री का पद युद्ध-प्रिय मंगल को प्राप्त हुआ है। ग्रह परिषद् के चुनाव में कुल आठ स्थान क्रूर ग्रहों को तथा दो स्थान शुभ ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। पद विभाजन में चार पदों पर शुक्र का पूर्णाधिकार है तथा दो पद मंगल के अधीन हैं।

इस प्रकार पद विभाजन को देखने पर यह निर्विवाद स्पष्ट हो जाता है, कि पद विभाजन में ग्रह स्थितिजन्य सन्तुलन नहीं है; सौम्यग्रहों का प्रभाव नगण्य रहेगा। पाठक नोट कर लें कि यह वर्ष विश्व के पश्चिमी राष्ट्रों एवं पश्चिमी प्रान्तों के लिए अग्नि परीक्षा का सिद्ध होगा। विश्व में तनाव बढ़ेगा। नई समस्याएं नए झगड़ों को जन्म देंगी। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में हथियार खरीदने की दौड़ लगी रहेगी; विश्व परमाणु युद्ध की ओर सरकता जाएगा। दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और मध्य एशिया के देशों में दो बड़ी शक्तियों के बीच अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने की होड़ लग जाएगी, जिसका दुःखद परिणाम संवत् २०५५ से सं. २०५६ के मध्य स्पष्ट देखा जा सकेगा। इस समयावधि में गुरु-शनि-मंगल का योग विश्व में विनाश की स्थिति पैदा करेगा; बड़े-बड़े राष्ट्रों का मान मर्दन का समय है। इससे पूर्व विश्व युद्ध की कोई संभावना नहीं बनती। इस समय भारत सर्वोच्च राष्ट्र के रूप में विश्व का पथ दर्शक बनेगा।

इस वर्ष की ग्रह स्थिति के अनुसार ईरान-ईराक युद्ध से मध्य और पूर्वी एशिया का क्षेत्र तनाव ग्रस्त रहेगा; अमेरिका आदि महाशक्तियों की महत्त्वाकांक्षा विश्व को विनाश के कगार पर ले जाएगी।

संवत् के प्रारम्भ में ही चल रहा राहु-मंगल का राशि सम्बन्ध कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति को जन्म देगा। अप्रैल से मई तक वक्री शनि एवं मंगल का समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध मुस्लिम-राष्ट्रों में भयंकर-युद्धमय वातावरण को जन्म देने वाला है, कुछ राष्ट्रों के मंत्रिमंडलों में आश्चर्यजनक उलटफेर किंवा परिवर्तन इस संवत् में दिखाई देंगे।

इस वर्ष विश्व में बढ़ रही परमाणु शस्त्रों की होड़ के प्रतिरोध के लिए उठाए जाने वाले पग असफल रहेंगे। परमाणु-परीक्षणों से नई भयानक घातक बीमारियों का जन्म होगा, जिससे कुछ देश महामारी की चपेट में आ जाएंगे। ३१ मई को शनि तुला राशि में आकर केतु के साथ सम्बन्ध करेगा, शनि वक्री है। यह ग्रहस्थिति सितम्बर मध्य तक चलेगी। इस अवधि में पश्चिमी देशों में भयानक-विस्फोट किंवा भयंकर अग्निकाण्ड की घटनाएं सामने आएंगी। विश्व मंहगाई की चपेट में आ जाएगा। जनजीवनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में अप्रत्याशित वृद्धि से साधारणवर्ग में असन्तोष भड़केगा जिससे कुछ देशों की राजनीति भी प्रभावित होगी। मई से सितम्बर तक के समय में विश्व के कुछ देशों में समुद्री तूफान, कहीं बर्फानी तूफान, यान दुर्घटना, अग्निकाण्ड वा महामारी से भीषण जनधन हानि होगी। सितम्बर तक किसी विशिष्ट व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा। इसी बीच तुला राशि के वक्री शनि का मंगल के साथ अगस्त तक रहने वाला दृष्टि सम्बन्ध एवं मंगलवारी कर्क संक्रान्ति का होना कहीं गृहयुद्ध की चिंगारी को जन्म देगा। किसी देश विशेष की राज्यसत्ता में परिवर्तन का योग है।

इस वर्ष 'श्रावण अधिकमास' है, अतः कहीं दुर्भिक्ष, तथा शान्ति-सुरक्षा को व्यवस्थित करने के लिए शासकों को कठोर पग उठाने पड़ेंगे।

श्रावणद्वये तु दुर्भिक्षं स्वल्पवृष्टिर्महद्भयम्।
पापबुद्धिरता लोकाः राजानः क्रूरशासनाः॥

अक्तूबर में शनि अनुराधा नक्षत्र में आकर संवत् के अन्त तक अनुराधा नक्षत्र में ही रहेगा। पश्चिमी देशों में पनप रही युद्धाग्नि की ज्वाला को तीव्र होगी—"अनुराधायां गतः सौरिः ज्येष्ठायां परिवर्तते। पश्चिमे दारुणो घोरः संहारस्तत्र जायते।" इस अवधि में बन रहा खप्पर योग, एवं २२ जनवरी १९८६ ई. से १६ मार्च तक शनि-मंगल का योग विश्व में अघटित-घटनाओं को जन्म देगा। विश्व का कोई विशेष-राजनीतिज्ञ कालकवलित होगा। कहीं गृहयुद्ध, कहीं रक्तक्रान्ति से सत्ता परिवर्तन का योग है। ऐतिहासिक घटनाएं इस समय होंगी। जनवरी'८६ से मार्च तक प्राकृतिक प्रकोप, बर्फानी तूफान, अनावर्षण, यानदुर्घटना आदि में भी विशेष जनधन हानि का योग बनता है। इस अवधि में सीमा के अतिक्रमण से दो देश युद्धक्षेत्र में उतर सकते हैं—ईश्वर राष्ट्रनायकों को सद्बुद्धि दे। शान्त्यर्थ शतचण्डी का विधान श्रेयस्कर रहेगा। यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं, कि यह संवत् विश्व के लिए विशेष कष्टप्रद एवं ऐतिहासिक घटनापूर्ण रहेगा।

विश्व में भयरोगोपद्रव कारक ग्रहस्थिति


संवत् के आरम्भ से मई तक की ग्रहस्थिति विश्व के समक्ष नानाविध ऐतिहासिक घटनाओं को जन्म देने वाली है। इस अवधि में राहु-मंगल का राशि-सम्बन्ध एवं आगे शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध कहीं चक्रवात, तूफान, भूकम्प, भयंकर अग्निकाण्ड व आन्तरिक क्रान्ति किंवा पड़ोसी देश से उलझने से जनधन हानि की सूचना देता है। इस अवधि में अग्निकाण्ड एवं यानदुर्घटनाओं में विशेष जनधन हानि होगी।

३१ मई से तुला राशि का शनि-केतु के साथ दृष्टि सम्बन्ध करेगा, सितम्बर मध्य तक शनि-केतु का सम्बन्ध कारखानेदार, धनिक वर्ग एवं कृषक वर्ग के लिए चिन्ता का कारण बनेगा। घेराव, हड़ताल, आगजनी की घटनाओं से भारी नुकसान होगा। वर्षा की कमी से मंहगाई उच्चशिखर पर पहुंच जाएगी; जिससे साधारणवर्ग में शासन के प्रति आक्रोश बढ़ेगा, विश्व के बाजारों में रिकार्डतोड़ तेजी से आश्चर्य होगा, कई देशों की मुद्रा का अवमूल्यन होगा विश्व बैंक से कर्जा अधिक देश लेंगे। इस अवधि में कुछ देशों में प्राकृतिक प्रकोप किंवा राजनैतिक विप्लव से अशान्ति बढ़ेगी। हथियारों की होड़ तथा अन्तर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ने से तथा परमाणु शक्ति सम्पन्न देशों के बीच ठोस क्रियात्मक बातचीत न होने से भविष्य में परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे सम्पूर्ण विश्व चिन्तित होगा। मई से ग्रहों के अतिचार आदि का विचार करने से पर्यन्त तक किसी राजनैतिक व्यक्ति के देहावसान, किंवा पदत्याग का संकेत देता है। ३१ अगस्त तक शनि-मंगल का

दृष्टि सम्बन्ध विश्व में युद्ध विभीषिका को जन्म देगा। कुछ देश परस्पर सीमा प्रान्तों का अतिक्रमण करके शान्ति भंग करेंगे। किसी मुस्लिम देश के कट्टर शासक का पद रिक्त होगा।


२१ अक्तूबर को अनुराधा-नक्षत्र का शनि पश्चिमी देशों में कहीं भयंकर-संग्राम की सूचना देता है। इस वर्ष वर्षा की कमी एवं कहीं भयंकर बाढ़ से प्रलय का दृश्य उपस्थित होगा। जैसाकि हम पहले भी लिखते रहे हैं कि विश्वमहायुद्ध की संभावना अभी बहुत दूर है, जनता इस विषय में भयभीत न हो, सन् १९९९ से पूर्व अणुयुद्ध की सम्भावना नहीं। छोटे-मोटे जंग तो कुछ देशों की पारस्परिक कुनीति के परिणामस्वरूप सम्भव है। ईश्वर समृद्ध देशों के शासकों को सद्‌बुद्धि दे, ताकि मनुष्य जीवन की रक्षा हो सके।

यूरोप के देश—यूरोपीय देशों की ग्रहस्थिति के अनुसार सारे ग्रह कुण्डली में बाईं तरफ ही आ गए हैं। यूरोप के कुछ शक्ति सम्पन्न देशों में पारस्परिक तनाव से विश्व की राजनीति चिन्ता में पड़ जाएगी। तृतीय भावस्थ शनि-केतु-यूरेनस यूरोप के देशों को आधुनीकरण की ओर बढ़ने को प्रेरित करेंगे। यूरोपीय देशों में मंहगाई बढ़ेगी। कुछ देशों में आन्तरिक असन्तोष बढ़ेगा। कहीं आन्तरिक क्रान्ति से स्वतन्त्रता को बल मिलेगा। कहीं आवासित समस्या विकट रूप धारण करेगी। अगस्त के अन्त तक शनि-केतु का सम्बन्ध एवं ३१ अगस्त तक शनि-मंगल का सम्बन्ध कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से वा पारस्परिक संघर्ष से जनधन हानि का सूचक है। यूरोप के कुछ देशों में प्रधानपद रिक्त होगा। कहीं शोक समाचार से क्षोभ का वातावरण बने। अर्जेण्टाइना, रोडेशिया, आयरलैण्ड आदि में शासन के विरुद्ध बगावत से अशान्ति का वातावरण पैदा होगा। औद्योगिक संकट बढ़ेगा, असन्तुष्ट तत्त्व जोर पकड़ेंगे। ब्रिटेन में राजनैतिक-गतिविधि में गतिरोध, शनि-मंगल का योग अशान्तिप्रद रहेगा। स्वीडन, जापान, इजराइल, फ्रांस, इटली आदि देश परमाणु संपन्न उद्योग में प्रगति करेंगे।



पश्चिमी एशिया में प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने वाली महाशक्तियों की होड़ लगेगी। अर्जेण्टाइना, न्यूजीलैण्ड, डैन्मार्क, इंडोनेशिया, कांगो, टांगानिका, ब्राजील, ब्रिटेन एवं द. अफ्रीका आदि में अशान्ति का वातावरण बनेगा। क्यूबा, इथोपिया, जिम्बावे, रोडेशिया, कम्पूचिया, चीन, ताइवान, इण्डोनेशिया, आयरलैण्ड आदि में विवाद के कारण बनेंगे, अन्दरूनी झगड़े बढ़ेंगे।


मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली—मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली में सारे ग्रह एक ही दिशा में आ गए हैं। कुण्डली में सभी ग्रह ७, ८, ९, १० भावों में एकत्रित हैं। अगस्त के अन्त तक की गोचरस्थ ग्रहस्थिति के आधार पर यह स्पष्ट मालूम देता है, कि यह वर्ष बंगलादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, पश्चिमी बेरुत, फिलस्तीन, सीरिया में घोर अशान्ति रहेगी। कहीं सत्ता संघर्ष, कहीं आन्तरिक रक्तक्रान्ति, कहीं शासित-शासक में विरोध विकट रूप धारण करेगा। सीरिया और इजराइल में टकराव समाप्त न होगा। लेबनान में अरब गणराज्य कायम करने का स्वप्न पूरा न होगा। लेबनान, बेरुत, इजराइल का मामला और उलझनपूर्ण होगा। इन देशों में राजनैतिक हत्याकाण्ड अधिक होंगे। ३१ अगस्त तक का समय पावन राष्ट्रों के लिए ऐतिहासिक घटनाओं वाला होगा।



फरवरी मास के लगभग आकाश में धूम्रकेतु का उदय होगा। यह धूम्रकेतु मुस्लिम देशों के शासकों के लिए नेष्टफलप्रद सिद्ध होगा। नोट—करें कि २२ जनवरी '८६ से १६ मार्च तक का समय मुस्लिम देशों के लिए अकल्पित घटनाओं वाला रहेगा। पाक, आदि में सत्ता का हस्तान्तरण किंवा प्रधान नेता का पद रिक्त होगा। ईरान के प्रधानशासक का युगान्त भी इसी वर्ष हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं।


भारत और भारत सरकार

स्वतन्त्र भारत का ३९वां वर्ष लग्न



(१५ अगस्त १९८५)

भारतीय गणतन्त्र का ३६वां वर्ष लग्न



देहली लग्नानुसार (इष्ट ६।४०)

इससे पहिले कि हम भारत के ३९वें वर्ष की कुण्डली का परिशीलन करें हमें ३८वें वर्षलग्न पर ध्यान देना होगा। १५ अगस्त १९८४ से १४ अगस्त १९८५ ई. तक की ग्रहगति का अध्ययन ३८वें वर्ष की कुण्डली से ही संभव है।

३८वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार उच्च शनि एवं वेंकटेश लग्न में है, लग्नस्थ शनि की सप्तम (विदेश नीति से सम्बन्धित) भाव पर नीच दृष्टि है। सप्तम भाव शत्रु देशों से भी सम्बन्ध रखता है, अतः भारत की विदेश नीति में आश्चर्यजनक परिवर्तन संभव हैं। वर्ष कुण्डली में अष्टम भाव में स्थित राहु पर मंगल की सप्तम दृष्टि गुप्तशत्रु से भयकारक है लेकिन कुण्डली में नवमेश-दशमेश के विचार से यह बात स्पष्ट हो जाती है; कि भारत की प्रतिष्ठा उत्तरोत्तर बढ़ेगी, शत्रु देश की कुचाल विफल होगी, भारत की सेना का मनोबल प्रबल रहेगा, विजयश्री सदा भारत के साथ रहेगी। नई प्रगतिप्रद योजनाएं बनेंगी, एवं सफलता भी मिलेगी।

गोचरस्थ ग्रहगति के अनुसार वर्षारम्भ से ही राहु और मंगल का राशि सम्बन्ध तत्पश्चात् अप्रैल से मई तक शनि-मंगल का समसप्तक भारत के राजनीतिज्ञों के समक्ष विषम समस्याओं को जन्म देगा। भारतीय राजनीति में विक्षेप परिवर्तन एवं संशोधन का योग है। राजनीतिज्ञों को जनता का विश्वास पाने में कठिनाई आएगी। इस अवधि से

पूर्व निर्वाचन होने पर भारी बहुमत प्राप्त करने में सत्तारूढ़ पार्टी को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। दक्षिण में इंका को भले ही बहुमत न मिले लेकिन निर्वाचन का सामूहिक दृष्टि से मूल्यांकन होने पर इंका पुनः सत्ता में आजाएगी, विरोधी दलों के संयुक्त-घोषणापत्र अभी इंका को अपदस्थ कर पूर्णरूपेण सत्ता पा लेने में सशक्त नहीं ऐसा ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है।

३१ मई से शनि तुला में आकर केतु के साथ राशि सम्बन्ध करेगा; शनि-केतु का यह राशि सम्बन्ध १६ सितम्बर तक चलेगा। मई से सितम्बर तक की अवधि में १५ जुलाई से ३१ अगस्त तक शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध भारत के लिए अग्निपरीक्षा का है प्रधान नेता को देश की नई समस्याओं एवं चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस अवधि में आन्तरिक समस्याओं, प्रान्तीय उलझनों एवं शत्रुदेश की कुनीति का सामना करने के लिए सेना के मनोबल को ऊँचा रखना होगा। भारत के नायकों को विवेक एवं सन्तुलित प्रज्ञा से काम लेना होगा। इस वर्ष भारत की पश्चिमोत्तरी एवं पूर्वी सीमा पर शत्रुदेश की चाल से सावधान रहना होगा। पश्चिम में राजस्थान, उत्तर में पंजाब काश्मीर, पंजाब में मेघालय, मणिपुर, उड़ीसा, असम एवं समुद्र के तटवर्ती क्षेत्र क्षुब्ध रहेंगे, देशद्रोही तत्वों की सक्रियता से शासन सावधान रहे। दक्षिण के कुछ प्रान्तों में दुर्भिक्ष एवं प्राकृतिक-प्रकोप से कहीं जनधन हानि होगी।

भारत की ३९वें वर्ष की ग्रहस्थित के अनुसार सप्तम भाव में मं.-बु.-सू.-चं. एवं मुंथा हैं। इस ग्रहगति के आधार पर ज्ञात होता है; कि विदेश में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बृहस्पति की सप्तमेश पर पूर्णदृष्टि भारत के नेताओं की प्रतिष्ठा को ऊँचा करेगी। हाँ, भारत की राजनीति में स्थायित्व एवं देश की प्रगति के लिए, आने वाले दो वर्षों में ही भारतीय संविधान में विशिष्ट नेताओं के अधिकारों के परिसीमन किंवा परिवर्धन का ऐतिहासिक कार्यक्रम बनेगा, देश की शासन प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन होने का योग है।

३९वीं वर्ष कुण्डली में ऊच्च शनि, एवं वेंकटेश-केतु की दशम भाव में उपस्थिति राजनीति में कहीं गतिरोध का कारण बनेगी। शासकों को कठोरता से व्यवहार करना पड़ेगा।

सितम्बर मध्य के बाद वृश्चिक राशि के शनि में कहीं भयंकर अशान्ति का वातावरण बन सकता है; विशेषतः राजनैतिक उलझन से प्रधान नेताओं में गतिरोध बनेगा। विशेष दुर्घटना के समाचार से शोक व्याप्त हो। देहली प्रान्त के लिए वृश्चिक का शनि चिन्ताकारक है। २१ अक्तूबर से अनुराधा नक्षत्र का शनि एवं नवम्बर से बन रहा खप्पर योग, तथा २२ जनवरी'८६ से १६ मार्च तक वृश्चिक राशि में शनि-मंगल का सम्बन्ध, इसी मध्य १७ फरवरी को शनि-मंगल की युति तथा ११ फरवरी को गुरु-शुक्र का युद्ध भारत के लिए, भारत के विशिष्ट नेताओं के लिए विशेष घटना पूर्ण होगा। तूफान, यान दुर्घटना, दुर्भिक्ष किंवा बीमारी से हानि होगी।

फरवरी मास के पूर्वार्ध में हैले धूम्रकेतु का उदय कहीं नेतृत्व में परिवर्तन एवं किसी विशिष्ट व्यक्ति के पदरिक्त होने की सूचना देता है। नोट करें, कि इस वर्ष का उत्तरार्ध सीमावर्ती देश की कुचाल से सावधानी का है, कभी भी भारत को कठिन स्थिति का सामना करना पड़ सकता है; भारत को अपने सीमा प्रान्तों पर सैन्यबल को दृढ़ करना होगा। भारत विजयश्री प्राप्त करेगा। इस वर्ष के उत्तरार्ध में साम्प्रदायिक एवं राजनैतिक हत्याएं अधिक होंगी। पाक द्वारा शस्त्रास्त्रों की होड़ एवं हिन्द महासागर के तेजी से सैन्यीकरण से भारत को चिन्ता होगी। लेकिन भारत आत्म-निर्भरता की ओर बढ़ता जाएगा। आगे भारत का यश अक्षुण्ण एवं उत्तरोत्तर बढ़ेगा। १९८६ में भारत को अन्तरिक्ष विज्ञान में अधिक सम्मान प्राप्त होने का योग है। परमाणु निरस्त्रीकरण किंवा परमाणु युद्ध से विश्व को बचाने के लिए भारत की भूमिका प्रशंसनीय रहेगी, जिससे भारत के विशिष्ट नेता को विशेष सम्मान प्राप्त होने का योग बनता है। वर्ष के उत्तरार्ध में केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल में विशेष उलटफेर होंगे, जिससे शासन तन्त्र में सुधार होगा।

भारत का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार—वर्ष कुण्डली में कर्मक्षेत्र में शनि-प्लूटो एवं केतु का योग अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में विशेष प्रगतिप्रद है। फ्रांस, रूस, पश्चिमी जर्मनी, इटली, सीरिया, स्वीडन, हालैण्ड, जापान और कनाडा के साथ विशेष व्यावसायिक सम्बन्ध बनेंगे। इंजनीयरिंग का सामान, जूट, कपड़ा, अनाज एवं स्वयं चालित स्कूटर आदि के निर्यात से भारत का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में नाम ऊँचा होगा।

भारत का वायुमण्डल व वर्षा—इस वर्ष मेष संक्रान्ति एवं अमावस दोनों शनिवार को हैं एवं अप्रैल से मई तक शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध भारत के कुछ प्रान्तों में वर्षा के अभाव से दुर्भिक्ष की स्थिति बना देगा। कुछ प्रान्तों में वर्षा सामान्यतः पर्याप्त होगी। ३१ मई को शनि-केतु का सम्बन्ध एवं १५ जुलाई से तुलास्थ शनि का मंगल के साथ दृष्टि सम्बन्ध ३१ अगस्त तक देश में कुछ प्रान्तों में वर्षा की भारी कमी एवं कुछ प्रान्तों में जल-थल एक होने से विनाशलीला का दृश्य उपस्थित करेगा। विद्युत संकट बढ़ेगा। आगे वर्षा का योग सामान्यतः ठीक रहेगा। इस वर्ष वृश्चिक-धनु-मकर संक्रान्तियां क्रमशः शनि-रवि-मंगलवार को होने से विशेष प्रकार का खप्पर योग बनता है जिससे भारत का जलवायु प्रभावित होगा। मंहगाई बढ़ेगी।

२२ जनवरी'८६ से १६ मार्च तक पर्वतीय-भू-भाग पर कहीं बर्फानी तूफान से हानि एवं असामयिक वर्षा पानी से कृषकों में चिन्ता, कहीं वर्षा के अभाव से हानि होगी। प्रतिदिन की जलवायु का विचार पाक्षिक फलादेश में "आकाश लक्षण" शीर्षक में दे दिया गया है, वहां पढ़ें।

(शेष ११ का)

मंगली दोष का यथार्थ रूप में शास्त्रोक्त विधि से निर्णय करने के लिए दैवज्ञ को काफी लम्बी जटिल गणित प्रक्रिया में से गुजरना पड़ता है—यह उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है। इस श्रमसाध्य प्रक्रिया से बचने के लिए उसे ऐसे कोष्ठकों (सारणियों) की अपेक्षा होगी, जिनकी सहायता से मिलान की यह जटिल प्रक्रिया सरल हो जाए। दैवज्ञ की मिलान-सम्बन्धी इस समस्या के समाधान के लिए हमने "ग्रहयोग एवम् दाम्पत्य जीवन" नामक पुस्तक की रचना की है यह ("मंगली दोष का यथार्थ निर्णय") लेख इसी पुस्तक में दिए गए विस्तृत विवेचन का एक संक्षिप्त रूप है। इस पुस्तक में द्वितीयभाव-द्वितीयेश, सप्तमभाव-सप्तमेश, अष्टमभाव-अष्टमेश एवम् शुक्र का केशवीय जातक पद्धति के अनुसार बलाबल (दृष्टिबल, युतिबल, भावबल आदि) बतलाने वाली अनेकों विलक्षण सारणियां दी गई हैं, जिनके प्रयोग से दैवज्ञ को मिलान की उपरोक्त जटिल गणित प्रक्रिया से सर्वथा मुक्ति मिल जाएगी और वह उनकी सहायता से मंगली दोष का निर्णय नितान्त सूक्ष्मता पूर्वक बिना किसी प्रकार की गणित के ही मिनटों में कर लेगा। इस पुस्तक का विज्ञापन इसी पंचांग में दिया गया है, उसे पढ़िए।

अंग-स्फुरण-फलम्

पुरुषों का दायां अंग और स्त्रियों का बायां अंग फरकना शुभ है।
मस्तक का स्फुरण (फड़कना) स्त्री पुरुष दोनों के लिए शुभ है।

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
मस्तक	पृथ्वीलाभ	वक्षःस्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तु
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग
स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रूमध्य	सुखप्राप्ति	कटिपार्श्व	प्रीति	पीवाग्र:	बन्धुभय
भ्रूयुग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीनाश	पृष्ठ	पराजय
कपोल	शुभाप्ति	आंत्रिक	कोषवृद्धि	मुख	मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनाप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्रसमीप	प्रियसंगम	उदर	कोषलाभ	बस्तिदेश	अभ्युदय
नेत्रपक्ष्म	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीलाभ	ऊरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यलाभ	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजय	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामीप्रीति
पादोपरि	स्थानलाभ	पादतल	नृपत्व-बुद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल, लसन, मस्सा हो व खुजली उठे तो भी उक्तोक्त फल जानना। पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल वा खाज हो तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

उत्पात-फल-चक्रम्

उत्पात	फल	उत्पात	फल	उत्पात	फल
दिग्दाह	वर्षा न हो	भूकम्प	प्रजा को भय	सर्वग्रहअतिचार	शुभ फल
धूल वर्षे	दुर्भिक्ष पड़े	पहाड़ टूटे	राजा की मृत्यु	मूसल निकले	युद्ध महर्घता
पत्थर वर्षे	अकाल हो	वृक्ष टूटे	राजा का भय	धूम्रकेतु उदय	राजभंग करे
तारे टूटें	जनक्षय	उलटी ऋतु	रोग विशेष	२।३।४ शूलोद	राजनाश
बिजली टूटे	जल सूखे	आदलीकेपगृहो	राजविघ्न	सुवर्ण पंक्ति	राजनाश
दिन अंधेरा	प्रजाक्षय	गहयुद्ध	राजाओंमेंविग्रह	त्रिकोणतारा	प्रजानाश
ग्रहसंयुति	अकाल	सूर्यचंद्रमंद पड़ें	देश क्षय	वनपशुगांव बसे	मनु. शून्य
श्वेतमण्डल	भय हो	कृष्ण मंडल	राज नाश	घर उल्लू बोले	गृह शून्य
पीतमंडल	रोग हो	धूम्र मंडल	बर्फ पत्थर पड़े	जंगली कबूतर	गहस्वा. ना.
नीलमंडल	वर्षा हो	बिना ऋतु फल	अन्न नाश	घर में बसे	
रक्तमंडल	युद्ध हो	सूखीभूमीगीली	बहुत वर्षा	सू. चं. बिम्ब	रोगभय
स्त्री वध हो	दुर्भिक्ष पड़े	विप्रबालक वध	दुर्भिक्ष पड़े	अधिक देख पड़े	राजनाश
देवध्वंस	राजनाश	सर्वनाश	सबवस्तु महंगी	भूमिकम्प	दुर्भिक्ष
ग्रहास्तोदय	भयंकर वर्षा	भौमादिक वक्र	दुर्भिक्ष पड़े	१३ दिन का पक्ष	प्रजानाश

अथ वारपरत्वेन तैलाभ्यंगे फलं-विधिश्च

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	वारा:
तापम्:	सुकान्ति	मृति	श्री:	वित्त हानि	विपत्ति	सुख सुयोग	फलम्
पुष्प	०	मृत्तिका	०	दूर्वा	गोमय	०	पाननम्

तैलाभ्यंगे वर्ज्यानि

रेखी चीथ अलीनाते संक्रांती वैधृतावपि। पाठ्यष्टम्योश्च विष्ट्यां च तैलाभ्यंगो न पर्वसु।

विशेष—यदि प्रतिदिन तेल लगाने का स्वभाव हो तब अथवा उत्सव के दिन व वातरोग में तेल लगाने में दोष नहीं है। अभिमन्त्रित औषधि में पकाया हुआ सरसों का तेल व सुगंधित तेल लगाने से किसी दिन दोष नहीं है।

काक-स्पर्शादी फलम्—मस्तक पर काक स्पर्श धननाश, मरण तथा कलह करता है। कमर, कन्धे पर अशुभ होता है। स्त्री के मस्तक पर काक बैठना पति पुत्र का नाश करता है। वृक्ष के नीचे दही आदि के उत्तम भोजन के कारण काक का स्पर्श दोषकारक नहीं होता, किन्तु अकस्मात् स्पर्श दोष करता है। काकमैथुन देखना छः मास में मृत्यु अथवा मृत्युतुल्य कष्ट वा इष्टकार्य नाश करता है। विशेषकर दक्षिण दिशा में कुयोग के समय इसके दोष को दूर करने के निमित्त उड़द के आटे की काक प्रतिमा मृण्मय पात्र में स्थापना कर उड़द, चावल, घी, मीठा, नैवेद्य देवे, ग्राम से दक्षिण की ओर बाहर चौरास्ते पर गन्ध पुष्प, धूप, चतुर्मुख दीप, दक्षिणादि से पूजन कर मृत्युञ्जय का यथाशक्ति जप करे (या करादे)। घृतच्छाया पात्र दान और पञ्चगव्य से स्नान भी करे, यह विधान के करने से सम्पूर्ण दोष नाश होते हैं।

काकविष्ठा विचार—शिरसि—मृत्यु: वा कष्टम्। स्कन्धयो:-रोग:। भुजयो:—प्रियार्ति:। उदरे-शोक:। गुह्ये-सन्तान-कष्टम्। जंघयो:—बाहुलपीड़ा। पादयो:-प्रवास:।

कौवा उड़ता हुआ या किसी सूखे पेड़ पर बैठा हुआ, या पूर्व की तरफ बैठा हुआ अथवा दक्षिण दिशा की ओर मुंह किये किसी के ऊपर काली बीठ कर देवे तो अशुभ जानो। यदि किसी हरे भरे या फूले फले या पीपल, बड़ आदि श्रेष्ठ पेड़ पर बैठा हुआ सफेद बीठ करदे तो शुभ जानो।

घर में उल्लू आदि—घर में उल्लू गिरे तो स्थान, मान, आयु की हानि हो। जंगली कबूतर घर में बसे-यह भी अशुभ है। शान्त्यर्थं हवन पूजन जप-दान आदि करना चाहिए।

अंकप्रश्न तथा फल वर्णन—प्रश्नकर्ता से एक सौ आठ अंक के भीतर कोई एक अंक मुख से कहलावें या लिखावें। उसमें बारह का भाग देकर पीछे यदि १।६।७ बचे तो देर से कार्यसिद्धि होवे। यदि ४।५।८।१० बचे तो कार्य नाश होवे। ११ बचे तो सिद्धि २ बचने से वृद्धि. ३।९।१२ (०) बचने से शीघ्र सिद्धि होवे यह फल कहे।

अथ स्वप्न-विचार

स्वप्न ७ प्रकार का होता है, प्रथम दृष्ट (दिन में देखे हुए को देखना), द्वितीय श्रुत (सुने हुए को सुनना), तृतीय अनुभूत (जागृतावस्था में परीक्षा की हुई बातों को स्वप्न में देखना), चतुर्थ प्रार्थित (जा तावस्था में इच्छा की हुई बात को देखना), पञ्चम कल्पित

(दिन में कल्पना की हुई वस्तु को देखना), षष्ट भाविक (न देखी न सुनी उससे विलक्षण), सप्तम दोषज (वात, पित्त, कफ के दोष से)। पूर्वोक्त सात प्रकारों में से 'दृष्ट श्रुत, अनुभूत प्रार्थित, कल्पित' ये पांच प्रकार के स्वप्न प्रायः निष्फल होते हैं। छठे भाविक स्वप्न का फल उत्तम मिलता है। सप्तम दोषज का फल रोगी के उत्तम मध्यम देखने में आता है। इतना विशेष है कि—बहुत बड़ा तथा बहुत छोटा स्वप्न निष्फल होता है। शुभ स्वप्न देखकर पुनः स्नानादि से शुद्ध हो देव या गुरु आदि के शुभ स्थान में जाकर किसी पूर्ण दैवज्ञ के सामने फल, पुष्प दक्षिणा रखे. स्वस्थचित्त से स्वप्न का वर्णन करे, शुभाशुभ तथा सामान्य फल का विचार करावे।

शुभस्वप्न—राजा हाथी, गौ, बैल, विप्र, देवता, अनेक बालक, वृद्ध, गुरु, श्वेत-वस्त्र वाली स्त्री, रत्न, इनका दर्शन तथा आशीर्वाद मिलना, महल पर्वत, सिंह, अश्व एवं अन्न की ढेरी पर चढ़ना व दर्शन करना, रक्त से स्नान रथ शय्यादि का ज्वलन; स्व-शिर का छेदन, स्व-रुदन, अपना मरण, वेद-ध्वनि श्रवण, रक्त पीत पुष्प दर्शन, दर्पण, प्राप्ति दही चावल भोजन, जुआ, रण विवाद में अपनी जय, इन्द्रधनुष का देखना, छाछ, अस्थि कपास, नमक, इन चार वस्तुओं को छोड़कर अन्य सर्व श्वेत वस्तु, स्वप्न में देखना धनैश्वर्य की प्राप्ति तथा कष्ट की निवृत्ति करता है। यदि कोई क्लर्क या मुन्शी यह स्वप्न देखे कि उसने दफ्तर के रजिस्टरों या बहियों में गल्तियां की हैं तो उसे उसके मालिक से अच्छा काम करने की शाबाश या तरक्की मिलेगी।

दर्पण में मुख देखें तो प्रेमी से मिलाप हो। यदि स्वप्न में फल-पुष्प सहित वृक्ष पर अथवा श्वेत वृषभ पर चढ़कर जाग जाय अथवा दक्षिण हाथ में श्वेत सर्प काट जाय तो निश्चय शीघ्र विशेष धन मिले। स्वप्न में बिच्छु, या सर्प के जल में पैर पर काटने से रक्त निकल आवे तो विपत्ति दूर होकर सुख हो। श्वेतवस्त्र वाली स्त्री का स्नान करना, हाथों में हथकड़ी पैरों में जंजीर का बन्धन पड़ना, नर या नारी के हाथ से जूता व खड़ाऊ छत्र, तीक्ष्ण तलवार का मिलना, टट्टी में सर्प का दीखना, अपने पैर व भुजा के मांस को खाना, अगर कपूर पान का मिलना, ऐसे स्वप्न दीखे तो लक्ष्मी की प्राप्ति व सुख मिले। मणि आदि पात्रों में भोजन करना, अपने शिर के मांस को खाना राज्यलाभ करता है। गौ का ताजा दूध उसी वक्त पीना, सूर्यमण्डल का दीखना, अपना मरना दीखे तो रोगी पुरुष का रोगनाश और नीरोग पुरुष को लाभ होता है। बगला, मुर्गी, कुञ्ज का दीखना चतुर स्त्री प्राप्ति का सूचक है। स्वप्न में रक्त व मद्य का पीना, विप्र को उत्तम विद्या लाभ, क्षत्रियादि को धन प्राप्ति करता है। मांस, चरबी का खाना, विष्ठा अपने अंग में लगाना, श्वेत चन्दन, श्वेत वस्त्र पुष्प से सुसज्जित अपनी देह व अन्य पुरुष की देह देखना, लाभ करता है। हरी सब्जी व सुन्दर अन्न कोई घर पर दे जाय तो भी लाभ हो। नदी समुद्र में तैरना, तालाब में तैर कर पार जाना, सूर्योदय का देखना कोष्ट-शुद्धि करता है। ऊंचे मन्दिर पर चढ़कर आग लगी देखना या तारों का देखना भाग्योदय करता है। राजा, गौ, ब्राह्मण को प्रसन्न देखना, पर्वत, वृक्ष, बगीचे, हरे सुन्दरफल संयुक्त देखना पिछड़े काम सिद्ध होंगे, ऐसा जानना। घर में किसी की मृत्यु पर सब रो रहे हों तो लक्ष्मी और सुख मिले। बेड़ी पर चढ़कर पार होने से परदेश गमन हो। अगर कोई दुकानदार स्वप्न में देखे कि ग्राहक उसके बिल चुकाए बिना भाग गया है तो उसका समझ लेना चाहिए कि रुपया कहीं से शीघ्र मिलेगा और नये ग्राहक भी बनेंगे, यदि किसी की बहन स्वप्न देखे कि उसके भाई पर भारी विपत्ति पड़ा है और उसकी जान खतरे में है तो यदि वह कुमारी है तो उसका किसी बड़े आदमी के साथ विवाह हो जाएगा और यदि वह विवाहित है तो उसके घर में सब प्रकार से सुख शान्ति रहेगी।

शुभ स्वप्न के बाद सोने से स्वप्न निष्फल हो जाता है अतः सोवे नहीं।

अशुभ स्वप्न—लालवस्त्र पहिनना, सूर्य-चन्द्र का निस्तेज दीखना, तारों का चढ़ना अपने घर में हंस हंस के किसी स्त्री को मंगल गाते देखना, नीम पलास के वृक्ष पर चढ़ना, रुई, कपास, भस्म, तेल, लोहा मिलना या देखना इससे संकट व मृत्यु हो। शरीर में तेल मलना या किसी के द्वारा तेल से स्नान का होना मृत्यु व भारी कष्टों को सूचित करना है। शिर के सारे बालों का या मुख के दांतों का गिरना, द्रव्य या पुत्र का नाश करता है। मरे मनुष्य का अपने स्थान में भोजन करना व किसी वस्तु को मांगकर ले जाना द्रव्य हानि व कष्ट करता है। तैलपक्व गुलगुले तथा तांबे के पैसे मिलना रोग संकट सूचक है। अपनी स्त्री की कमीज को मरी स्त्री ले जावे तो पुत्र कष्ट या मृत्यु हो। हाथ, नाक का काटना, कीच (पंक) में फसना, ऊंट, गधे, भैंस पर चढ़कर तैल मलकर दक्षिण दिशा को जाना और विवाह-गीत मंगल सुनना, अपने घर को किसी के द्वारा गिराते हुए देखना, काले तथा रक्तवस्त्र वाली स्त्री का आलिंगन करना, बन्दर सर्प पर चढ़ना, श्राद्ध आदि पितृकार्यों का करना, भूतप्रेत चांडालों के साथ मिलना, अथवा भूतादि द्वारा पकड़ा जाकर दक्षिण दिशा में जाना इत्यादि स्वप्न मृत्यु कारक होते हैं। नदी में डूबना अथवा नदी के प्रवाह में बह जाना, बिना ऋतु के वर्षा देखना, बाघ, रीछ गीदड़ बिलाव, भैंस, सर्प मक्खी का दर्शन, पर्वत शिखा का तथा बड़ी महल-ध्वजा का गिरते देखना अशुभ कष्ट व चिन्ताकारक है। गौ, हस्ती, देव, विप्र इन के सिवा सब काले रंग की वस्तु देखना अशुभ व चिन्ताकारक है। अगर "विधवा स्त्री" यह स्वप्न देखे कि उससे शादी करने का किसी ने सवाल किया है तो उस पर कोई सख्त बीमारी आवे या मृत्यु होवे। कुत्ता शरीर पर कूदकर दांत से मांस काटे तो शत्रु गुप्तभाव से अनिष्ट करेगा। यदि स्वप्न में कोई कुत्ता प्रेम से आपके साथ खेलता दिखाई दे तो लाभ हो। यदि अपने को कैद में देखे तो दुःख से छूटे। बकरी को चरती देखे तो शुभ दिन नजदीक समझें। तूफान देखे तो दुःख के अन्त की सूचना समझें। घर में आग लगी देखे तो जीवन में कोई विशेष परिवर्तन हो। स्वप्न में बिडाल (बिल्ला) दिखाई दे तो किसी से ठगा जाए। दीपक बहुत टिमटिमाता दिखाई दे तो नीरोग व्यक्ति के लिए रोग की सूचना तथा रोगी व्यक्ति के लिए मृत्यु की सूचना देता है। मुण्डित-केश नर, भिक्षुक तथा सूखी-नदी, सूखा पेड़ आदि का दिखाई देना भी रोग कष्ट एवं मृत्यु सूचक है।

स्वप्न का फल कब मिलेगा

रात्रि के प्रथम प्रहर का एक वर्ष में, द्वितीय का ८ मास में, तृतीय का ३ मास में तथा रात्रि के चतुर्थ प्रहर का एक मास में, अरुणोदय का १० दिन में तथा सूर्योदय से कुछ पहले का स्वप्न तत्काल ही फल देता है। अथवा—रात्रि में जिस समय स्वप्न दिखाई दे, उस समय से जितनी घड़ी रात्रिशेष रहे, उस घटी को चार से गुणा करे, जितनी संख्या हो उतने ही दिनों में स्वप्नफल मिलेगा।

अशुभस्वप्न के दोष की शान्ति

दुष्ट स्वप्न के दोष को दूर करने के निमित्त मृत्युञ्जय का जप, होम, यथाशक्ति स्वर्ण तथा गोदान, अश्वत्थ-पूजन, विष्णुसहस्र नाम, गजेन्द्रमोक्ष व चण्डीपाठ, ब्राह्मण भोजनादि करवाना चाहिए। अशुभ स्वप्नों को देखकर फिर तत्काल सो जाना भी दुःस्वप्न के अनिष्ट फल को दूर करता है।

प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

वृष—माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर के पूर्व हिस्से में सूतिका स्थान, श्वेत-स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया, १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जप और ब्राह्मण भोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ६० वर्ष जीवे।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, सिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राम्ल भोजन किया, दूध कम उतरे, ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें। यदि इन वर्षों से बचे तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसन आदि का चिन्ह, देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों में प्रवेशसमय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना-कल्याणप्रद है।

सिंह—माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलीन सा लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्य नारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्म समय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया। घर के नैऋत कोण में सूतिका-स्थान, ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी, जन्म समय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्द्ध शब्द करके रोया, घर के पश्चिम भाग में सूतिका-स्थान, ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त या दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया, और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान, २।१०।१८।३१।३८।४२।६७ इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर—माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला या जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जल पान किया था। जन्म समय स्त्रियां २, पीछे से १ आई, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ—माता का सिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण या कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ६० वर्ष जीवे।

मीन—माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र सा अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे।

स्मरण रहे, कि अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें-वही बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

सुता जन्म सिंहराशि में, धन-मृग जन्मे बाल। अर्ध-शब्द शिशुकरत भयो भाषत बुद्धि रसाल॥

पितृपरोक्ष ज्ञान—(१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो, इन चार योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जहां राहु शैय्या तहां भय जहां कुज होय। रविस्थान में दीप कही शनी लोह कही सोय?

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान—प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय, तृतीय—ईशान। चतुर्थ—उत्तर। पञ्चम, षष्ठ—वायव्य। सप्तम—पश्चिम। अष्टम, नवम—नैऋत। दशम—दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

प्रसूति-स्थान से पाकशालादि विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और

भूमि से अशुभ (पीड़ा) स्थान जानना चाहिए। दोहा—लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा की द्वार। या लग्नर्ष दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार ॥ केन्द्र (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें जो बली (स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का) केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैर्ऋत।

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्—चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तेल ज्यादा कहना यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तेल कहना, यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तेल कहना। सो० तनुस्थान शशि आई, वा शशि षष्टे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कहि दीपक तैल नहिं। सित शनिदशमें धाम, पंचम तनुर्थ चन्द्रमा, शिशु जन्मे तब याम, दीपक तैल सों युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्—जन्म लग्न के कम अंश हो तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नान्तर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिकाः—यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसारउपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों, तो उसकी गणना करें अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हों और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि स्वनवांश स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीच राशि के अस्त के होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इस में भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रहलग्न के भोग्यांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिका ग्रह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभ-ग्रह हों वहां धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों में विधवा व दुश्चरित्रा कहें।

शय्या—शिर व पाद विचार

लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषड्भान्त्येषु पादाः। लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६ में नैर्ऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशानकोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिस स्थान में पाप ग्रह युक्त हो वहां सूतिका के पलंग का पाया फटा टूटा समझना।

दो०—मीन-मिथुन-सिंह-तुला, मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल ॥

अथ चिह्नज्ञानम्—दोहा षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण ॥ भानु तथा सौरी तनधन कुज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम भावे राह। वाम कर्ण या मस्तके अवश चिह्न दरशाह ॥ सुहृद भाव में कवि तम भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न ॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु. का चौथे मन्द। मृत्यु आवे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।

प्रसवकष्ट दूर—प्रसवकाल में पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनि देकर कटि में बांधे और साथ ही "ओंमुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर माचिर स्वाहा ॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यन्त्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मन्त्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर चलता कर लेवें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०-द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहे शशी जो खीन। कण्टक शुभ जनना बसै, वेगि ताहि यमलीन। बसै चन्द्रा द्वादसैं अष्ट भवन २ पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप ॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव ॥

अथ काणयोगा—तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुत भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय ॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रियाँघर नाथ ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान ॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान ॥

मूकयोगा—पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय ॥ शुक्र त्रिके गुर्लसह अब. दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।

दुःखयोगा—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परे ताको अंग कलेश ॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तन सुख विश्वावीस ॥ पापग्रहयुत लग्नपति परे लग्न में आय। वीर्य्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजनाय ॥

बन्धनयोगा—क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार ॥

सर्पवेष्टितयोगा—यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल जन्मयोगा—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे—शनि मंगल से ५।७।९. स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु-समय-विचार—जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हों, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब कहना। अथवा—जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है, तब मरण कहना। अथवा, वर्ष के भीतर जब जिस योग युक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इस वास्ते आयु का प्रथम विचार कर फिर मृत्यु कहे।

सुखयोगा:—अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह २ परे तो जानो सुख संग॥ जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहू के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सर्व सुखी नर होय॥

क्लीब (नपुंसक) योगा:—दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन ते रिष्फ पट बसे विलब भानु॥

कुष्ठयोगा:—लग्नप बुध कुज शशि युते राहु युक्त या केतु। श्वेत कुष्ठ को योग यह बरणत गुणी सचेतु॥ भौम भास्कर मन्दयुत रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट॥ जलगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंडे कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनु नाथ॥ आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। बमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।

केमद्रुम:—आगे पीछे चन्द्र के जो न परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन हारे सोय॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय॥

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न ब्याहेउ कोय॥ जाके कुज दशमे बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूर युक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहे पति को तजे तमारि॥ छठे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवें भवन में सो पति करै है भंग॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटकं शुभ सो ीन ताको पति जीवित रहे वर्ष दोय वा तीन॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम॥ पाप ग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नाशै कुल दुबो भाषत कविकुल वृन्द॥ सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृगु बसै बुधजन कहत विचारि॥

वैधव्य विषकन्यायोगा:—चौ० रविवार द्वितीया जो होय। श्लेषा ताहि दिन में जोय॥१॥ कृत्तिका होय शनिश्चर वार॥ साते तिथि का करो विचार॥२॥ होय शतभिषा मंगलवार। कहो द्वादशी तिथि निर्धार॥३॥ इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जाने सोय॥४॥ जन्मलग्न है शुभग्रह होय। एक पापग्रह नभ १० में जोय॥५॥ शत्रु क्षेत्र में है ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो॥६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय॥ मन्दवार युत लीजो जोय॥७॥ परे शतभिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार॥८॥ रविवार द्वादशी को होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय॥९॥ ऐसो योग जबी जो परे। तो कन्या को विधवा करे॥१०॥ दो०—सदन में भूमिसुत चन्द्र भवन शनि धाम। सूर्य होत सुत सदन में कन्या विधवा मान॥११॥

वैधव्य विषकन्याभंगयोगा:—जन्मलग्न वा चन्द्र से शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय॥

काकवन्ध्यादियोग:—शे अष्टमे काकवन्ध्या। मन्दार्कविष्टये वन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या॥

स्त्रीणां राजयोगा:—चौपाई-केन्द्रयात नभगा शुभ होई। मरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके। मन प्रसन्न होई है सुत वाके—चन्द्रमा तुंग बसै तनु जाई। लाभ धन गुरु आवे धाई॥ सो तिय होय नृपति की नारी। जन विख्यात होय सुकुमारी॥ जो षट्वर्ग शुद्ध गुरु होई। शशि दृग केन्द्र भवन में होई॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी॥ रानी होय सदन धनधारी॥ दोहा......कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताकों पति नृप शूर॥ लाभ भवन सित चन्द्र औ सौमज सप्तम भौम। सुरगुरु परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचार:—पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत॥

अशुभ प्रसव मास—कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथिनी, श्रावण में गधी वा घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊंटनी, पौष में बकरी, चैत में कुतिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता वा घर वाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे, कि यहां सर्वत्र सौरमास का ग्रहण है, प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृतयुक्त श्वेत सरसों का हवन करे, बच्चा जन्मे तो कार्तिक शान्ति करने से शुभ है।

त्रिखलजन्म फल—यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हों तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्ट होते हैं, कृपणता छोड़कर त्रिखल शांति करे तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (चांदी, सोना, तांबा) दान करे।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हों तो माता-पिता, को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, पड़ोसियों को एवं टेवा बनाने वाले ज्योतिषी को भी भय होता है। ऊपर की प्रथम पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, अतः शान्ति करे। पहिले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवें में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, ७वें में पितृसुख, ८वें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में धनी।

अर्थैकनक्षत्रजनन-फलम्:—वृद्धगर्ग कहते हैं कि यदि भ्राताओं या पिता पुत्र माता या कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्म-कुण्डली से विशेष विचार

लघु-भ्राता का जन्म समय जानना—(१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जो जोड़ें राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।

(२) तृतीयेश तृतीयस्थग्रह तृतीयस्थ राशि की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना—(१) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावे, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(३) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावे—(यथा)—ल० तृ० से०। शेष राशि में से जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृ कष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम इन चारों स्पष्टों को जोड़ कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचरस्थ शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।

(५) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृ कष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना—(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०	घटी
पशु ना	धन ना	धन ला	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य	फलम्

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल	आश्लेषा	ज्येष्ठा	विशाखा
फलम्	(१।२।३च.) श्वसुरहानि	(२।३।४च.) सास नाश	ज्येष्ठ नाश	(४च) देवर नाश

सुतः सुता वा नियतं श्वसुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथा श्लेषाद्यपादजः।

तिथिगण्डान्त—पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म यात्रा विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूल नक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

[illegible] २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करने चाहिए, तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद फल		आश्लेषा पाद फल	
चरण	फल	चरण	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्पे	फलम्	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मन्त्री पदम्	मन्त्री पदम्	विपुल लाभ	अल्प जीव	फल

अथ मूलपुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वो.	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वो	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि. मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.	फलम्

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातः संहरते कुलम्॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत्॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गंडातिगंडे च परिघे यमघण्टके॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्॥

यथा सर्पविषश्चैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तद्वद् गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसृतेन जलेन हि॥ बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृतं स्यान्मांगलं ध्रुवम्॥ विदधायथवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः॥

अभुक्तमूलविचारः—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र आदि की चार घटी विशेष बाधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग करदे या आठ वर्ष, असमर्थ हो तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगंडे दरिद्रोऽपि शान्तिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति वाभुक्तर्क्षे विशेषतः॥

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू० ज्ये० पिता को भय	मू० श्ले० माता को भय	रे० अश्वि० शरीर भय	पशु हानि	फल

अश्विनीजातस्य फलम्—अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्—मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होवे।

ज्येष्ठापाद फलम्—प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठांत्यपादजो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्षे मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्—रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान दूसरे में मन्त्री या मुक्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह-फलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	सिरअंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पतिवान्	ऋणी	धनी गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् ४	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	योगी	शरीरपी	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शूर	तेजयुत	तेजस्वी	कीर्तिमान्	संपत्तिमान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहानि
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदार	हृद्दरिद्री	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	कोपिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्या	सती	ससुखा	वन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्त्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् ४	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्त्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकांतियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	अरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्त्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना-	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोकयुक्ता
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	सलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	कोपिनी	हीनांगी	[illegible]	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढ़ा	दुष्टा	रोगिणी

अथ मातृसुखनाश योगाः—(१) पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र होवे, (३) पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हों, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य होवे और लग्न में मंगल होवे, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो, इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए।

पितृनाश योगाः—(१) सूर्य मंगल दशवें वा नवमे गये हो (२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो, (३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो, इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाश योगाः—भ्रातृ ग्रह को ईश जो भौम संगत्रिक होय।
जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय॥

सन्तानसुख नाशयोगाः—गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा यो जो लखि परे, ताके पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे, त्रिक थान। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोगाः—शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हों तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोगा :—सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राहु संग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।

जारज योगाः—भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशु है परपुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु [illegible] पसार॥

गोचर-ग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

ग्रह.	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य:	स्थानना.	भय	श्री:	मानभग	दैन्य	विजय:	मार्ग:	पीड़ा	सुकृना.	सिद्धि:	धनलाभ	द्रव्यना.
चन्द्र:	अन्नला:	धननाश	सुखं	रोग:	कार्यनाश	धनला.	स्त्रीला.	रोग:	धर्मला.	सौख्य	धनलाभ	धनना.
भौम:	शत्रुभी:	धननाश	धनलाभ	शत्रुभी:	धननाश	धनला.	द्रव्यना.	शत्रुभी.	शत्रुभी.	शोक:	धनलाभ	धनना.
बुध:	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभी.	पशुलाभ	सुखं	स्थानला.	पीड़ा	धनला.	पीड़ा	सौख्य	धनलाभ	धनना.
गुरु:	भयं	धनलाभ	क्लेश	धननाश:	सुखं	शोक:	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र:	शत्रुना.	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी.	शोक;	धनला.	वस्त्रला.	दुःख	धनलाभ	धनला.
शनि:	भयं	धननाश	ऐश्वर्यं	शत्रुभी:	पुत्रनाश:	धनला.	दोष:	पीड़ा	धर्मना.	दौर्मन.	धनलाभ	धनना.
राहु:	हानि:	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक:	श्री:	कलह:	मृत्यु	दुःख	वैर	सुखं	शोक:
केतु:	रोग:	वैर	सुखं	भय	सुखं	धनला.	कलह:	रोग:	पाप	शोक:	कीर्ति:	शत्रुभी.

उपरोक्त गोचर फल जन्म राशि या जन्मलग्न के अंश आदि से लेकर अग्रिम राशिके उतने अंश तक प्रथम भाव एवं द्वादश भावों के अंशों पर कल्पना करने से अधिक मिलता है। केवल राशि से फल में अधिक अन्तर रहता है।

अथ ग्रहाणामेकर्क्षे योगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा के	ग्रहा:
मा. १	दि. २।	मा १॥	मा १	मा १२	मा. १	मा ३०	मा १८	एकार्थयोग
आदौ.	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमय:
दि. ५	घ. ३	दि. ८	दि. ७	मा. १	दि. ७	मा. ६	मा. ६	गंतव्यराशे: प्राक्फलम्

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थं धारणाय मण्य:

सू.	चं.	मं	बु.	गु.	शु.	श.	रा	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवाल:	पन्ना	म पुष्परागा	हीरा	नीलम्	गोमेदम्	रौप्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफल	लोहम्	वैडूर्यम्	लाजवर्त:	लाजवर्त:

पूतनाग्रसित लक्षण एवं शान्ति

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है। तब पूतना की बलि निकालने से बच्चा होता है। जब कभी बच्चा बैठे २ गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि उसे महापूतना ने ग्रसा है। यदि कोई लोभादि के वश में आकर वनदेवता या नगरदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है। यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्रता में ही बालक के साथ सो जावे तो बालभंजा नाम की राक्षसी का दोष होगा। बच्चे को इतर फुलेल और फूल माला पहिना कर बाहर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है। सिर जूंठे मूठे बालक को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है। संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्प रेवती का दोष होता है। कदाचित् बालक खेलता २ गिर जाय अथवा उसे उल्टी हो या हाथ-पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मलमूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है। जो नित्य कर्म संध्या बंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते है जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है। फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शान्ति होती है।

चेष्टा—जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन को उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ग्रहाविष्ट जानना।

उद्वर्तनम्—दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलट्ठी, लसूड़े के पत्ते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे ग्रह रोग दूर होगा।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थं देवालये ज्योतिर्दानं निवासश्च तत्र रात्रौ—ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिव॥ इत्यस्य जपः ततोऽनेनैव मन्त्रेण संदीपदधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्तिः॥

अथ बाल रक्षा विधि (प्रयोगसारे)

यदि दुष्ट दृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाय तो—ॐ वासुदेवो जगन्नाथः पूतनातर्जनो हरिः। रक्षति त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥१॥ कृष्ण! रक्ष शिशुं शङ्ख मधुकैटभ-मर्दनः। प्रातः सङ्गव मध्याह्ने सायाह्ने सुच सन्ध्ययोः ॥२॥ महानिशि सदा रक्ष कंसारिष्ट निषूदनः। यद्गोरजः पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि ॥३॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान्। त्राहि त्राहि हरेनित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम् ॥४॥

इन चार मंत्रों से अभिमन्त्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है ?	मूर्ति निर्माणार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत चन्दन तिलक, श्वेत पुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपूर, लोहबान	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना ।	ओं ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दी वै श्रवणस्तथा । रक्षन्तु त्वरितं बाल मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ।	राई, खस, आक के फूल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्ब-पत्र, गौघृत
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	१० दीपक, १० झण्डी, पुष्प चावलों के आटे के सतिये १०	भात एक सेर आटे के पूड़े मत्स्य व बकरे का मांस, संध्या समय पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखना ।	ओं नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रांह्रां ह्रीं ह्रीं हुं हुं दुष्टाग्रहा गच्छ-न्त्वितः स्थानाद्राशया स्वाहा	
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चन्दन, रक्त पुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १० ।	एक सेर लाल भात, आधे सेर पूर्ण पोली, (सुहाली) पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे ।	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन, गौशृंग, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुष्प और बिल्ली के बाल गौघृत
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुख मंडिका	तिल-चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प श्वेत ध्वजा ५, दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प	भात, सेर आटे के पूड़े आध सेर पूर्ण पोली, साय, पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे ।	सुनन्दना विधानोक्त	
पञ्चम दिन मास वर्ष में, बिडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये ।	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे	ओं भगवती ह्रींह्रीं हुं हुं मुञ्च रक्षा कुरु कुरु बलि गृह्ण गृह्णस्व ठःठः चामुंडे सर्वार चण्डिकेठःठः स्वाहा ।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में, बट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५ ।	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली, ७पूड़ियां, १ प्रहर दिनचढ़े पूर्व में चौरास्ते पर	योगिनी विधानोक्त	कूठ, गुग्गुल, राई, हाथीदांत, घृत ।
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	चावलों का आटा एक सेर	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५ ।	भात, ७ पूड़ियां साय काल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर	बिडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चन्दन ५, रंग की झण्डी५ दीपक ५ ।	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग छाग मांस संध्या में चौरास्ते पर	बिडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में, मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प ५ दीपक, ५ रंग की झण्डी ५ ।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर	ओं नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडल बलिमादाय हन २ हुंफट्स्वाहा	
दशम दिन मास वर्ष में, रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये ।	गुड़ के घी भुने चावल, गौ घृत, सायं, दक्षिण में चौरास्ते पर	ओं नमो भगवते वैश्वदेवाय हन हु फट् स्वाहा	गौशृंग, लहसुन, सांप की कांचली, निम्बपत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई, गौघृत
एकादश दिन मास वर्ष में, सुर्दशना	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ सफेद झण्डी, २५ आटे के सतिये ।	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सायं व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर	ओं नमो भगवते रावणाय चन्द्र हास वज्र हस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ओं ह्रीं फट् स्वाहा	
द्वादश दिन मास वर्ष में, अश्वृता	चावलों का आटा एक सेर	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ सतिये आटे के ।	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियां ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर ।	ओं नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय २ ओं हुं हन २ दुष्टानां ह्रांह्रं स्वाहा	

अथ बाल पूतना विधान—आगे लिखे बाल कष्टावली चक्रोक्त हुए एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्थान-स्पर्श निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा एक ही प्रकार से होता है, बलिदान विधि तीन दिन निरन्तर करें । चौथे दिन पलास, अश्वत्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ, इनके पत्रों को उबाल कर बालक को मन्त्र पाठपूर्वक स्नान कराना तदन्तर कल्याणार्थ यथा शक्ति भिक्षुकों तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान्न भोजन कराना ॥ तदनन्तर ओं द्यौशांतिरन्तरिक्ष ऽऽ इत्यादि शांति मन्त्रों व मार्जन द मन्त्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखा-स्थान-स्पर्श पूर्वक यह मन्त्र पढ़े—ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर ! ग्रहस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥ ओं सर्वमातरः इमं ग्रहं बहरन्तु हुं रादय२ स्फोटय २ स्वाहा । गर्ज २ के २ गृह्ण २ मारय २, हिम २, हवः एवं सिद्धि कुरो आपय स्वाहा ॥ इति रक्षा मन्त्रः ॥

अथ नक्षत्र-कष्टावली

रोग नक्षत्र	रोगशांत्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद् रोग दिनसंख्या १च	२च	३च	४च	रोगशांत्यर्थ जपनीयमन्त्राः	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
अश्विनी	भोजनदानम्	९	११	१	२५	मृत्युञ्जयमन्त्र जपः	घोड़ी के मुख में सात बाँहो धान्य देवे।
भरणी	गो-अन्नादिदान	०	८०	४०	११	यमायत्वेति मन्त्रः	हाथी के मुख में तिल चावल
कृत्तिका	स्वर्णदानम्	९	११	१६	२७	अग्निर्मूर्धेति मन्त्रः	कछुए के मुख में घी दें
रोहिणी	घृतदानम्	३	९	१८	३०	ब्रह्मयेति मन्त्रः	सर्प को दूध दही खिलावे
मृगशिरा	तिलदानम्	९	५	७	१०	इमं देवेति मन्त्रः	खरगोश को दूध पिलावे
आर्द्रा	गोदान	०	१८	०	०	नमस्ते रुद्रेति मन्त्रः	बकरी के मुख में रक्त डालें
पुनर्वसु	पीतलदानम्	७	१४	२	२१	अदितिर्द्यौ रितिमन्त्रः	सूअर को धान्य खिलावे
पुष्य	तैलान्नदानम्	६	७	१०	२१	बृहस्पतेति मन्त्रः	बकरे के मुख में दही डाले
आश्लेषा	गोऽन्नादिदानम्	०	०	४१	०	नमोऽस्तुसर्पेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
मघा	वस्त्राज्यदानम्	१५	७	१७	२०	पितृभ्य इति मन्त्रः	बन्दर को तिल उड़द खिलावे
पू. फा.	भोजनदानम्	०	१५	०	३०	भगप्रणेति मन्त्रः	ऊंट के मुख में शहद दे
उ. फा.	अन्नदानम्	७	१४	७	६०	दध्यावद्धेति मन्त्रः	गाय को शाक खिलावे
हस्त	तैलदानम्	१५	१७	१५	०	उदुत्यंजातवेदेति मन्त्रः	भैंसे को कमल के फूल खिलावे
चित्रा	दुग्धदानम्	११	९	९	१६	त्वष्टा तुरीगति मन्त्रः	बाघ के लिए तगर व धतूरे के फूल वन में रखे
स्वाती	गोघृतदानम्	६०	१७	३०	०	वायोरग्नेति मन्त्रः	भैंसे को गुड़ चावल खिलावे
विशाखा	गोस्वर्णदानम्	१५	०	४	१३	इंद्राग्नी इति मन्त्रः	बाघ के मुख में गुड़ भात की बलि दे
अनुराधा	गोघृतदानम्.	६०	१२	३६	३०	नमोमित्रेति मन्त्रः	बकरे को कुलथी सहित भात गुड़ दे
ज्येष्ठा	तिलदानम्	६९	९	६	४	त्रातारमिन्द्रमितिमन्त्रः	बन्दरों को गुड़ तिल डाले
मूल	रौप्यपात्रदा	०	९	१५	६	मातापुत्रेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
पू. षा.	गोमुक्तादानम्	०	१५	२४	१०	आपो धर्मेति मन्त्रः	कछुए के मुख में नागरमोते की बलि दे
उ. षा.	भोजनदानम्	३०	२४	२६	१६	विश्वेदेवेति मन्त्रः	गौ को धान्य डाले
श्रवण	श्रीफलदानम्	६०	२४	६	९	विष्णोरर रा. मन्त्रः	भैंसे के मुख में रक्त मीठा की बलि दे
धनिष्ठा	अश्वान्नदानम्	१५	४	२०	२१	वसोःपवित्रेति मन्त्रः	मनुष्य के मुख में दही अन्न की बलि दे
शतभिषा	भोजनान्नदानम्	४	४५	३	२२	वरुणस्तम्भेति मन्त्रः	गौ को चावल खिलावे
पू. भा.	भोजनदानम्	०	१२	२१	१९	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	कौए के मुख में फल की बलि दे
उ. भा.	अन्नदानम्	१०	३	९	१५	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	गाय को चावल खिलावे
रेवती	फल दा. कन्यापू.	१८	१०	९	२०	पूषन्तवेति मन्त्रः	हाथी के मुख में पूरी-पूओं की बलि दे

जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है उसे यहां कष्टावली में 'रोग नक्षत्र' का नाम दिया है। रोग नक्षत्र को जानकर इन कोष्ठकों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्यर्थ बलिदान'—वाले कालम में घोड़ी हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की वैसी ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलीद्रव्य देकर धूप-दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें—ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

ज्वालामुखी योग

तिथि	१	५	८	९	१०
नक्षत्र	मूल	भ.	कृ.	रो.	श्लेषा

जन्मै सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गये गए ना बहुरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना—(१) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़े। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब सन्तान उत्पन्न होती है।

(२) च० ल० गु० इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवमस्थानेश को दशान्तर्दशा में सन्तानोत्पत्ति होती है।

विवाह स्त्रीसुख होने का समय जानना—(१) जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है।

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर व गुरु चन्द्र होते हैं तब विवाह होता है।

(४) सा० चं० सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना—(१) गुलिक स्पष्ट से सूर्य-स्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो तो उस की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट—

इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मन्त्र पृथक् पृथक् लिखा है वह न कर सके तो महामृत्युञ्जय ही करे। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है उस चरणानुसार कष्ट दिन जाने, शून्य से विशेष भय जाने, दान जप करे।

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(१) रोग के शुरु दिन में जन्मराशि नक्षत्र लग्न में वा राशि व लग्न से आठवें चन्द्र वा यमघंट कुयोग हो।

(२) सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३) सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११) हो।

(५) बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा (२।७।१२) आश्ले. हो।

(६) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (३।८।१३) व मघा हस्त हो।

(७) शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा श्रवण या रिक्ता ४।९।१४ आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पू.षा. या हस्त व पू.भा. या पूर्णा (५।१०।१५) व भरणी हो।

(९) सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।९।१२।१४।३० तिथि, भरणी कृत्ति. आर्द्रा आश्ले. पूर्वा ३ विशा. ज्ये. धनि. शत. नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परन्तु जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना। क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं हां, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुला दान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है।

अथ रोगत्रिनाड़ीचक्रम्

आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल.	श्रवण	पू.भा.	अश्वि	रो	मध्या
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा	पूषा	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	मृ.	अन्त्या

सूर्य नक्षत्र दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र 'रोगत्रिनाड़ीचक्र' में एक ही नाड़ी पर हो तो असाध्य रोगी का मरण होता है, मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसंदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोगत्रिनाड़ीचक्र यात्रा तथा रण के समय भी वर्जित करना।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३ संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०—१८वां, नक्षत्र दंष्ट्रा (दादढ़ा) होती है। काल के मुख दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की मृत्यु पर्यन्त हालत होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह-युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

तिथिकष्टावली यन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदि	बलि	दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्यबलि	घृतदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि	भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि	मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि	दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्रदान
७	सूर्य	८	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	पिण्ठान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि	श्वेतवस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि	क्षौद्रशाकभो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि	रौप्यदान
३०	पितर	१८	पूपकान्नबलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली यन्त्रम्

वा.	वारेश	क. दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि सूर्यदान
च.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि बुधदान
वृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधु बलि शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान

कालांग चक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अङ्ग विशेष में पीड़ा कष्ट घाव फोड़ा आदि चर्मविकार किंवा वायु—विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो दैवज्ञ तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगाकर निम्नलिखित कालांग चक्र में दिए भावों के अनुसार उस 'पीड़ित-भाव' को देखे। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की सम्भावना है। शान्ति के लिए उस ग्रह की शान्ति करावे। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभ ग्रह दृष्ट हो तो रोग (कष्ट) शीघ्र निवृत्त हो जाएगा।

कालांक चक्र

भाव→	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अङ्ग→	सिर	मुख	भुजाएँ	हृदय	उदर	कटिभाग	बस्ति (मूत्राशय)	लिङ्ग गुदा	जंघाएँ	घुटने	पिण्डलियां	पाद-युगल

कुछ दैवज्ञ यहां भावों की जगह मेषादि राशियों की कल्पना करके इसी तरह से विचार करते हैं।

बाल-रक्षार्थ धूप

राई, लाख, नीम के पत्ते, बांस का छिलका, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल अगर, गाय का घी, इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं। धूप देते समय "खूं खुर्दनं खं हुं फट् स्वाहा"—इस मन्त्र का उच्चारण करे।

ग्रहगोचरादौ कष्टार्थग्रहकृतानिष्ट-फल-शमनार्थं प्रत्येक-ग्रह -दान-पदार्थाः												जप संख्या	जपनीय-मंत्राः	दानसमय	हवन-समिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग रक्तगौ	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कपूर श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरीरक्तबैल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. २शेषदिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथीदांत	कपूर शस्त्र	फल	१६०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५शेषदिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक घोड़ा	पीतफल	१६०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उदड़	कुलथी	तैल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्न	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल घोड़ा	शप्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नम	रात्री	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तैल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्री	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कपूर	मसरी श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्थेशवत्	मुन्थेशमन्त्रः	मुन्थेशकाले	

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति को कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्य पूर्वक करने से अशुभ फल निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि—सूर्य का व्रत रविवार को करे। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्ष पर्यन्त तीस या कम से कम १२ व्रत करे। उस रोज केवल गेहूं की रोटी घी लाल खाण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डाल कर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिलकुल न खावें। भोजन से पूर्व हो सके ता लाल वस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोक्त बीज-मन्त्र की पांच माला जप करे। तन्दनतर सूर्य को गन्धाक्षत रक्त पुष्प-दूर्वायुक्त आर्घ प्रदान करे। अपने मस्तक में लाल चन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण भोजन करावे। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परणित हो जावेगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्र रोग, चर्म रोग एव अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्य शान्ति का सरल उपचार :—लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग जैसे चादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार केव्रत की विधि—चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्र-लिखित बीज-मन्त्र को ११ माला या ३ माला जप करे। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करे। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही—चावल, घी-खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावे। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष कार्य सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्र शान्ति का सरल उपचार :—सफेद जुराब, रूमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दही का उपयोग, चांदी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिए। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करे। नमक सेवन न करे, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करे और स्वयं भी खावें। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलावें। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति—सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करे। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावे।

मंगल शान्ति का सरल उपचार :—लाल रंग की वस्तुओं का उपयोग रात को लाल वस्त्र पहनें, तांबे के बर्तन, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठे) से प्रारम्भ करें। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खाण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करे। फिर तीन तुलसीदल, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावे। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन पूर्णाहुति करके अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या-धन-लाभ, व्यापार से तरक्की तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रह जन्म नेष्ट फल से मुक्ति मिलती है।

बुध शान्ति का सरल उपचार :—हरा रंग, हरे वस्त्र तथा शृंगार की अन्य वस्तुएं हरा रूमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरुवार व्रत करें। उस दिन पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करें। पीत पुष्पों से पूजन-अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की बनी घी-खाण्ड से बनी मिठाई लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खावें और यही दान करे। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू भोजन करावे। स्वर्ण पीत-वस्त्र चने की दान आदि का दान करे। यह व्रत-विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता तथा यश-वृद्धि कर है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पति शान्ति का सरल उपचार :—पीले वस्त्र रूमाल आदि पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

शुक्र के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ होता है। ३१ या २१ व्रत करे। श्वेत वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की ३ या २१ माला जपें। भोजन में चावल, खाण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करे। यही पदार्थ यथाशक्ति संभव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, हवन पूर्णाहुति के बाद खीर-खण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मण बटुकों को खिलावे। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करे। इस व्रत से स्त्री सुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्र शान्ति का सरल उपचार :-सफेद वस्त्र, सफेद रूमाल आदि सफेद फूल, गाय को हरा घास या पेड़ा देना, शिव पूजन।

शनि के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार से आरम्भ करे : व्रत ५१ या १९ करने चाहिए। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की १९ या तीन माला का जप करे। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग) गङ्गाजल तथा शक्कर थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुह करके पीपल-वृक्ष की जड़ में डाल दे। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पञ्जीरी कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दे तथा तैलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करे। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उड़द तथा देसी जूता, तेल लगाकर दान करे। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक हैरानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह-मशीनरी कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनि शान्ति का सरल उपचार :—घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रूमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहु केतु के व्रत की विधि—शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से यह व्रत शुरु करना चाहिए। यह व्रत १८ करे। काला वस्त्र धारण करके १८ या ३ बीजमन्त्र की माला जपे। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर पीपल की जड़ में डाले। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करे और यही दान में भी दे। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दे। इस व्रत से शत्रुभय दूर तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहु, केतु शान्ति का सरल उपचार :-नीला रूमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पेन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्यर्थं स्नान-विधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्।
तथा स्नान-विधानेन ग्रह-दोषः प्रणश्यति ॥

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी-कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारु, मुलेठी, लाल फूल, केसर, गर्म पानी में उबाल कर स्नान करे। सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत, चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल ये सब उबाल कर बुध के दिन गोबर, मधु, चावल, विधारा उबाल कर, गुरु के दिन भारंगी, मुलेठी श्वेत सरसों, मालती पुष्प उबाल कर, शुक्र के दिन इलायची, मजीठ तथा शनि के दिन काले तिल, सौंफ, सुरमा, अमलबेत, सफेद बिनौला उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही राहु केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारु, सरसों तथा लोहबान उबाल कर स्नान करे, तो ग्रह शान्ति होती है।

नोट—स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो तो जो वस्तु मिले, उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्तये सामान्यमौषधि स्नानम्

लाजवन्ती (छुई-मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि लोध इन औषधियों के जल एवं से सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है। गुरु, वचन, देवता ब्राह्मणों की वेदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः) ॥

शनिविचार—अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्—कल्याणी प्रददाति वा रविसुतो राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः बन्धु-विरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं वैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्नि भयं लोहं शस्त्रभयं सदैवासुखं कुर्यादसौ सर्वदा ॥१॥ अथ बृहत्-कल्याणी (साढेसाती) फलम्...राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीये (२) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत् ॥ हानिः स्यान्मरणं विदेश-गमनं सौख्यं च साधारणम्, रामाऋद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा ॥२॥

सप्तधान्य—उड़द १. मूंगी २. गेहूं ३. चने ४.जौ ५. धान्य (तंदुल) ६. कंगनी ७. अष्टगंध—अंगर, कस्तूरी, कुकुम कपूंर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन देवदारु।

अष्टगंध धूप—अगर, छरीला, जटामासी, कपूंर-कचरी, गुग्गुल, देवदारु गोघृत सफेद चन्दन।

नक्षत्र-राशिज्ञान चक्र

राशिज्ञाने विशेष:—
नक्षत्र वा राशि में श और स में, ब और व में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोग बाक्षरे 'नाम्नि ग्राह्य तत्रादिमाक्षरम्)

राशय:	मेष			वृष			मिथुन			कर्क		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा
प्रथमचरण	चू	ली	अ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हु	डी
द्वितीय च०	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू
तृतीय च०	चो	ले	०	उ	वी	०	का	ङ	ह	०	हो	डे
चतुर्थ च०	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०	हि	डा	डा

राशय:	सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	मा	मो	टे	०	पू	पे	०	रू	ती	०	ना	नो		भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गी	से	०	दू	दे
द्वितीय च०	मी	टा	०	टो	ष	पो	०	रे	तू	०	नी	य		ध	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय च०	मू	टी	०	पा	ण	०	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च०	मे	टू	०	पी	ठ	०	री	ता	०	तो	ने	यू	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू.	०	दी	ञ	चि

ध्यान दें,—नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण इन अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा तो ङ की जगह घ, ञ की जगह दु तथा ण की जगह पू से नाम प्रारम्भ करें। ऐसा करने से नक्षत्र भेद नहीं होता।

॥१॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्चन। ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥२॥ प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शब्दितः। तस्य नामाद्यवर्गो या मात्रा स स्वर एव हि ॥३॥ अथ जन्मराशि-नामराश्यो : प्रधानता निर्णीयते—विवाहे सर्व मांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत् ॥४॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥५॥ काकिण्यां वर्ग शुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता ॥६॥ कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥७॥ विवाह घटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम्। नामभाक्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥८॥

अभिजित्-निर्णय—वैश्वप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥ उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करो। उसको अभिजित् का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण १-१ चरण मानो। इस प्रकार को प्रायः सामान्य गणक नहीं जानते, एतदर्थ यहां लिखा गया है।

राशि ज्ञानम्—चूल अ मेषः, इ वो वृषः, क घ ङ छ ह मिथुनम् ॥
हीडो कर्कः, माटे सिंहः, टो प ण ठ पो कन्या ॥
राते तुला तो ना यू वृश्चिक ये धफढभे धनुः।
भोजा खागी मकरः गूसद कुम्भः दीथझञची मीनः ॥

उपरोक्त राशि-ज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर लिया है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह भी ले लिया गया है। जैसे—मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रह होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा चरण) अश्विनी का और चतुर्थ चरण भरणी का ग्रहण हुआ और उसे कृत्तिका के प्रथम चरण इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

टिप्पणी—(१) जओर्जः यथा ज्ञानचन्द्रस्य मकर-राशिः। कष-संयोगे क्षः, यथा क्षेमचन्द्रस्य मिथुनराशिः। एवं ज्ञानारामस्य कुम्भराशि। (२) गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं ततः। जातकर्माभिधेयं च निष्क्रम-प्राशने क्रमात्। चूडोपनयनं वेदव्रतानां च चतुष्टयम्। गोदान-मेखलोन्मोक्षौ विवाहः षोडशी क्रिया ॥

नोट—चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने से फलितज्ञ को काफी सुभीता रहती है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्म के समय चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र जान लेता है तथा फलित-शास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भू-स्थित-वनपति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वार भाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक (Tide Factor) सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक-धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर-जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्म-पत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की परिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन-फलितवेत्ता जन्म-पत्र की अंग्रेजी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है। चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित-शास्त्रियों ने जन्म-कालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्म राशि के नाम से कहा है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसी का महत्त्व है।

शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या एवं गुरु-राहु का गोचरफल विचार

जन्म कुण्डली में शनैश्चर का शुभग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अन्तर शुभ चल रहा हो, तो ढैय्या और साढ़ेसाती का अशुभफल कम होता है। यदि चन्द्र-शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढ़ेसाती व ढैय्या महान् अशुभ, चिन्ता, अवनति, धन हानि, झगड़ा, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशु-पीड़ा आदि का कारण बनती है। यदि जन्म कुण्डली में शनि अष्टमेश या मारकेश भी हो तो ढैय्या-साढ़ेसाती विशेष अनिष्ट फलप्रद होती है। यदि जन्म में लग्नेश पंचमेश, नवमेश होकर ३।६।११वें स्थित हो तो सुख-सम्पत्ति मिलती है, व्यापारादि में लाभ होता है। शनि अष्टवर्ग में अधिक रेखाएं हों तो शुभ, कम रेखाएं हों तो अशुभ फल निश्चित देता है। शान्त्यर्थ शनिवार के दिन सतनाजा को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए, या शनिवार को तेल में मुख देखकर उसमें मिष्टान्न, गुलगुले आदि बनाकर गरीबों को, भैंसे या कुत्ते को दें, या बन्दरों को गुड़-चने डालते रहें। अष्टगंध से शुभ-मुहूर्त में बना हुआ शनियन्त्र धारण करना विशेष शान्तिप्रद है।

साढ़ेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का अशुभ फल इस प्रकार है

मेष राशि वालों को बीच के अढ़ाई वर्ष खराब हैं। वृष को पहले अढ़ाई वर्ष खराब हैं। मिथुन को अन्त के अढ़ाई वर्ष खराब हैं। कर्क को बीच के अढ़ाई वर्ष खराब हैं। सिंह को पहले ५ वर्ष, उसमें भी मध्य के अढ़ाई वर्ष विशेष खराब हैं। कन्या को पहले ५ वर्ष, उसमें भी मध्य के अढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। तुला को आखिर के अढ़ाई वर्ष खराब हैं। वृश्चिक को अन्तिम ५ वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी बीच के अढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। धनु को प्रारम्भ के अढ़ाई वर्ष खराब हैं। मकर को पहले ५ वर्ष, उसमें भी पहले अढ़ाई वर्ष विशेष खराब हैं। कुम्भ को आदि-अन्त के अढ़ाई-अढ़ाई वर्ष, विशेषतया अन्त के अढ़ाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। मीन को पूरे साढ़े सात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के अढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ फल वाले होते हैं। २१ दिसं. १९८४ ई. को वृश्चिकस्थ चन्द्र के समय शनि वृश्चिक राशि में प्रविष्ट होता है तत्पश्चात् १ जून सन् १९८५ ई. को शनि वक्री होकर तुलास्थ चन्द्र के समय तुला राशि में प्रविष्ट होगा। पुनः १६ सितं. १९८५ ई. को कन्या के चन्द्र के समय शनि वृश्चिक राशि में आ जाता है।

वर्षारम्भ से ३१ मई १९८५ ई. तक वृश्चिक राशिस्थ शनि का शुभाशुभ फल

सिंह—(ढैय्या), लोहे के पाए, कष्टप्रद हैं, रोगभय, क्लेश, राजभय रहे।
तुला—(साढ़ेसाती), चांदी के पाए, शुभ हैं, प्रभाव बढ़े, लाभ, सफलता मिले।
वृश्चिक—(साढ़ेसाती), सोने के पाए, हानिप्रद हैं। कुटुम्ब कष्ट, रोग, धन हानि हो।
धनु—(साढ़ेसाती), लोहे के पाए कष्टप्रद हैं। रोग, व्यर्थ के झंझट, राजभय रहे।
मेष—(ढैय्या), लोहे के पाए कष्टप्रद हैं। कष्ट, रोगभय, कुटुम्ब कलेश, धन हानि हो।

१ जून से १५ सितं. १९८५ तक तुलास्थ शनि का फल

कर्क—(ढैय्या), लोहे के पाए, शरीर पीड़ा, रक्त विकार, स्त्री-पुत्र कष्ट, व्यापार हानि, राजभय आदि से नेष्ट है।

कन्या—(साढ़ेसाती), चांदी के पाए, प्रभाव बढ़े, व्यापार में लाभ, मंगलकार्य, राज्य पक्ष शुभ रहेगा।

तुला—(साढ़ेसाती), सुवर्णपाद, रोगभय, स्त्री पक्ष नेष्ट, क्लेष, धन हानि आदि फल मिलेगा।

वृश्चिक—(साढ़ेसाती), लौहपाद, चर्म रोग, शारीरिक कष्ट, प्रिय वियोग, राजभय से नेष्ट हैं।

मीन—(ढैय्या), लौहपाद, कष्ट, राजभय, रक्त विकार, स्त्री-पुत्र पशु पीड़ा से नेष्ट हैं।

१६ सितम्बर से वर्षान्त तक वृश्चिकस्थ शनि का फल

सिंह—(ढैय्या), चांदी के पाए, प्रभाव बढ़ेगा, लाभ एवं सफलता आदि शुभ फल रहे।
तुला—(साढ़ेसाती), लौहपाद, रोग भय, क्लेश, राज्यपक्ष से भय आदि अशुभफल हो।
वृश्चिक—(साढ़ेसाती), सुवर्णपाद, रोग, क्लेश, स्त्री पक्ष से कष्ट, धन हानि से नेष्ट हैं।
धनु—(साढ़ेसाती), ताम्रपाद, अच्छा लाभ, स्त्री-पुत्र सुख, प्रभाव क्षेत्र बढ़े।
मेष—(ढैय्या), सुवर्ण पाद, रोग, राजभय, क्लेश, धन आदि से नेष्ट है।

गोचरस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

१० जनवरी सन् १९८५ ई. से गुरु मकर राशि में चल रहा है तथा २५ जनवरी १९८६ ई. को यह कुम्भ राशि मे आकर संवतान्त तक कुम्भ में ही रहेगा।

मकरस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ

कुम्भ राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ

गुरु का विशेष फल :—गुरु जब तक जिस राशि को शुभ फलप्रद होता है तब तक उस राशि वालों को विद्या व सन्तति की ओर से सुख, मित्र बन्धु मिलाप, मान वृद्धि, खुशी, धनलाभ व शुभ यात्रादि अच्छे फल प्रदान करता है, और जिन राशि वालों को अशुभ फलप्रद होता है, उन्हें धन-मान-हानि व सन्तति की ओर से चिन्ता, वृथा यात्रा, शारीरिक कष्ट, बड़ों से वैमनस्य आदि अशुभ फलप्रद होता है।

शान्त्यर्थ गुरुवार का व्रत करें, जप-दान करें, चिड़िया आदि पक्षियों को हल्दी से पीले किए हुए चावल डालें। गुरुशान्तियन्त्र धारण करें।

राहु का शुभाशुभ फल

२९ जनवरी सन् १९८५ ई. से राहु मेष में चल रहा है। वि. स. २०४२ के अन्त तक राहु मेष राशि में ही चलेगा। मेष राशि के राहु का शुभाशुभ फल—

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
अशुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	मध्यम	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ	अशुभ

राहु का विशेष फल :—राहु जब जिस राशि को शुभ फलप्रद होता है तब तक उस राशि वाले व्यक्ति को प्रिय मिलन, द्रव्यलाभ, स्वास्थ्यसुख, घर में सन्तोष, कुटुम्ब में वृद्धि आदि शुभफल देता है। जिन राशि वालों को मध्यम होता है, उन्हें यदाकदा किंचित् शत्रुभय, कुछ हानि, लाभ कम, वृथा कलह, द्रव्यचिन्ता आदि फल देता है और जिन राशि वालों का अशुभ होता है, उन्हें अकस्मात् हानि, चोर-रोगभय, खर्च आधिक, मित्र-बन्धु-वियोग, गृह-कलह, अशुभ विचारों की ओर मन की दौड़ इत्यादि फल देता है।

शान्त्यर्थ प्रत्येक मास के पहले बुधवार की रात को तैलपक्व भोज्य गरीबों को दें, या कुत्तों को डालें, दुर्गापाठ करें। राहुशान्ति यन्त्र धारण करें।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं० २०४२ वि०)

	वैशाख (१३ अप्रैल से १३ मई तक)	ज्येष्ठ (१४ मई से १३ जून तक)	आषाढ़ (१४ जून से १५ जुलाई तक)
मेष	सेहत ठीक, उत्साह बढ़े, शत्रु भय, सन्तति से सुख, स्त्री चिन्ता, कारोबार ठीक, आय से व्यय अधिक। अप्रै. १७, १८, २७, २८, मई ५, ६ अशुभ।	उदर विकार, कारोबार ढीला, व्यय विशेष, कारोबार पूर्ववत्, शिर-नेत्र कष्ट, राहुदान से लाभ। मई १४, १५, २४, २५, जून १, २, १०, ११, १२ अशुभ।	कुटुम्ब क्लेश, स्त्री कष्ट, कार्यान्तिर से लाभ, मन चंचल, कारोबार में रुकावट, शरीर में वायु विकार। जून २०, २१, २९, ३०, जुला. ८, ९ अशुभ।
वृष	मन खिन्न, निजीजनों से मदद, विद्या में सफलता, भाग्य साथ देगा, नेत्र व शिर पीड़ा, शुभ में व्यय होगा। अप्रै. १९, २०, २१, २९, ३०, मई ७, ८ अशुभ।	रक्त-पित्त विकार, कष्टप्रद यात्रा, वृथा विवाद से बचें, घरेलू झंझट, इज्जत बनी रहेगी, शनि-मंगल का दान करें। मई-१६, १७, १८, २६, २७, जून ३, ४, ५, १३ अशुभ।	स्वतन्त्र कारोबार में हानि, शिर व नेत्र कष्ट, निजी कारोबार ढीला, विद्या में परिश्रम के अनुरूप सफलता न मिले। जून १४, २२, २३, २४, जुला. १, २, १० ११, १२ अशुभ।
मिथुन	वृथा विवाद से सावधान, प्रिय वियोग, बने हुए काम में रुकावट, रोगभय, कारोबार में लाभ रहे। अप्रै. १३, २२, २३, मई १, २, ९, १० अशुभ।	निजीजनों से मनमुटाव, सन्तान हेतु विशेष व्यय, स्त्री सुख, गुप्तचिन्ता, भाग्य साथ देगा, आय का साधन बने, खर्च विशेष। मई १९, २०, २८, २९, जून ६, ७ अशुभ।	कष्टप्रद यात्रा, जगह तबदीली का विचार, राज्य पक्ष अशुभ, नई योजना हानिप्रद, धन हानि भय, सन्तान से चिन्ता। जून १५, १६, १७, २५, २६, जुला. ३, ४, १३,१४ अशुभ।
कर्क	लाभ अच्छा, सुखद समाचार, सम्पत्ति विवाद, सन्तति पक्ष से चिन्ता, व्यापार व कारोबार में तरक्की। अप्रै. १४, १५, १६, २४, २५, २६, मई ३, ४, ११, १२, १३ अशुभ।	आमदन से खर्च अधिक, मित्रों से अनबन, विद्यार्थियों के लिए समय उलझनपूर्ण, भाग्य साथ देगा, चिड़ियों को चावल डालें। मई २१, २२, २३, ३०, ३१, जून ८, ९ अशुभ।	बन्धुवर्ग से असन्तोष, उद्योग से लाभ कम, विवाद भय, पशु हानि, शरीर में वायु विकार, इज्जत बनी रहेगी। जून १८, १९, २७, २८, जुला. ५, ६, ७ अशुभ।
सिंह	उत्साह बढ़े, मित्र-बन्धु से अनबन, गुप्त चिन्ता, अचानक खर्च, लाभ भी हो, इज्जत बनी रहे, गुप्त शत्रु से सावधान। अप्रै. १७, १८, २७, २८, मई ५, ६ अशुभ।	रक्तपित्त विकार, जमीन जायदाद सम्बन्धी विवाद, विरोधी हतप्रभ, लाभ होकर हाथ न लगे। कारोबार में बाधाएं। मई १४, १५, २४, २५, जून १, २, १०, ११, १२ अशुभ।	उत्साह बना रहे, निजी जनों से विवाद, कारोबार पूर्ववत्, कोष में कमी, विरोधी पक्ष प्रबल, परिश्रम के अनुरूप लाभ न हो। जून २०, २१, २९, ३०, जुला. ८, ९ अशुभ।
कन्या	विरोधी प्रबल, उत्साह बना रहे, विद्या-बुद्धि अच्छे, नई योजना, स्त्री सुख, क्रोध बढ़े, विरोधी हतप्रभ हों। अप्रै. १९, २०, २१, २९, ३०, मई ७, ८ अशुभ।	सफल योजना, सन्तति पक्ष शुभ, बन्धुजन वैमनस्य, व्यर्थ खर्च, मन प्रसन्न रहे, राहुदान से शुभ। मई १६ १७, १८, २६, २७, जून ३, ४, ५, १३ अशुभ।	शिर व नेत्र कष्ट, सन्तान से असन्तोष, चोट भय, कारोबार कमजोर, दुर्गापाठ से श्रेय होगा। जून १४, २२, २३, २४, जुला. १, २, १०, ११, १२ अशुभ।
तुला	उदर विकार, कोष में कमी, मित्र-बन्धु से मेल हो, विरोधी पक्ष प्रबल, क्रोधी प्रकृति, मंगलदान से लाभ। कारोबार ठीक। अप्रै. १३, २२, २३, मई १, २, ९, १० अशुभ।	आर्थिक स्थिति चिन्ताजनक, गुप्त चिन्ता, मित्रों से सहयोग, स्त्रीकष्ट, निजी सेहत का ध्यान रखें। मई १९, २०, २८, २९, जून ६, ७ अशुभ।	गुप्त शत्रु से सावधान, शनि-केतु कष्टप्रद, प्रत्येक कार्य में विवेक से काम लें हानिभय है, यात्रा में कष्ट, गुप्तचिन्ता। जून १५, १६, १७, २५, २६, जुला. ३, ४, १३, १४ अशुभ।
वृश्चिक	सेहत बिगड़े, राजभय, निजीजन से मदद, शत्रु हतप्रभ हो, सन्तति सुख, वृथा व्यय, शनिदान से सुख। अप्रै. १४, १५, १६, २४, २५, २६, मई ३, ४, ११, १२, १३ अशुभ।	चोरभय, क्रोधी प्रकृति, हाथ तंग, झगड़े से बचें हानिभय है, लाल-काली चीज का दान शुभ, मन अशान्त, शिव पूजन से कल्याण। मई २१, २२, २३, ३०, ३१, जून ८, ९ अशुभ।	निजीजनों से मेल, पैर में चोट भय, रक्त-पित्त विकार, कारोबार ढीला, शनि-बुध को तेलदान से शुभ। जून १८, १९, २७, २८, जुला. ५, ६, ७ अशुभ।
धनु	लाभ व्यय बराबर, सत्पुरुष से मेल, सन्तान के लिए व्यय, मासान्त में वृथा व्यय, लाभप्रद योजना बने। अप्रै. १७, १८, २७, २८, मई ५, ६ अशुभ।	अच्छा धनलाभ, रोगभय, यात्रा कष्टप्रद, नेत्र-शिर कष्ट, पीले चावल पक्षियों को डालें, कारोबार कुछ ठीक। मई १४, १५, २४, २५, जून १, २, १०, ११, १२ अशुभ।	लाभ होकर हाथ न लगे, शुभ कार्य की चिन्ता, स्त्री कष्ट, कारोबार सम्बन्धी कोई विवाद खड़ा होगा, सूर्य-मं. दान करें। जून २०, २१, २९, ३०, जुला. ८, ९, अशुभ।
मकर	कष्टभय, सुख-धन लाभ, निजी लोगों से मनमुटाव, मानसिक सन्तोष, कारोबार में अचानक हानिभय। अप्रै. १९, २०, २१, २९, ३०, मई ७, ८ अशुभ।	मन अशांत, अर्थ लाभ होकर हानि हो, कारोबार में रुकावट, कार्यान्तिर की असफल योजना, शिव पूजन से कल्याण। मई १६, १७, १८, २६, २७, जून ३, ४, ५, १३ अशुभ।	अरिष्टभय, अचानक यात्रा, शत्रु पक्ष हतप्रभ, कार्यान्तिर, से लाभ, शिव पूजन एवं वृहस्पति के दान से कल्याण हो। जून १४, २२, २३, २४, जुला. १, २, १०; ११, १२ अशुभ।
कुंभ	अच्छा लाभ हो, पराक्रम बढ़े, स्थानान्तर व कार्यान्तिर का विचार, मासान्त में हानिभय, सेहत बिगड़े। अप्रै. १३, २२, २३, मई १, २, ९, १० अशुभ।	सेहत ठीक, लाभ अच्छा हो, विरोधी हतप्रभ, सम्पत्ति-विवाद, कारोबार में हानि भय, चावल पक्षियों को डालें। मई १९, २०, २८, २९, जून ६, ७ अशुभ।	मासारंभ लाभप्रद, विरोधी पक्ष से सावधान, कारोबार कमजोर, प्रिय कष्ट, असफल योजना, पढ़ाई में मन न लगे। जून १५, १६, १७, २५, २६, जुला. ३, ४, १३, १४ अशुभ।
मीन	इज्जत बढ़े, सुखलाभ, राजपक्ष से भय, अर्थ लाभ-व्यय विशेष, कारोबार कुछ कमजोर। अप्रै. १४, १५, १६, २४, २५, २६, मई ३, ४, ११, १२, १३ अशुभ।	विरोधी पक्ष कमजोर, आत्मबल प्रबल, कोष में कमी, उलझे काम बनें, निजी लोगों से अनबन, पीले चावल पक्षियों को डालें। मई २१, २२, २३, ३०, ३१, जून ८, ९ अशुभ।	वायु विकार, यात्रा में कष्ट, चोर उचक्कों से सावधान, आय से व्यय विशेष हो, नीच से अपमान भय। जून १८, १९, २७, २८, जुला. ५, ६, ७ अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं० २०४२ वि०)

राशि	श्रावण (१६ जुलाई से १५ अगस्त तक)	भाद्रपद (१६ अग. से १५ सितं. तक)	आश्विन (१६ सितं. से १६ अक्तू. तक)
मेष	सन्तति व गृह चिन्ता, लाभ उत्तम, कारोबार प्रायः ठीक रहे, बन्धुओं से अनबन रहे। जुला. १७, १८, १६, २६, २७, अग. ४, ५, १४, १५ अशुभ।	उदर विकार, लाभ-खर्च बराबर, गृह भूमि आदि की चिन्ता, वायु विकार, स्त्री कष्ट। अग. २२, २३, ३१, सितं. १, २, १०, ११ अशुभ।	हानि भय, धन लाभ, रोग भय कष्टप्रद समाचार, शत्रु कमजोर, स्त्री कष्ट, कारोबार पूर्ववत्। सितं. १८, १६, २०, २७, २८, २६, अक्तू. ७, ८, ९, १६ अशुभ।
वृष	मित्र मिलाप, कारोबार में गड़बड़ी, शत्रु परास्त, सिर व नेत्र पीड़ा, बनते काम में रुकावट। जुला. २०, २१, २८ २६, अग. ६, ७, ८ अशुभ।	आमदन अच्छी, उत्साह बना रहे, निजी जनों से अनबन, दोस्तों से मेल, शत्रु कमजोर, कारोबार ठीक। अग. १६, १७, २४, २५, २६, सितं. ३, ४, १२, १३ अशुभ।	धन लाभ, शत्रु भय, बनते काम में रुकावट, मनोबल प्रबल, कारोबार में मन न लगे, खर्च अधिक। सितं. २१, २२, ३०, अक्तू. १, २, १०, ११ अशुभ।
मिथुन	लाभ ठीक, भाग्य वृद्धि, उत्साह बढ़े, सन्तति कष्ट, विरोधी प्रबल, कारोबार ठीक। जुला. २२, २३, ३०, ३१, अग. १, ९, १० अशुभ।	सेहत गड़बड़, आमदन से खर्च ज्यादा हो, सन्तति हेतु विशेष खर्च, कारोबार कुछ कमजोर, फिजूल खर्च हो। अग. १८, १६, २७, २८, सितं. ५, ६, ७, १४, १५ अशुभ।	सुख धन लाभ, गुप्त शत्रु से भय, अपमान भय, सन्तति कष्ट, कारोबार कुछ कमजोर, फिजूल खर्च। सितं. २३, २४, अक्तू. ३, ४, १२, १३ अशुभ।
ज्योतिष के प्रकांड विद्वान श्री चन्द्रदत्त पंत के अद्भुत ग्रंथ

चन्द्र हस्त विज्ञान

प्रस्तुत पुस्तक में हस्त-रेखा के साथ-साथ ग्रह योगों की दृष्टि से संपूर्ण जीवन वृत्तान्त आधुनिक ढंग पर द्वादश ग्रह-योगों के आधार पर, भाग्य, हृदय, मस्तिष्क, आयु, स्वास्थ्य, विवाह, संतान आदि रेखाओं के सम्मिलित सहयोग से यश, कीर्ति, नौकरी, धन-सम्पत्ति, संतान, अकल्पित लाभ, प्रेम की

भावार्थबोधिनी फलदीपिका

दक्षिण भारत में कई सौ वर्ष पूर्व सुविख्यात तपस्वी मंत्रेश्वर विरचित फलदीपिका मूल संस्कृतमें है। इसकी व्याख्यायें अंग्रेजी, गुजराती, तमिल, मलयालम आदि भाषाओं में हो चुकी हैं। हिन्दी में प्रथम बार विस्तृत हिन्दी व्याख्या सहित पुस्तक पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत है। भावार्थरत्नाकर नाम दक्षिण भारतीय फलित ग्रन्थ के ४५० योग भी व्याख्याकार ने इसी पुस्तक में दे दिये हैं। इसलिये यह अत्यन्त उपयोगी पुस्तक हो गई है।

पृष्ठ ६७९ मू. १५.००

त्रिफला (ज्योतिष)

फलित विषयक तीन प्राचीन ग्रन्थों (१) भुवलोक शतक, (२) शतमंजरी राजयोग तथा (३) बेड़ाजातक हिन्दी व्याख्या सहित उपलब्ध नहीं थे। मूल ग्रन्थ भी अप्राप्य हैं। विद्वान् लेखक ने मूल संस्कृत सहित विशद हिन्दी-व्याख्या में दुरूह ज्योतिष के मूलभूत सिद्धान्तों का प्रतिपादन के विषय को पाठकों के हृदयंगम कराने का सफल प्रयास किया है। शीघ्र ही तैयार हो जायेगा।

सुगम ज्योतिष प्रवेशिका

प्राचीन विचार के सज्जन तो सदैव से ही ज्योतिष में विश्वास रखते चले आए हैं पर आज का नवयुवक पढ़ा-लिखा समाज भी ज्योतिष की ओर आकृष्ट हो रहा है। परन्तु यह शास्त्र संस्कृत के दुरूह ग्रंथों में निबद्ध होने के कारण जन-साधारण के लिए अप्राप्य है। अनुवादित ग्रंथों में जैसी सुगमता होनी चाहिए वैसी होती नहीं। प्रस्तुत पुस्तक में अनेक शास्त्रों का मंथन कर उनका सार संग्रह प्रस्तुत किया गया है। इसके चार भाग हैं: १--जातक विचार, २-वर्षफल विचार, ३--प्रश्न विचार और ४-मुहूर्त विचार। अब तक हिन्दी भाषा में ऐसी कोई पुस्तक नहीं थी जिसमें इन चारों विषयों का मार्मिक ज्ञान सरल हिन्दी में कराया गया हो। इसमें प्रामाणिकता के लिए संस्कृत के श्लोक भी दे दिए गए हैं। कतिपय विषय बिलकुल नवीन दिए गए हैं और सभी विषयों पर नवीन दृष्टिकोण से प्रकाश डाला गया है। वैताल शास्त्रीजी के विचार भी दिए गए हैं। भावार्थ सारिणी भी जो अब तक हिन्दी में दृष्टिगोचर नहीं थी दी गई है। इसकी सहायता से एक साधारण ज्योतिष का ज्ञान रखनेवाला भी एक दिन में ही ५० जन्म कुण्डलियां शुद्ध-शुद्ध तथा प्रामाणिक तैयार कर धन तथा यश दोनों साथ-साथ कमा सकता है। तृतीय संस्करण पृष्ठ सं. ३३४। मूल्य सिर्फ ६-५०

ज्योतिष में स्वर-विज्ञान का महत्व

--ले. केदारनाथ जोशी : भविष्य ज्ञान के लिए फलित ज्योतिष की अनेकविध सारणियों में स्वर-विज्ञान, ज्योतिष शास्त्र की एक सर्वमान्य पद्धति है जिसमें मनुष्य के नाम के अनुसार भविष्य का ज्ञान किया गया है। इस ग्रंथ में ज्योतिष की सरलतम विधि सारणियों को दृष्टिपथ में रखते हुए उसके विभिन्न अंगों और उपांगों के विश्लेषण किए गए हैं। इसमें तीन विभाग हैं। प्रथम में स्वर साधन की पृष्ठ भूमि एवं उदाहरण स्वरूप दिए गए प्रसिद्ध एवं अप्रसिद्ध व्यक्तियों के नामों के आधार पर उनकी प्रक्रियाओं का तर्क-सम्मत विश्लेषण, परिचय, दूसरे विभाग में प्रमाण स्वरूप दिए गए उक्त सभी ३० या इससे भी अधिक व्यक्तियों के नामों के सभी स्वर उनके साधन तथा कारणकार्य संबंध को स्पष्ट किया गया है। साथ ही साथ इस संबंध में शंकाओं का समाधान भी किया गया है। तृतीय भाग में भारत, नेपाल, चीन और पाकिस्तान चार राष्ट्रों तथा भारत की राजधानी दिल्ली आदि के भविष्य का फलाफल दिया गया है अंत में दो परिशिष्ट भी हैं जिनमें मानव जीवन के साथ ज्योतिष के संबंध और ज्योतिष शास्त्र की अटूट परम्परा का भी परिचय कराया गया है। मूल्य ३ रु०

शकुन विज्ञान

--ले. पं. हीरालाल : शकुन विद्या विशारदों का यह अनुभव है कि शुभाशुभ कर्मों के विपाक से प्रति क्षण प्रत्येक मानव जो शुभाशुभ फल भोगता है उसे शकुन द्वारा पहले ही जान सकता है। पश्चात् धार्मिक अनुष्ठानों से अशुभ का प्रतिकार और शुभ का परिष्कार कर सुख सम्पत्ति से समृद्ध हो सकता है। इसलिए शकुन विद्या आज भी प्रकाश स्तम्भ बनी हुई है। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने शकुन प्रदीप, शकुन शास्त्र तथा वास्तु निर्माण के सम्बन्ध में विद्वत्तापूर्वक लिखा है। भाषा इतनी सरल है कि साधारण पढ़ा-लिखा व्यक्ति भी इसे समझ सकता है। इसके पढ़ने से आने वाले शुभाशुभों का आपको पूर्व ही ज्ञान हो जाता है और आप उससे लाभान्वित हो जाते हैं। परीक्षा के समय अगर आने वाले प्रश्नों का ज्ञान परीक्षार्थियों को हो जाता है तो उनके लिए वरदान हो जाता है वैसे ही प्रस्तुत पुस्तक जीवन परीक्षा के पूर्व ही प्रश्नोत्तर सहित सर्वसाधारण के लिए एक अनुपम देन है। मूल्य ४-५० रु० जिल्द वाली ५-००

श्री बी. एल. ठाकुर कृत

सचित्र ज्योतिष शिक्षा प्रथम भाग

इस पुस्तक के अध्ययन से ज्योतिषसम्बन्धी बहुत-सी महत्वपूर्ण मुख्य बातें ज्ञात हो जाती हैं जैसे किसी का जन्म सम्वत्, मास, पक्ष, दिन, समय आदि न ज्ञात हो तो केवल कुण्डलीचक्र को ही देखकर सभी बातें बताई जा सकती हैं या बिना पंचांग के तिथि, नक्षत्र, करण, वार, सूर्य, चन्द्र, स्पष्ट आदि किस प्रकार बताए जा सकते हैं समझाया गया है और अनन्त वर्षों की जंत्री देकर जंत्री बनाने की युक्ति भी बताई गई है। अंत में फलित संबंधी मुख्य-मुख्य बातें बताई गई हैं। डिमाई आठ पेजी : पृष्ठ सं० ३००। मूल्य ९रु०

वर्मा एलोपैथिक निघंटु (अर्थात् मेटेरिया मेडिका)

सुप्रसिद्ध लेखक डा. रामनाथ वर्मा। प्रस्तुत पुस्तक में विद्वान् लेखक ने अपने दीर्घकालीन अनुभवों के आधार पर पाश्चात्य औषधियों को तैयार करने की भिन्न-भिन्न विधियां नाप तौल (ग्रेन, ड्राम, औंस, पौंड, मिनिम, सी.सी, किलोग्राम, स्टोन आदि) ब्रिटिश फार्माकोपिया में वर्णित औषधियों के भिन्न-भिन्न रूप एसिटा, ऐसिड्स, एक्सट्रैक्टस, डिकोक्शन्स, लिनिमेन्टस, स्पिरिट्स, टिंचर्स, सीरप्स इत्यादि) एम्प्यूल्स, बाथ्स, कैप्स्यूल्स, डूश, एनिमा, आइस बैग, पिग्मेन्ट्स इत्यादि का वर्णन, औषधियों को शरीर में प्रविष्ट करने के लिए भिन्न-भिन्न तरीके, औषधियों की मात्रा निश्चित करना, परस्पर विरोधी गुण रखने वाली औषधियां, विस्फोटक संयोग, औषधियों की सेवन विधि, बच्चों के नुस्खे, बच्चों के लिये भिन्न२ औषधियों की मात्रा, तुलनशीलता, अंगों पर प्रभाव, भांति २ के लोशन तैयार करना आदि, सभी को एक स्थान पर संकलित कर गागर में सागर भर दिया है और नवीनतम आविष्कारों तथा अनुभवों को जोड़कर इसकी उपयोगिता और बढ़ा दी गई है। इतनी उपयोगी होने के कारण ही यह इसका छठा संस्करण है। १५ रु.

वर्मा एलोपैथिक चिकित्सा—सुप्रसिद्ध लेखक डा. रामनाथ वर्मा

उपसर्ग—जन्परोग—वातरोग अर्थात् नाड़ी संस्थान के रोग—मांस पेशियों के रोग—श्वासोच्छ्वास के अंगों के रोग—हृदय के रोग—रक्तवाहिनियों के रोग—मुंह, कंठ-मूल ग्रन्थि और कंठ के रोग—भूख पैदा करने वाली ग्रंथियों के रोग—जीभ के रोग—आमाशय के रोग—अंत्र रोग—यकृत रोग—क्लोमग्रंथि के रोग—उदरकला के रोग—रक्त रोग—प्लीहा रोग—लसीका ग्रन्थियों तथा वाहिनियों के रोग—प्रणाली विहीन ग्रंथियों के रोग—मूत्रयन्त्र के रोग—चर्मरोग—अस्थियों और संधियों के रोग—रोग जिनका संबंध परिपोषण और संवर्द्धन से है—नेत्र रोग—कर्ण रोग—मसूड़ों और दांतों के रोग—स्त्री रोग—गर्भावस्था के रोग—स्त्री रोग २—बाल रोग—विविध रोग—पुरुषों के जननेन्द्रिय के रोग। मूल्य रु. १२.००

व्याधि विज्ञान : डा. आशानन्द पञ्चरत्न : दो भागों में पृ. सं. ११००। निदान-विषयक इस अत्यन्त उपयोगी ग्रंथ में पाश्चात्य एवं पौर्वात्य मतानुसार चिकित्सा, तुलनात्मक अध्ययन वैद्य बन्धुओं तथा एलोपैथिक डाक्टरों के लिए समान रूप से उपयोगी है। दो भागों का मूल्य २२ रु०

सूचीवेध विज्ञान : रमेशचन्द्र वर्मा : इसमें शरीर विज्ञान, रोग और जीवाणुओं का विस्तृत परिचय, विशोधन कार्य, इंजेक्शन लगाने की संपूर्ण विधियों और सूचीवेध से होने वाले उपद्रव तथा उनकी चिकित्सा के साथ १००० से अधिक इंजक्शनों का भी विस्तृत वर्णन है। मूल्य ७.५० रु.

हिन्दी माडर्न मेडिकल ट्रीटमेंट : ए.एल. गुजराल : लेखक ने अपनी अंग्रेजी पुस्तक का हिन्दी में अनुवाद कर हिन्दी भाषा-भाषी विद्यार्थियों को एलोपैथिक चिकित्सा के नवीनतम आविष्कारों तथा आधुनिकतम चिकित्सा प्रणाली से परिचित कराया है। मूल्य २० रु०

हृदय परीक्षा : रमेशचन्द्र वर्मा : हृदय की व्याधियों और आधुनिक प्रणाली तथा उपकरणों से उनकी परीक्षा का विस्तृत वर्णन, चित्रों सहित विषयको अच्छी तरह समझाया गया है। मूल्य २.००

ज्योतिष संबंधी अनुपम प्रकाशन

ज्योतिष कलानिधि श्री गोपेश कुमार ओझा के अद्वितीय ग्रंथ

अंकविद्या (ज्योतिष)

अंकविद्या (ज्योतिष) : क्राउन आठ पेजी, सं० २००। अंग्रेजी में अंकविद्या पर अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं पर हिन्दी में इनका पूर्ण अभाव है, यद्यपि इसका ज्ञान भारतवर्ष में अनादि काल से चला आ रहा है। ज्योतिष के अन्तर्गत 'अंक' से फलादेश करने की पद्धति शुद्ध भारतीय है। इसी कारण अंक विद्या के मुख्य-मुख्य सिद्धान्तों को अनेक संस्कृत तथा अंग्रेजी के ग्रंथों से संग्रह कर यह पुस्तक तैयार की गई है। इसमें जन्म की अंग्रेजी तारीख से जीवन के शुभाशुभ वर्ष, दिन, घंटे आदि निकालने के जो सुगम सिद्धान्त बताए गए हैं उन्हें साधारण पढ़ा-लिखा मनुष्य भी समझकर लाभ उठा सकता है। अंक से प्रश्न-विचार तथा जन्मकुण्डली एवं हस्तरेखा से अंकविद्या का सामंजस्य ऐसा विषय है जो प्रत्येक ज्योतिषी और ज्योतिष-प्रेमी को जानना आवश्यक है। कम पढ़ा-लिखा भी व्यक्ति इस पुस्तक के द्वारा अंकों के जोड़ द्वारा किसी भी व्यक्ति के जीवनभर के शुभाशुभ तथा स्वभाव आदि बता सकता है। मूल्य सिर्फ ४ रु०

हस्त रेखा विज्ञान

हस्त रेखा विज्ञान : क्राउन आठ-पेजी, पृष्ठ सं. ५६०। हस्तरेखा शास्त्र पर, हस्त-रेखा तथा शरीर-लक्षण संबंधी संस्कृत, हिन्दी और प्राकृत में मिलती सभी पुस्तकों के गंभीर अध्ययन के बाद ही यह पुस्तक लिखी गई है। इसमें हस्त रेखा के सभी विषयों पर भारतीय तथा पाश्चात्य मत के आधार पर बहुत ही सुन्दर विवेचन किया गया है। विषय को सुस्पष्ट करने के लिए अनेक चित्र तथा भाषा को सरल और रोचक रखा गया है। हाथ की बहुत-सी सूक्ष्म और जटिल रेखाओं को समझाने का बड़ा परिश्रम किया गया है। इसका सबसे महत्त्वपूर्ण खण्ड शरीर लक्षण है जिसमें कोई ऐसा अंग उपांग नहीं छोड़ा गया है जिसकी पूरी जानकारी न दी गई हो। स्थान स्थान पर संस्कृत तथा अन्य भाषाओं से प्रमाण देकर उपादेयता और भी बढ़ा दी गई है। इस अकेले पुस्तक के अध्ययन और मनन से साधारण पाठक भी अच्छा ज्योतिषी थोड़े समय में ही हस्त रेखा का पूर्ण ज्ञाता बनकर आशातीत लाभान्वित हो सकता है। मूल्य १२ रु० मात्र।

जातकादेशमार्ग [चन्द्रिका]

यह प्राचीन ग्रन्थ कई सौ वर्ष पूर्व दक्षिण भारत में लिखा गया था। इसकी विस्तृत व्याख्या छप रही है। मूल श्लोक भी साथ दिये हैं। संज्ञा, विवेक, अरिष्ट, अरिष्टभंग, आयुर्विभाग, आयुर्योग, मरण निर्णय, योग, अष्टकवर्ग, भावविचार, भावफल, दशाफलहारछर, भार्या विचार, आनुकूल्य, पुत्रचिन्ता, संतानचिन्ता, मिश्र प्रकरण।

मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड जवाहर नगर दिल्ली-७

अत्यन्त उपयोगी एलोपैथिक तथा यूनानी के प्रकाशन

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान : एलोपैथिक तथा आयुर्वेदिक : ४९० पृष्ठ डा. आशानन्द पञ्चरत्न (प्रथम भाग) : इसमें एलोपथिक तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा संबंधी विषयों का तुलनात्मक रूप से रोगों का निदान एवं सम्प्राप्ति तथा चिकित्सा भी साथ-साथ दी गई है। एतावत आविष्कृत एन्टी वायटिक्स औषधियों और इंजेक्शनों का भी समावेश है। मू. १०.००

आधुनिक चिकित्सा शास्त्र : (A Text Book of Modern Medicine) : श्री धर्मदत्त वैद्य : १५०० पृष्ठ : एलोपैथिक पद्धति से चिकित्सा का ज्ञान कराने के लिए आधुनिकतम आविष्कारों के साथ हर रोगों के कारण, लक्षण, चिकित्सा विस्तार के साथ दिये गये हैं। मूल्य ३६.०० रु०

कफ परीक्षा : रमेशचन्द्र वर्मा : विकृति विज्ञान का ज्ञान कराने वाला हिन्दी में प्रथम ग्रंथ। १३ चित्रों सहित कफ की सम्पूर्ण परीक्ष्य विधियों पर प्रकाश डाला गया है। श्लेष्मा की भौतिक, रासायनिक और अणुवीक्षणीय परीक्षा पद्धति का विस्तृत वर्णन है। मूल्य १.२५ रु

क्लीनिकल मेडिसिन : श्री अत्रिदेव गुप्त : दो भाग। पाश्चात्य चिकित्सा शास्त्र की प्रसिद्ध पुस्तक शैवल की 'क्लीनिकल मेडिसिन', मजूमदार की 'बेड साइड मेडिसन,' और चेम्बरलेन की 'क्लिनिक' आदि प्रामाणिक ग्रंथों के आधार पर आयुर्वेदीय संहिताओं के तुलनात्मक बहुमूल्य उद्धरणों के साथ भारतीय दृष्टिकोण से लिखा गया सर्वोत्तम ग्रंथ। द्वितीय संस्करण मूल्य २५.०० रु०

नव्य-जन-स्वास्थ्य तथा स्वास्थ्य विज्ञान : डा. मुकुन्द स्वरूप वर्मा : पृ. सं. ४३२ : प्रस्तुत पुस्तक में जन-स्वास्थ्य-संबंधी सभी प्रश्नों पर विचार किया गया है और स्वास्थ्य के प्रत्येक विषय पर प्रकाश डाला गया है। मूल्य ८ रु०

मलेरिया : मनमोहन धूप : मलेरिया रोग के कारण, भेद और विकास के वर्णन के साथ-साथ अचूक चिकित्सा भी बतलाई गई है। मलेरिया चिकित्सा में नवीनतम औषधियों का उपयोग तथा उनके गुण दोष का भी उल्लेख किया गया है। मूल्य २.२५

मानव शरीर रचना : डा० मुकुन्द स्वरूप वर्मा। ग्रे के एनाटमी आदि ग्रन्थों के आधार पर भारतीय दृष्टिकोण पर लिखी गई आयुर्वेदिक तथा मेडिकल कालेजों के विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी ग्रंथ। अनेक चित्रों सहित पहला भाग मूल्य २८ रु०

पाश्चात्य द्रव्यगुण विज्ञान (मेटीरिया मेडिका) प्रथम खण्ड ले. डा. आर. एस. सिंह तथा डा. बी. एन. सिंह

विषयानुक्रमणिका

पूर्वार्द्ध : १ सामान्य द्रव्यगुणविज्ञानीय २ सामान्य द्रव्य विज्ञानीय ३ मान परिभाषा ४ औषध शक्ति मानकीकरण ५ फार्माकोपियल एवं नान फार्माकोपियल योग ६ द्रव्य-गुण कर्मविधि ७ भेषजप्रयोग विधि ८ योगीपधविज्ञानीय ९ भेषज कल्पना एवं औषध भोजनविज्ञानीय।

उत्तरार्द्ध : १ क्षार तथा क्षारीय मृदा एवं अम्लविज्ञानीय-क्षार तथा क्षारीय मृदा २ अम्ल। जल एवं इलेक्ट्रोलाइट संतुलन ३ धातुविज्ञानीय ४ उपधातुविज्ञानीय ५ तंत्रिकातंत्र पर कार्य करने वाली औषधियां—केन्द्रीय तंत्रिकायंत्र पर उत्तेजक क्रिया करने वाली औषधियां—प्रमस्तिष्क—उत्तेजक (सेरिब्रल स्टिमुलेंट्स) औषधियां—मानसिक क्रियोत्तेजक या मानसिक—चेष्टोत्तेजक—मेडुला उत्तेजक—सुषम्नोत्तेजक औषधियां—उल्लासकद्रव्य—सार्वदैहिक संज्ञाहर औषधियां—अनुतप्त् सार्वदैहिकसंज्ञाहर औषधियां—अन्तः शिरामार्ग द्वारा प्रयुक्तसंज्ञाहर द्रव्य—वेदनाहर एवं ज्वरहर औषधियां—निद्रायक एवं शामक औषधियां—मनः प्रशान्तक औषधियां—आक्षेपहर एवं अपस्मारोघी औषधियां—पेशियों पर कार्य करने वाली औषधियां।

पृष्ठ संख्या ७६२+९४+१६ वृहत्काय ग्रन्थ का मूल्य रु. ३०.००

पाश्चात्य द्रव्यगुण विज्ञान : (दूसरा भाग) : डा. राम सुशील सिंह। बड़े आकार के १०२८ पृष्ठ। इसमें अधिक से अधिक एलोपैथिक, आयुर्वेदिक तथा यूनानी द्रव्यों का विस्तृत, सचित्र, तुलनात्मक एवं सभी दृष्टि से ऐसा सर्वांगीण हृदयग्राही एवं उद्बोधक विवरण दिया गया है जो अंग्रेजी व किसी अन्य भाषा में किसी एक ही मेटीरिया मेडिका में उपलब्ध नहीं है। मूल्य ३०.०० रु०

यूनानी चिकित्सा विधि : (यूनानी तिब्ब का फार्माकोपिया) हकीम मनसाराम शुक्ल : हकीम अजमल खां, उनके परिवार तथा दिल्ली के अन्य हकीमों के नित्य उपयोग में आने वाले अद्भुत एवं चमत्कारी नुस्खों का संग्रह। साथ ही साथ इसमें प्रत्येक रोगों का खुलासा तथा पथ्य भी दिया गया है। मूल्य ५.००

यूनानी चिकित्सा सागर : हकीम मनसाराम शुक्ल : प्रस्तुत पुस्तक में संसार प्रसिद्ध हकीम अजमल खां तथा अन्य प्रसिद्ध हकीमों के सभी गुप्त नुस्खों का संग्रह। मूल्य १० रु०

वर्मा एलोपैथिक गाइड : डा. रामनाथ वर्मा : पृ. सं. ७४०। एलोपैथिक प्रणाली से शरीर के भिन्न-भिन्न अंगों, उनके कार्य, रचना, रक्त संचार, नाड़ी परीक्षा, पाखाना, मूत्रादि परीक्षा, विटामिन्स, औषधियों को शरीर में प्रविष्ट करने के भिन्न-भिन्न मार्ग, इंजेक्शन, मुख्य-मुख्य रोग और अनुभूत नुस्खे, नवीनतम औषधियों तथा चिकित्सा संबंधी आविष्कार, औषधियों के गुण दोष, प्रयोग, उपचार आदि दिए गए हैं। इसकी लोक-प्रियता इसी से साबित होती है कि इसके अब यह आठवां संस्करण तैयार हो गया है। मूल्य १४.००

वर्मा एलोपैथिक योगरत्नाकर : डा. रामनाथ वर्मा : पृ. सं. ७००। इस पुस्तक में डाक्टरी चिकित्सा में नित्य प्रयोग में आने वाले आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के समग्र नुस्खों, योगों, पेटेन्ट, साधारण औषधियों तथा इन्जेक्शनों का संग्रह है। मूल्य १३.००

मोतीलाल बनारसीदास बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली-७

हमारे अत्यन्त उपयोगी आयुर्वेद के प्रकाशन

अष्टांग हृदय : लालचन्द्र वैद्य कृत सरल हिन्दी व्याख्या सहित। सम्पूर्ण। बड़े ८४० पृष्ठ, पक्की कपड़े की जिल्द। मूल्य सिर्फ १५ रु०

आयुर्वेद चिकित्सा मार्ग दर्शिका (आयुर्वेदिक गाइड) : आयुर्वेद की अनेक पुस्तकों के रचयिता अत्रिदेव विद्यालंकार। यह रचना शुद्ध आयुर्वेद-प्रणाली से चिकित्सा करने वाले प्रत्येक वैद्य के लिए मार्ग-प्रदर्शक है। वैद्यों को सदैव पास रखने वाली पुस्तिका का मूल्य सिर्फ ५ रु०

चरक संहिता : श्री जयदेव विद्यालंकार कृत। बड़े आकार में १२३३ पृष्ठ। दो जिल्दों में, अत्यन्त प्रामाणिक हिन्दी अनुवाद सहित मूल्य ३० रु०। इसकी उपयोगिता इसी से प्रमाणित हो जाती है कि थोड़े समय में ही इसके सात संस्करण हो गए हैं।

चिकित्सा तत्त्व दीपिका : पं. महावीर प्रसाद पाण्डेय। इसके चिकित्सा विषयक ज्ञान, रोगों के सम्प्राप्ति लक्षण, साध्यासाध्यता, उपक्रम तथा प्रयोग उपयोगी और सारगर्भित आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों से लेकर सरल भाषा में दिए गए हैं। मूल्य दो भागों का १८.५० रु०

द्रव्य गुण विज्ञान (पूर्वार्द्ध) सुप्रसिद्ध आचार्य यादव जी कृत सरल हिन्दी में आयुर्वेद के छात्रों की सम्पूर्ण आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। पृष्ठ सं. १८० मूल्य ४.००

नाड़ी दर्शन : श्री ताराशंकर मिश्र वैद्य। पृ. सं. १७२। इसमें सरल हिन्दी में चरक, सुश्रुत तथा आधुनिक विज्ञान पर आधारित नाड़ी संबंधित सभी विषयों पर संपूर्ण प्रकाश डाला गया है। नया परिवर्द्धित संस्करण मूल्य ३.५०

भाव प्रकाश : (सम्पूर्ण) : सर्वांग सुन्दरी भाषा टीका सहित। टीकाकार पं. लालचन्द्र जी वैद्य। बड़े आकार के १००० पृष्ठ। दो जिल्दों में मूल्य २५ रु०। हिन्दी अनुवाद द्वारा इस विशाल ग्रंथको पढ़कर साधारण जन भी हर प्रकार के रोगों का इलाज कर सकता है।

भाव प्रकाश (निघंटु) : (हरीतक्यादि)। पं. विश्वनाथ द्विवेदी कृत ललितार्थकरी टीका सहित। पृ. सं. ७००। प्रस्तुत ग्रन्थ भावप्रकाश में से वनस्पति-शास्त्र व तत्समवर्गों को लेकर सरल और सुबोध हिन्दी में सर्व-साधारण के लाभार्थ तयार किया गया है। अपनी उपयोगिता के कारण ही कुछ ही समय में इसके सात संस्करण हो गए हैं। मूल्य ९ रु०

भैषज्य रत्नावली : मू. ले. गोविन्द दास : नरेन्द्रनाथ मित्र द्वारा परिवर्धित तथा संशोधित. अनु. जयदेव विद्यालंकार। बड़े आकार के ८४० पृष्ठ। परिवर्धित तथा संशोधित सातवां संस्करण। मूल्य १२.०० रु०

मेघ विनोद : मेघ मुनि प्रणीत : सौदामिनी भाषाभाष्य। भाष्यकर्ता श्री नरेन्द्रनाथ शास्त्री। ६५० पृष्ठ, तृतीय सं.। हर प्रकार की बीमारी के ऊपर अनुभव से आजमाए बढ़िया तथा सस्ते नुस्खे जो सभी जगह आसानी से उपलब्ध हैं, दिये गये हैं। मूल्य ६ रु०

रस तरंगिणी : मूल ले. पं. सदानन्द। पं. हरिदत्त शास्त्री कृत संस्कृत टीका तथा पं. धर्मानन्द जी द्वारा हिन्दी अनुवाद। इसमें स्वर्ण, ताम्र, वंग, लौह, सीसा, पारद, गंधकादि का व्यापक तथा विस्तृत वर्णन किया गया है। अपनी विशेषता के कारण सात संस्करण हाथोंहाथ निकल गए। मूल्य १२.००

रसरत्न समुच्चय : श्री धर्मानन्द जी द्वारा विस्तृत हिन्दी टीका तथा अत्रिदेव विद्यालंकार द्वारा संशोधित। बड़े आकार के ५६६ पृष्ठ। भारतीय रस शास्त्र-संबंधी अनुपम ग्रंथ। मूल्य १० रु०

रसामृत : श्री यादव जी त्रिकम जी। रस शास्त्र के विद्यार्थियों तथा चिकित्सकों के लिए सरल से सरल तरीके से लिखा गया एक मार्गदर्शक ग्रंथ। मूल्य ५.०० रु०

राजयक्ष्मा : सो. द्वारकानाथ : आयुर्वेदीय सम्बोधपरक प्रबंध मूल्य १.००

वैद्यावतंस : लोम्बिराज प्रणीत : पं. ब्रह्मानन्द त्रिपाठी कृत हिन्दी टीका १.५०

सुश्रुत संहिता : सम्पूर्ण : अनु० अत्रिदेव विद्यालंकार। बड़े आकार के ८२० पृष्ठ : प्रस्तुत पुस्तक आयुर्वेद का अत्यन्त प्राचीनतम शल्य चिकित्सा परक ग्रन्थ है जिसमें आठों अंगोंका विवरण शल्य कर्म को प्रधानता देकर किया गया है प्रथम मूल देकर उसका सरल एवं प्रांजल हिन्दी भाषा में अनुवाद दिया गया है। मूल्य १८ रु०

सुश्रुत संहिता : शारीर स्थान : डा. जे. डी. शर्मा। आयुर्वेदिक शारीरशास्त्र पर उठाई गई शंकाओं का वैज्ञानिक समाधान। मूल्य ५.००

अपक्व भोजन

तेहरान (इरान) के एक मुसलमान सज्जन इस पुस्तक के मूल लेखक अंग्रेजी में हैं। उन्होंने सारी उमर मांस आदि खाया और उनकी हालत ऐसी हो गई कि दुनियां की सभी प्रसिद्ध बीमारियां उन्हें थीं और उनसे थोड़ी दूर भी चलना कठिन हो गया। लाचारी खोजते २ उन्होंने कच्ची सब्जी भाजी का इस्तेमाल किया और उनकी सब बीमारियां दूर हो गईं, वह पहाड़ की चढ़ाई चढ़ने लग गये, फिर उन्होंने पूरी खोज और छान-बीन के बाद यह पुस्तक लिखी और डाक्टरों को चैलेंज भी किया। ऐसी उपयोगी पुस्तक का हम सरल हिन्दी अनुवाद जनता के उपकार के लिये छाप रहे हैं। प्रतीक्षा करें शीघ्र ही तैयार हो जायेगी।

मोतीलाल बनारसीदास, प्रकाशक तथा पुस्तक विक्रेता बंगलो रोड जवाहर नगर (पो. बा. १५८६) दिल्ली-७

... १९७२ से सन् २१०१ तक की निरयण मेष संक्रान्तियों की तारीखें ...

इस कोष्ठक में दी गई संक्रान्ति की तारीखें और वार अंग्रेजी पद्धति के अनुसार हैं। यदि संक्रान्ति काल रात्रि के १२ बजे के बाद और स्थानीय सूर्योदय से पहिले हो तो उसे भारतीय पद्धति के अनुसार पिछले वार और तारीख में समझना चाहिए।

मेषसंक्रान्ति का वारेश ही वर्ष का मन्त्री होता है, अतः इस कोष्ठक से आगामी १३० वर्षों के मन्त्री भी ज्ञात होते हैं। ईस्वी सन् में ५७ जोड़ने से वि. संवत् बन जाता है।

निरयण मेष संक्रान्ति अप्रै.				निरयण मेष संक्रान्ति अप्रै.				निरयण मेष संक्रान्ति अप्रै.				निरयण मेष संक्रान्ति अप्रै.			
ई. सन्	ता.	वार	घ. मि.	ई. सन्	ता.	वार	घ. मि.	ई. सन्	ता.	वार	घ. मि.	ई. सन्	ता.	वार	घ. मि.
१९७२	१३	गु.	१३। १	२००५	१४	गु	०। ५	२०३८	१४	बु.	११।११	२०७१	१४	म.	२२।१७
१९७३	१३	शु.	१९।१०	२००६	१४	शु.	६।१५	२०३९	१४	गु.	१७।२०	२०७२	१४	गु.	४।२६
१९७४	१४	र.	१।१९	२००७	१४	श.	१२।२४	२०४०	१३	शु.	२३।२९	२०७३	१४	शु.	१०।३५
१९७५	१४	च.	७।२८	२००८	१३	र.	१८।३३	२०४१	१४	र.	५।३९	२०७४	१४	श.	१६।४५
१९७६	१३	म.	१३।३८	२००९	१४	मं.	०।४२	२०४२	१४	च.	११।४८	२०७५	१४	र.	२२।५४
१९७७	१३	बु	१९।४७	२०१०	१४	बु.	६।५१	२०४३	१४	म.	१७।५७	२०७६	१४	म.	५। ३
१९७८	१४	गु.	१।५६	२०११	१४	गु.	१३। २	२०४४	१४	गु.	०। ६	२०७७	१४	बु.	११।१२
१९७९	१४	श.	८। ५	२०१२	१३	शु.	१९।११	२०४५	१४	शु.	६।१५	२०७८	१४	गु.	१७।२१
१९८०	१३	र.	१४।१४	२०१३	१४	र.	१।२०	२०४६	१४	श.	१२।२५	२०७९	१४	शु.	२३।३१
१९८१	१३	च.	२०।२५	२०१४	१४	च.	७।२९	२०४७	१४	र.	१८।३४	२०८०	१४	र.	५।४०
१९८२	१४	बु.	२।३४	२०१५	१४	म.	१३।३८	२०४८	१४	म	०।४३	२०८१	१४	च.	११।४९
१९८३	१४	गु.	८।४३	२०१६	१३	बु.	१९।४८	२०४९	१४	बु.	६।५२	२०८२	१४	म.	१७।५८
१९८४	१३	शु.	१४।५२	२०१७	१४	शु.	१।५७	२०५०	१४	गु.	१३। १	२०८३	१५	गु.	०। ८
१९८५	१३	श.	२१। १	२०१८	१४	श.	८। ६	२०५१	१४	शु	१९।११	२०८४	१४	शु.	६।१७
१९८६	१४	च.	३।११	२०१९	१४	र	१४।१५	२०५२	१४	र	१।२१	२०८५	१४	श.	१२।२६
१९८७	१४	म.	९।२०	२०२०	१३	च.	२०।२४	२०५३	१४	च	७।३०	२०८६	१४	र.	१८।३६
१९८८	१३	बु.	१५।२९	२०२१	१४	बु.	२।३४	२०५४	१४	म	१३।३९	२०८७	१५	म.	०। ४
१९८९	१३	गु.	२१।३८	२०२२	१४	गु.	८।४३	२०५५	१४	ब	१९।४८	२०८८	१४	बु.	६।५४
१९९०	१४	श.	३।४७	२०२३	१४	शु.	१४।५२	२०५६	१४	शु.	१।५८	२०८९	१४	गु.	१३। ३
१९९१	१४	र.	९।५७	२०२४	१३	श.	२१। १	२०५७	१४	श.	८। ७	२०९०	१४	शु.	१९।१२
१९९२	१३	च.	१६। ६	२०२५	१४	चं.	३।१०	२०५८	१४	र.	१४।१६	२०९१	१५	र.	१।२२
१९९३	१३	मं.	२२।१५	२०२६	१४	मं.	९।२०	२०५९	१४	चं.	२०।२५	२०९२	१४	च.	७।३२
१९९४	१४	गु.	४।२४	२०२७	१४	बु.	१५।२९	२०६०	१४	बु.	२।३४	२०९३	१४	म.	१३।४१
१९९५	१४	शु.	१०।३३	२०२८	१३	गु.	२१।३८	२०६१	१४	गु	८।४४	२०९४	१४	बु.	१९।५०
१९९६	१३	श.	१६।४३	२०२९	१४	श.	३।४७	२०६२	१४	शु.	१४।५३	२०९५	१५	शु.	१।५९
१९९७	१३	र.	२२।५२	२०३०	१४	र.	९।५६	२०६३	१४	श.	२१। २	२०९६	१४	श.	८। ९
१९९८	१४	म.	५। १	२०३१	१४	च.	१६। ७	२०६४	१४	च.	३।११	२०९७	१४	र.	१४।१८
१९९९	१४	ब.	११।१०	२०३२	१३	म.	२२।१६	२०६५	१४	म	९।२०	२०९८	१४	च.	२०।२७
२०००	१३	गु.	१७।१९	२०३३	१४	गु.	४।२५	२०६६	१४	ब	१५।३०	२०९९	१५	बु.	२।३६
२००१	१३	शु.	२३।२९	२०३४	१४	शु.	१०।३४	२०६७	१४	ग	२१।३९	२१००	१५	गु.	८।४५
२००२	१४	र.	५।३८	२०३५	१४	श.	१६।४३	२०६८	१४	श	३।४८	२१०१	१५	शु.	१४।५५
२००३	१४	च.	११।४७	२०३६	१३	र.	२२।५३	२०६९	१४	र	९।५७				
२००४	१३	म.	१७।५६	२०३७	१४	म.	५। २	२०७०	१४	च.	१६। ६				

आचार्य विकाशचन्द्र सूरिजी द्वारा प्राप्त जैनपर्व-निर्णय

वीर सं. २४९७-९८, आत्म सं. ७५-७६, शाके १८९३, विक्रम संवत् २०२८

सन् १९७०-७१	तिथि	तारीख
श्री वृद्धिविजय (बूटेराय) जी म० स्वर्ग दिन और श्री विजयानंदसूरि, आत्मारामजी म. का जन्मदिन	चैत्र सुद १	शनि २७- ३-७१
,, सिद्धचक्र आंबिल ओली शुरु	चैत्र सुद ७	शुक्र. २- ४-७१
,, महावीर स्वामी जन्मदिन (जयंति)	चैत्र सुद १३	गुरु. ८- ४-७१
आंबिल ओली पूर्ण चैत्र पूर्णिमा-मि. का मेला	चैत्र सुद १५	शनि. १०-४-७१
,, ऋषभदेव वर्षीतप पारणा.	वैशाख सुद ३	मंगल २७-४-७१
,. विजयानंदसूरि (आत्माराम जी) म. स्वर्ग दिन	ज्येष्ठ सुद ८	मंगल. १- ६-७१
,, चौमासी अट्ठाई प्रारंभ	आषाढ़ सुद ७	बुध. ३०- ६-७१
,, ,, चौमासी चौदस.	आषाढ़ सुद १४	बुध. ७- ७-७१
,, चौमासी अट्ठाई सम्पूर्ण.	आषाढ़ सुद १५	गुरु. ८- ७-७१
,, नेमनाथ भगवान का जन्म दिवस.	श्रावण सुद ५	मंगल. २७-७-७१
,, पर्युषणपर्व अट्ठाई प्रारंभ	भाद्रपद वद १३	बुध. १८- ८-७१
,, कल्पसूत्र गृहस्थापना रात्रि जागरण	भाद्रपद वद ३०	शुक्र. २०- ८-७१
,, कल्पसूत्र वाचना प्रारंभ	भाद्रपद सुद १	शनि. २१-८-७१
,, महावीर जन्म वाचना	भाद्रपद सुद १	रवि. २२- ८-७१
,, संवत्सरी पर्व.	भाद्रपद सुद ४	बुध. २५- ८-७१
,, जगद्गुरु विजयहीरसूरि स्वर्गदिन	भाद्रपद सुद ११	बुध. १- ९-७१
,, युगवीर आ. श्री. विजयवल्लभ सूरि स्वर्ग दिन	आसो. वद ११	बुध. १५- ९-७१
,, सिद्धचक्र आंबिल ओली प्रारंभ	आसो. सुद ६	रवि. २६- ९-७१
,, सिद्धचक्र आंबिल ओली सम्पूर्ण.	आसो. सुद १५	सोम. ४-१०-७१
,, महावीर प्रभु निर्वाण दीपावली पर्व.	कार्तिक वद १५	मंगल १९-१०-७१
,, गौतम स्वामी केवल ज्ञान वीर स. २४९८	कार्तिक सुद १	बुध. २०-१०-७१
,, भाई दूज श्री विजय वल्लभ सूरि जन्म दिवस	कार्तिक सुद २	गुरु. २१-१०-७१
,, ज्ञान (सौभाग्य) पंचमी	कार्तिक सुद ५	रवि. २४-१०-७१
,, चौमासी अट्ठाई प्रारंभ	कार्तिक सुद ६	सोम. २५-१०-७१
,, चौमासी चौदस.	कार्तिक सुद १४	सोम. १-११-७१
,, चौमासी अट्ठाई पूर्ण कार्तिक पूर्णिमा	कार्तिक सुद १५	मंगल २-११-७१
,, हस्तिनापुर शौरीपुर का मेला	,, ,,	,,
,, मौन एकादशी १५ (कल्याणक दिन)	मगसर सुद ११	रवि. २८-११-७१
,, पोष दशमी श्री पार्श्वनाथ जन्म दिन.	पोष वद १०	रवि. १२-१२-७१
,, मेरुत्रयोदशी ऋषभदेव मोक्ष दिन.	माघ वद १३	शुक्र. १४- १-७२
,, चौमासी अट्ठाई आरंभ.	फागुण सुद ७	सोम २१- २-७२
,, चौमासी अट्ठाई पूर्ण कांगड़ा तीर्थ मेल	फागुण सुद १५	मंगल. २९- २-७२
ऋषभदेव जन्मदिन वर्षीतप की शुरुआत	चैत्र वदी ८	बुध ८- ३-७२

सायन और निरयण स्पष्ट-ग्रहः—इस पंचांग में दिए गए स्पष्ट ग्रह अन्य भारतीय पंचांगों के ग्रहों की भान्ति निरयण हैं। उदाहरण के रूप में—यदि भारतीय पंचांग में किसी समय निरयण स्पष्ट सूर्य ३ रा. १० अं. १४ क. १५ वि. लिखा हो, तो समझना चाहिए, कि उस समय सूर्य क्रान्ति वृत्त में पौष्णान्त बिन्दु से ३ रा. १० अं. (९०+१० =१०० अं.) और १४ क. १५ वि. आगे है। यदि हम उस समय सूर्य के सायन राशि आदि (वसन्त सम्पात से दूरी) जानना चाहते हैं तो हमें ३ रा. १० अं. १४ क. १५ वि. में अयनांश (वसन्त सम्पात) और पौष्णान्त बिन्दु के बीच का अन्तर) जोड़ना होगा। इसी प्रकार सायन स्पष्ट ग्रह को निरयण स्पष्ट बनाने के लिए अयनांश उसमें से घटाने होंगे —यह स्पष्ट ही है।+

निरयण संक्रान्तियों की तारीखें आगे २ क्यों होती जा रही हैं?—पौष्णान्त बिन्दु (निरयण मेषारम्भ बिन्दु) अयन, चलन के कारण उत्तरोत्तर ५० वि. प्रति वर्ष आगे २ खिसकता जा रहा है, अतः सभी वृष आदि निरयण राशियों के प्रारम्भ बिन्दु भी उत्तरोत्तर आगे २ प्रतिवर्ष ५० वि. की ही गति से खिसकते जा रहे हैं। आज से लगभग ५०० वर्ष बाद निरयण मेषारम्भ बिन्दु सायन वृषारम्भ बिन्दु (क) पर होगा, निरयण वृषारम्भ बिन्दु सायन मिथुनारंभ बिन्दु 'ख' पर होगा—आदि २। उस समय (५०० वर्ष बाद) सायन मेष आदि राशियां निरयण मेष आदि राशियों से पूरी एक-एक राशि पीछे होंगी। उस समय २१ अप्रै. को जब सूर्य सायन वृष में प्रविष्ट होगा (अर्थात्—सायन वृष संक्रान्ति होगी) तब सूर्य निरयण मेष राशि में प्रविष्ट माना जाएगा अर्थात्—निरयण मेष संक्रान्ति होगी), इसी प्रकार उस समय २२ मई को जब सूर्य सायन मिथुन में प्रविष्ट होगा, तब सूर्य निरयण वृष राशि में प्रविष्ट माना जाएगा (अर्थात्—निरयण वृष संक्रान्ति होगी)...आदि २। इस प्रकार निरयण मेष वृष आदि संक्रान्तियां, जो आजकल क्रमशः १३ अप्रै. १४ मई आदि को होती हैं, लगभग ५०० वर्ष बाद क्रमशः २१ अप्रै. २२ मई आदि को होंगी। इसी भान्ति सभी निरयण संक्रान्तियों की तारीखें उत्तरोत्तर आगे २ बढ़ती जा रही हैं। गणित से स्पष्ट है—प्रत्येक निरयण संक्रान्ति मध्यम मान से प्रति ७१ वर्षों में १-१ तारीख आगे २ होती जा रही है,* अर्थात् लगभग सवा दो हजार वर्षों में निरयण संक्रान्तियां १-१ अंग्रेजी महीना आगे २ होती जाती हैं, और लगभग ४॥ हजार वर्षों में २ मास या १ ऋतु आगे खिसकती जा रही हैं। इस भान्ति लगभग २६ हजार वर्षों में प्रत्येक निरयण संक्रान्ति प्रत्येक ऋतु में से गुजर जाएगी।

निरयण मेष संक्रांतियों की तारीखों में इस अन्तर का परिणाम:—निरयण संक्रान्तियों के अनुसार ही सौर मास और चान्द्र मासों के नामों का निर्णय होता है। निरयण मेष संक्रान्ति से सौर वैशाख प्रारम्भ होता है, निरयण वृष संक्रान्ति से सौर ज्येष्ठ प्रारम्भ होता है—आदि २। किंच जिस शुक्लादि चान्द्र मास में निरयण मेष संक्रान्ति होती है, वह शुक्लादि चैत्र मास होता है, जिस शुक्लादि चान्द्र मास में निरयण वृष संक्रान्ति होती है, वह शुक्लादि वैशाख मास होता है—आदि २। हम पहिले बतला चुके हैं—कोई भी निरयण संक्रान्ति अयन चलन के कारण कालक्रम से किसी भी ऋतु में हो सकती है। इससे यह सिद्ध होता है। कि—सौर और चान्द्र चैत्र आदि मासों की वे ऋतुएं, जो आजकल उपलब्ध होती हैं, कालान्तर में नहीं रहेंगी। अयनांश की वृद्धि के कारण प्रत्येक सौर एवं चान्द्र मास भविष्य में एक-एक करके प्रत्येक ऋतु में अनिवार्य रूप से पड़ेगा, जिसके परिणाम स्वरूप हमारे शरत्पूर्णिमा, शारद-नवरात्र, वसन्त-पंचमी आदि पर्व भी, जो साक्षात् ऋतुओं से ही सम्बद्ध हैं, अपनी २ ऋतुओं में नहीं पड़ेंगे। इस समस्या के समाधान का एक मात्र उपाय सायन गणित ही है।

विगत वर्षों की वैशाखी (निरयण मेष संक्रान्ति) की तारीखें:—लगभग ५वीं शताब्दी में ('सूर्य सिद्धान्त' के निर्माण के समय) जब कि—पौष्णान्त बिन्दु वसन्त सम्पात पर ही था, निरयण संक्रान्ति भी २२ मार्च (New Style date) को ही हुआ करती थी। धीरे २ अयन चलन के कारण प्रति ७१ वर्षों में १-१ दिन आगे बढ़ती हुई यह वैशाखी आज १३-१४ अप्रैल को हो रही है। इस २०वीं शताब्दी में सूर्यसिद्धान्त' की गणित तथा भारतीय पद्धति के अनुसार सन् १९००, १९०१, १९०४, १९०५, १९०८, १९०९, १९१२, १९१६, १९२०, १९२४, १९२८, १९३२, १९३६, तथा १९४० में वैशाखी १२ अप्रै. को होती रही है। ध्यान रहे—भारतीय पद्धति के अनुसार वार सूर्योदय से बदलता है, अंग्रेजी पद्धति के समान अर्धरात्रि से नहीं। अतः यदि संक्रान्ति रात्रि के १२ बजे के बाद और सूर्योदय से पहिले हुई तो भारतीय पंचांगकार उसे पिछले वार और पिछली अंग्रेजी तारीख को ही लिखते हैं।

आगामी १३० वर्षों की निरयण मेष संक्रान्तियां:—आगामी १३० वर्षों (ई. सन् १९७२ से २१०१ तक) की निरयण मेष संक्रान्तियों की तारीखें वार और काल (भा.स्टैं.टा.) को मैंने स्वयं दृश्य गणितानुसार निकाल कर यहां कोष्ठक में दिया है। संक्रांति काल में कहीं २ कुछेक मिनटों की स्थूलता सम्भव है। इस कोष्ठक को देखने से स्पष्ट है, कि—कुछ वर्षों तक लीप-इयर और लीप-इयर के आगे आने वाले दो वर्षों में मेष संक्रान्ति १३ अप्रै. को और लीप इयर से पूर्ववर्ती वर्ष में १४ अप्रै. को होगी। संक्रान्ति की तारीख के परिवर्तन के समय यह नियम सर्वत्र लागू होता है।

अब आगे ई. सन् २१०० में सर्व प्रथम १५ अप्रै. को मेष संक्रान्ति भारतीय पंचांगों में लिखी जाएगी।

+ लगभग सभी भारतीय पंचांगों में निरयण स्पष्ट ग्रह ही होते हैं, अतः इन पंचांगों में अक्सर 'निरयण' शब्द का प्रयोग नहीं करते, 'निरयण स्पष्ट ग्रहों' को केवल 'स्पष्ट ग्रह' ही लिख देते हैं। यही बात संक्रान्तियों के लिए भी है, 'निरयण मेष संक्रान्ति, 'निरयण वृष संक्रान्ति'—आदि न लिख कर केवल 'मेष संक्रान्ति' आदि ही लिख दिया जाता है।

*निरयण सौर वर्ष सायन सौर वर्ष (अंग्रेजी कैलेण्डर के वर्ष) से २०.४ मि. बड़ा है। अतः ७१ निरयण सौर वर्षों में १ दिन (७१×२०.४१=१४४८.४ मिनट= लगभग १ दिन) बढ़ जाता है। अर्थात् अंग्रेजी कैलेण्डर के ७१ वर्षों में जितने दिन होते हैं, ७१ निरयण सौर वर्षों में उससे १ दिन अधिक होता है।

इस प्रकार यह समझ लेना चाहिए, कि—क्रान्तिवृत्त में स्थित सभी तारे प्रति वर्ष लगभग ५० वि. की गति से पश्चिम से पूर्व की ओर धीरे २ खिसक रहे हैं। यदि आज कोई तारा वसन्त सम्पात में है तो वह ५० वि. वार्षिक गति से धीरे २ A, क, B, ख आदि बिन्दुओं (चित्र देखें) में से गुजरता हुआ लगभग २६ हजार वर्ष बाद क्रान्ति वृत्त का पूरा चक्कर काट कर पुनः वसन्त सम्पात पर पहुँच जाएगा। अथवा यूं कहिए,—धीरे २ प्रति वर्ष ५० वि. की गति से पीछे (पश्चिम) की ओर हटते २ वसन्तसम्पात और शरत्सम्पात—दोनों २६ हजार वर्ष बाद पुनः क्रान्तिवृत्त का उल्टा पूरा चक्कर लगाकर उन्हीं तारों पर आ जाएंगे, जिन तारों पर आज वे हैं। तारों का या सम्पातों का यह वार्षिक चलन "अयन चलन" कहलाता है।✂

अयनांश :—क्रान्तिवृत्त पर एक बिन्दु (स्थान) है, जिसे पौष्णान्त बिन्दु या रेवत्यन्त बिन्दु कहते हैं। यह बिन्दु चित्रा तारे से १८० अंश पर है (चित्र देखें—चित्रा तारा शरत्संपात से आगे G बिन्दु के पास क्रान्तिवृत्त से लगभग २ अंश दक्षिण की ओर है।) भारतीय ज्योतिष में इस पौष्णान्त बिन्दु को निरयण मेष राशि का आरम्भ बिन्दु (स्थान) माना जाता है* अर्थात्—चित्रा तारा से १८० अंश पर क्रान्तिवृत्त में जब सूर्य आता है, तब भारतीय ज्योतिषी कहते हैं, कि—सूर्य निरयण मेष के प्रारम्भ में आ गया है। यह पौष्णान्त बिन्दु आजकल वसन्त सम्पात से लगभग २३ अं. २७ क. आगे 'A' बिन्दु पर है (चित्र देखें)। अयन चलन के कारण अन्य सभी तारों के साथ साथ ज्यों २ चित्रा तारा ५० वि. प्रति वर्ष पूर्व की ओर खिसकता जाता है, त्यों २ पौष्णान्त बिन्दु भी प्रति वर्ष ५० वि. आगे खिसकता जाता है। वसन्त सम्पात से पौष्णान्त बिन्दु का अन्तर ही 'अयनांश' कहलाता है। आजकल अयनांश (अर्थात्—वसन्त सम्पात से पौष्णान्त बिन्दु का अन्तर) २३ अं. २७ क. के लगभग है।

कुछ विद्वानों के मत में पौष्णान्त बिन्दु चित्रा तारे से लगभग १७७ अंश आगे है। पौष्णान्त बिन्दु की स्थिति के बारे में कई अन्य मत भी हैं। इन विभिन्न मतों के अनुसार अयनांश भी भिन्न २ होंगे। मैंने यहां चित्र में पौष्णान्त बिन्दु चित्रा तारे से १८० की दूरी पर माना है। इसके अनुसार जो अयनांश होंगे वे "चित्रापक्षीय अयनांश" कहलाते हैं। चित्रा पक्षीय अयनांश ही भारत के ९९ प्रतिशत पंचांगों में प्रयुक्त होते हैं।

निरयण सौर वर्ष :—पौष्णान्त बिन्दु से चलकर सूर्य क्रान्ति वृत्त का पूरा चक्कर लगाकर जितने समय में पुनः पौष्णान्त बिन्दु पर पहुँच जाता है, वह निरयण सौर वर्ष (Sidereal Year) कहलाता है। यह वर्ष ३६५ दिन ६ घं. ९.२ मि. का होता है, जो सायन सौर वर्ष से २०.४ मि. बड़ा है।☙

निरयण सौर वर्ष सायन सौर वर्ष से २०.४ मि. इसलिए बड़ा है क्योंकि—सायन सौर वर्ष में सूर्य जितना चलता है, निरयण सौर वर्ष में उसे उससे लगभग ५० वि. अधिक चलना पड़ता है। ५० वि. चलने में सूर्य को २०.४ मिनट लगते हैं।


निरयण राशियां :—पौष्णान्त बिन्दु निरयण मेष का प्रारम्भ बिन्दु है। वहां से आगे क्रान्ति वृत्त ३०-३० अंशों के अन्तर पर शेष निरयण वृष आदि राशियों के प्रारम्भ बिन्दु हैं। चित्र में निरयण मेष आदि के प्रारम्भ बिन्दु (A, B, C, आदि) आजकल के अयनांश के अनुसार अंकित किए गए हैं। अयन-चलन के कारण पौष्णान्त बिन्दु (A) जितना आगे खिसकता जाएगा, ये निरयण वृषादि के सभी प्रारम्भ बिन्दु (B, C, D, आदि) भी उतना उतना आगे २ खिसकते जाएंगे। जैसा कि पहिले बतला चुके हैं—आजकल अयनांश २३ अं. २७ क. के लगभग हैं। चित्र में भी निरयण मेषारम्भ बिन्दु (पौष्णान्त) को वसन्त सम्पात से २३ अं. २७ क. आगे दिखलाया गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि—आजकल निरयण मेषारम्भ बिन्दु (A) सायन वृषारम्भ बिन्दु (क) से ६ अं. ३३ क. पीछे (पहिले) है,—इसी प्रकार शेष सभी निरयण वृष आदि राशियों के प्रारम्भ बिन्दु (B.C. आदि क्रमशः सायन मिथुन आदि राशियों के प्रारम्भ बिन्दुओं (ख, ग आदि) से ६ अं. ३३ क. पहिले पड़ते हैं। दूसरे शब्दों में यूं कहिए कि—आजकल निरयण मेषादि राशियों के प्रारम्भ बिन्दु (A, B, C आदि सायन मेषादि राशियों के प्रारम्भ बिन्दु (A.B.C. आदि) सायन मेषादि राशियों के प्रारम्भ बिन्दुओं (व, क, ख आदि) से लगभग २३ अं. २७ क. बाद (आगे) पड़ते हैं।

निरयण, सायन—अब पाठक 'सायन' और 'निरयण' शब्द समझ सकते हैं। 'सायन' का अर्थ है "जिसमें अयनांश मिले हुए हैं"। निरयण का अर्थ है—"जिसमें अयनांश मिले हुए नहीं हैं"। चित्र देखने से स्पष्ट है—सायन मेष-वृष आदि के ०, ३०, ६० आदि अंश वसन्त सम्पात से गिने गए हैं, पौष्णान्त और वसन्त सम्पात के मध्य स्थित अयनांश इनमें जुड़े हुए हैं, जब कि निरयण मेष आदि राशियों की गणना में ऐसी बात नहीं है, वहां अयनांश छोड़कर पौष्णान्त (A) बिन्दु से मेष आदि राशियों की गणना की गई है। भारत के लगभग सभी पंचांगों में निरयण राशियों का ही प्रयोग होता है।

✂कुछ प्राचीन भारतीय सिद्धान्त ग्रन्थों के अनुसार वसन्त सम्पात और शरत्सम्पात दोनों ज्यादा से ज्यादा २७ अंश पूर्व की ओर और २७ अं. पश्चिम की ओर खिसकते हैं, अर्थात् २७ अंश पूर्व की ओर ५० वि. वार्षिक गति से चलकर ये दोनों सम्पात पुनः अपने प्रारम्भ (मूल) स्थान पर आकर फिर २७ अं. पीछे (पश्चिम) की ओर जाते हैं: और वहां से फिर मूल स्थान पर पहुँच कर २७ अंश पूर्व की ओर जाकर पुनः मूल-स्थान पर लौट आते हैं। दोनों सम्पात इसी प्रकार आगे पीछे चलते रहते हैं। इस सिद्धान्त को अयन दोलन सिद्धान्त कहते हैं। आधुनिक उच्च भौतिक शास्त्रीय अनुसन्धानों में इस सिद्धान्त का खण्डन कर दिया है। हमने अपने "शास्त्र शुद्ध पंचांग निर्णय" में इस सिद्धान्त का गणितनिर्देशपूर्वक खण्डन किया है।

*निरयण सायन शब्दों का स्पष्टीकरण आगे किया गया है।

☙सूर्यसिद्धान्त में निरयण सौर वर्ष की लम्बाई ३६५ दि. ६ घं. १२.६ मि. दी गई है, जो शुद्ध लम्बाई से ३.४ मि. ज्यादा है।



अं.––अंश
प्रा––प्रारम्भ
नि.––निरयण
सा.––सायन
द.––दक्षिणध्रुव
उ.––उत्तर ध्रुव

इस चित्र का अध्ययन करते समय इस चित्र को इस प्रकार रखें कि चित्र में अंकित 'पूर्व' शब्द पूर्व दिशा में और 'पश्चिम' शब्द पश्चिम दिशा में हो। इस प्रकार रखने पर 'दक्षिण' दक्षिण दिशा में और 'उत्तर' उत्तर दिशा में स्वतः हो जाएंगे।

इस चित्र में दिखाए गए च, क, ख, ग, घ, च, श, छ, ज, झ, ट और ठ बिन्दुओं पर जब सूर्य पहुंचता है तब क्रमशः राष्ट्रीय चैत्रादि मास (Indian Calendar Reform Committee द्वारा प्रचालित मास) प्रारम्भ होते हैं।

स्पष्टता के लिए यों समझिए,—यदि पृथ्वी की आकर्षण शक्ति का प्रभाव नक्षत्र मण्डल तक हो जाए और वायु आदि का विक्षोभ न हो तो इस नाडीवृत्त की परिधि के किसी भी बिन्दु से छोड़ा गया पत्थर बिल्कुल भूमध्य रेखा पर ही गिरेगा। यह नाडी वृत्त सारे आकाश को दो भागों में विभक्त करता है—(१) उत्तर गोल (नाडी वृत्त से उत्तर की ओर का आकाश), (२) दक्षिण गोल (नाडी-वृत्त से दक्षिण की ओर का आकाश), (चित्र भी देखें)। सूर्य या कोई ग्रह अथवा नक्षत्र नाडी वृत्त से जितने अंश उत्तर में होता है, भू-मध्य रेखा पर रहने वाले लोगों को भी वह उतने ही अंश उत्तर की ओर झुका दीखता है, इसी प्रकार वह (सूर्य, नक्षत्र या ग्रह) नाडीवृत्त से जितने अंश दक्षिण की ओर होता है भूमध्य रेखा-वासियों को भी वह उतने ही अंश दक्षिण की ओर झुका दीखता है। यह नाडीवृत्त क्रान्तिवृत्त (सूर्य के मार्ग) को दो स्थानों पर काटता है (देखें—चित्र)—एक 'व' बिन्दु पर, दूसरे 'श' बिन्दु पर। इन दो बिन्दुओं को क्रमशः वसन्त सम्पात और शरत्सम्पात कहा जाता है। ये दोनों सम्पात क्रान्तिवृत्त को १८०-१८० अंशों के समान दो भागों में विभक्त करते हैं। चित्र देखने से स्पष्ट है—आधा क्रान्तिवृत्त दक्षिण गोल में और आधा उत्तर गोल में है। सूर्य वसन्त-सम्पात पर आने के बाद उत्तर गोल में और शरत्सम्पात पर आने के बाद दक्षिण गोल में आ जाता है। वसन्त सम्पात पर आने के बाद सूर्य का नाडीवृत्त से उत्तर की ओर अन्तर बढ़ता जाता है और 'ग' बिन्दु पर (वसन्त सम्पात से ९० अंश=३ राशि आगे) वह परम (लगभग २३ अं. २७ क.) हो जाता है। तदनन्तर 'ग' बिन्दु से आगे सूर्य का नाडीवृत्त से उत्तर की ओर अन्तर घटने लगता है, और 'श' बिन्दु (शरत्सम्पात) पर वह शून्य हो जाता है। इसी प्रकार 'श' से चलकर सूर्य का नाडीवृत्त से दक्षिण की ओर अन्तर 'झ' बिन्दु (वसन्त सम्पात से २७० अंश—९ राशि आगे, अथवा शरत्सम्पात से ३ राशि आगे) तक बढ़ता जाता है। 'झ' बिन्दु पर भी यह अन्तर लगभग २३ अं. २७ क. होता है। 'झ' से आगे सूर्य का नाडी वृत्त से दक्षिण की ओर अन्तर घटने लगता है और 'व' बिन्दु (वसन्त सम्पात) पर वह पुनः शून्य हो जाता है। इस प्रकार सूर्य नाडीवृत्त से उत्तर एवं दक्षिण की ओर अधिक से अधिक २३ अं. २७ क. जाता है। 'ग' बिन्दु से सूर्य दक्षिण की ओर और 'झ' बिन्दु से उत्तर की ओर हटना शुरू हो जाता है, अतः ग बिन्दु को दक्षिणायन बिन्दु और 'झ' बिन्दु को उत्तरायण बिन्दु कहा जाता है।

सायन सौर वर्ष :—सूर्य को वसन्त सम्पात से चलकर पूरे क्रान्ति वृत्त का पूरा चक्कर लगाकर पुनः वसन्त-सम्पात पर आने में जितना समय लगता है उसे सायन सौर वर्ष या ऋतु वर्ष (Tropical Year) कहते हैं। इस वर्ष में ३६५ दिन ५ घं. ४८.८ मि. होते हैं। अंग्रेजी कैलेण्डर (Gregorian Calender) का वर्ष✾सायन सौर वर्ष ही है।

सायन राशियां :—वसन्त सम्पात से लेकर पूरे क्रान्ति वृत्त को ३०-३० अंशों के बराबर बराबर, बारह भागों में विभाजित किया गया है, जिन्हें क्रमशः सायन मेष, सायन वृष आदि राशियों के नाम से पुकारा जाता है। अर्थात्—'व' (वसन्त-सम्पात) से सायन मेष प्रारम्भ होता है, इससे आगे ३० अंश पर 'क' बिन्दु पर सायन वृष और ६० अंश पर सायन मिथुन—इत्यादि। (चित्र देखें) ※ क्योंकि सायन सौर वर्ष और अंग्रेजी कैलेण्डर के वर्ष की लम्बाई एक ही है, अतः इन सायन मेषादि राशियों के प्रारम्भ बिन्दुओं (क, ख, ग आदि) पर सूर्य के पहुँचने की तारीखें, जो चित्र में लिखी हैं, प्रतिवर्ष यही रहती हैं। अर्थात्—प्रति वर्ष सूर्य २२ मार्च को 'व' (वसन्त सम्पात) पर होता है, २१ अप्रैल को 'क' (सायन वृषारम्भ बिन्दु पर होता है, २२ मई को 'ख' (सायन मिथुनारम्भ बिन्दु) पर होता है—आदि २।卐

ऋतुएं :—भारतीय ज्योतिष में दो-दो मासों की ६ (वसन्त आदि) ऋतुएं वर्ष में मानी जाती हैं। वसन्त ऋतु तब प्रारम्भ होती है जब सूर्य सायन मीन राशि के प्रारम्भ बिन्दु 'ठ' पर होता है और बसन्त ऋतु तब समाप्त होती है जब सूर्य सायन वृष के प्रारम्भ बिन्दु 'क' पर होता है। इस प्रकार बाकी वर्षा आदि ऋतुएं भी चित्रानुसार होती हैं। अर्थात्—वसन्त ऋतु हमेशा २० फर. से २१ अप्रैल तक रहती है, २१ अप्रै. से ही ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ होकर २२ जून तक रहती है—इस प्रकार शेष सभी ऋतुओं के प्रारम्भ और समाप्ति की तारीखें भी प्रतिवर्ष निश्चित हैं, जो चित्रों में दिखाई गई हैं।

अयन चलन :—वसन्त सम्पात और शरत्सम्पात—दोनों का आकाशस्थ नक्षत्रों (तारों) से कोई सम्बन्ध नहीं है। आज ये सम्पात जिन नक्षत्रों के नीचे हैं, अगले वर्ष वे नक्षत्र इनसे लगभग ५०-५० विकला आगे की ओर खिसक जाते हैं। अर्थात्—आज सायन मेषारम्भ बिन्दु (वसन्त सम्पात) में बैठा सूर्य ऊपर सुदूर आकाशस्थ जिस तारे के नीचे होता है अगले वर्ष वसन्त सम्पात में आने पर वह (सूर्य) उस तारे से लगभग ५० वि. पीछे होगा, यही बात शरत्सम्पात में बैठे सूर्य के लिए भी है। इसका कारण यह है—कि—सारा तारा मण्डल नाडीवृत्त के सापेक्ष लगभग ५० वि. आगे (पूर्व की तरफ) खिसक रहा है। स्पष्टता के लिए यों समझिए,—क्रान्तिवृत्त में या क्रान्ति वृत्त के आसपास रहने वाले तारे आज वसन्त सम्पात या शरत्सम्पात से जितनी दूरी पर हैं, वे एक वर्ष बाद उनसे उतनी दूरी पर नहीं रहेंगे। वसन्त सम्पात से पीछे (शरत्सम्पात से आगे) रहने वाले तारे १ वर्ष बाद लगभग ५० वि. वसन्त सम्पात के पास आ जाते हैं और शरत्सम्पात से इतना ही आगे चले जाते हैं। इसी प्रकार वसन्त सम्पात से आगे (पूर्व में) शरत्सम्पात से पीछे रहने वाले तारे एक वर्ष में वसन्त सम्पात से लगभग ५० वि. आगे और शरत्सम्पात के इतना ही समीप हो जाते हैं ❀ (चित्र देखकर समझिए)।

✾जनवरी, फरवरी आदि मासों वाला वर्ष

※इन राशियों को सायन क्यों कहते हैं—यह आगे स्पष्ट हो जाएगा।

卐इन अंग्रेजी तारीखों में एक तारीख का अन्तर लीप इयर के कारण कभी २ रहता है, परन्तु यह अन्तर अस्थायी होता है।

❀वास्तविकता यह है, कि—तारामण्डल नहीं, अपितु वसन्त-सम्पात और शरत्सम्पात—दोनों ही प्रतिवर्ष लगभग ५०-५० वि. की समान गति से नक्षत्रों के सापेक्ष पीछे की ओर खिसकते जा रहे हैं, जिससे सभी तारे इन सम्पातों से प्रति वर्ष ५०-५० वि. पूर्व की ओर खिसकते नजर पड़ते हैं।

१४ अप्रैल को वैशाखी क्यों ?

(आकाश में राशियों की स्थिति, सूर्य की गति आदि खगोल सम्बन्धी जटिल सिद्धान्तों का बालबोध शैली में विवेचन)

लेखक—प्रियव्रत शर्मा

(विगत लगभग ३० वर्षों से वैशाखी (निरयण मेष संक्रान्ति) लगातार १३ अप्रैल को ही होती आ रही है। इस वर्ष (सं. २०२८ में) यह १४ अप्रैल को होगी। सर्वसाधारण जनता में मेष संक्रान्ति की तारीख में यह अन्तर कुछ शङ्का पैदा कर सकता है। अनेक लोगों को यह भी कहते सुना है कि वैशाखी की तारीख स्थायी रूप से १३ अप्रैल ही है; परन्तु ऐसी बात नहीं है। प्रत्येक संक्रान्ति की अंग्रेजी तारीख मध्यमान से लगभग प्रत्येक ७१ वर्षों में एक तारीख आगे खिसक जाती है—यह बात सायन एवं निरयण पद्धति का ज्ञान रखने वाले ज्योतिषी समझते हैं। प्रस्तुत लेख में—"भारतीय पंचांगों में लिखी जाने वाली (निरयण) संक्रान्तियां किस प्रकार और क्यों आगे २ खिसक रही हैं"—इसका सरलतम बाल बोध शैली में विवेचन किया गया है। निरयण संक्रान्तियों की तारीखों में इस परिवर्तन को समझने के लिए आकाश में राशियों की स्थिति, सूर्य की गति आदि खगोल सम्बन्धी ज्ञान की आवश्यकता है, इसलिए पाठकों को प्रारम्भ से ही ये खगोल सम्बन्धी सिद्धान्त यहां विस्तारपूर्वक समझाए गए हैं। सरलता और स्पष्टता के लिए संक्षेप की उपेक्षा की गई है। किसी कठिन बात को अनेक शैलियों से घुमा फिरा कर समझाने का पूरा प्रयत्न किया गया है। सरलता के लिए शीर्षक पद्धति अपनाई गई है। लेखक की प्रतिज्ञा है कि इस लेख एवं इस लेख में दिए गए चित्र के परिशीलन से ज्योतिषानभिज्ञ पाठक को भी पाश्चात्य और भारतीय ज्योतिष के मूलभूत सिद्धान्तों का पर्याप्त ज्ञान हो जाएगा। अतः उन सभी पाठकों से जो ज्योतिष में रुचि रखते हैं, अनुरोध है—वे इस लेख को दत्तचित्त होकर आद्योपान्त अवश्य पढ़ें। इस लेख में ज्योतिष एवं भूगोल सम्बन्धी सूक्ष्म कुछ उन आंकड़ों तथा सिद्धान्तों की उपेक्षा कर दी गई है जिनके बिना सूर्य की गति आदि से सम्बन्ध रखने वाले सिद्धान्त सर्व साधारण पाठक को सरलता पूर्वक समझ में आ सकें।)

पृथ्वी का अक्षभ्रमण—हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती हुई लगभग २४ घण्टों में पूरा एक चक्कर लगाती है। 卐 जिसके कारण हमें पृथ्वी के चारों ओर आकाशस्थ सभी नक्षत्र (तारे) पूर्व से पश्चिम की ओर चलते दीख पड़ते हैं। ये नक्षत्र लगभग स्थिर हैं, ये अपने २ स्थानों से प्रायः विचलित नहीं होते। सभी तारों को प्रतिदिन देखिए—ये तारे पृथ्वी के अक्ष भ्रमण के कारण पूर्व से पश्चिम की ओर चलते अवश्य दीख पड़ते हैं, परन्तु ये अपनी २ जगह नहीं छोड़ते, अर्थात्—जो तारा जिस तारे से जितनी दूरी पर जिस दिशा में है, वह उससे उतनी ही दूरी पर उसी दिशा में रहता है। उदाहरण के रूप में सप्तर्षि तारों को देखिए—उन सातों तारों की परस्पर स्थिति में कोई अन्तर नहीं आता। पृथ्वी के इसी अक्ष भ्रमण के ही कारण सूर्य चन्द्र आदि ग्रह भी, जो नक्षत्रों से कहीं नीचे हैं, पृथ्वी के चारों ओर लगभग २४ घण्टों में पूर्व से पश्चिम की ओर नक्षत्रों के साथ ही घूमते दीख पड़ते हैं।

卐 चित्र देखें—उ द पृथ्वी का अक्ष है, जो पृथ्वी के केन्द्र से गुजरने वाली रेखा है पृथ्वी इस उ द अक्ष पर चारों ओर इस प्रकार घूमती है, जिस प्रकार कातने की तकली पर लगा सूत का गोला घूमता है। पृथ्वी के इस भ्रमण को 'अक्ष भ्रमण' कहते हैं।

सूर्य की दैनिक गति और क्रान्ति वृत्त—सूर्य प्रतिदिन पूर्व में चढ़कर पश्चिम में अस्त होता है। यह सूर्य की अपनी गति के कारण नहीं अपितु, जैसा कि ऊपर बतला चुके हैं, यह पृथ्वी के अक्ष भ्रमण के कारण है। यदि किसी प्रकार हमें दिन में भी तारे दिखाई पड़ सकें तो हमें पता चलेगा कि सूर्य प्रतिदिन १ अंश पूर्व की ओर खिसक जाता है। अर्थात्—सूर्य आज जिस तारे के नीचे दिखाई देता है, कल वह उस तारे से लगभग १ अंश पूर्व की ओर खिसका होगा है। क्योंकि—दिन में तारे दिखाई नहीं पड़ते, अतः सूर्य की गति के ज्ञान के लिए सर्वसाधारण के लिए एक आसान तरीका बतलाते हैं—प्रातः काल लगभग ४ बजे पूर्व क्षितिज में कोई तारा पुंज देखिए। उसे प्रतिदिन प्रातः उसी वक्त देखते रहिए। आप कुछ दिनों में देखेंगे कि वह तारा पुंज जो पहिले दिन पूर्व क्षितिज से कुछ ही ऊपर था, अब वह उससे बहुत ऊपर है। तीन मास बाद वह तारा पुञ्ज प्रातः ४ बजे ही आपके सिर पर होगा। इसी प्रकार वह उत्तरोत्तर पश्चिम की ओर बढ़ता दीखेगा। इससे स्पष्ट है कि सूर्य का उस तारा पुञ्ज से पूर्व की ओर अन्तर बढ़ता जा रहा है, दूसरे शब्दों में सूर्य पूर्व की ओर आगे चल रहा है और एक वर्ष बाद सूर्य आकाश का पूरा चक्कर लगाकर उसी तारा पुञ्ज से आकर मिल जाएगा। सूर्य जिस गोल मार्ग से आकाश में पृथ्वी के चारों ओर घूमता हुआ नजर आता है उसे हम 'क्रान्ति वृत्त' कहते हैं (देखें चित्र)। 卐

नाड़ी वृत्त—भूगोल पर बनी भूमध्य रेखा (Equator) के बिल्कुल ऊपर पृथ्वी के चारों ओर सुदूर नक्षत्रों तक विस्तृत एक वृत्त की कल्पना की गई है जिसे नाडीवृत्त (Celestial Equator) कहते हैं। यह नाडी वृत्त पृथ्वी पर बनी भूमध्य रेखा का ही बड़ा रूप है। भूमध्य रेखा और नाडी वृत्त दोनों एक ही धरातल में हैं।

卐 वास्तविकता यह है कि—सूर्य स्थिर है और पृथ्वी चलती है। अक्ष पर भ्रमण करती हुई पृथ्वी लगभग वृत्ताकार मार्ग में (जिस का व्यासार्ध लगभग ९॥ करोड़ मील है) सूर्य के चारों ओर लगभग १ अंश पश्चिम से पूर्व की ओर खिसक जाती है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले हम लोगों को स्थिर सूर्य भी प्रतिदिन लगभग १ अंश पश्चिम से पूर्व की ओर चलता नजर आता है। पृथ्वी की इस लगभग १ अंश दैनिक गति के कारण सूर्य जिस वृत्त में चलता नजर आता है उसे क्रान्तिवृत्त कहते हैं। ज्योतिष में नया प्रवेश पाने वाले पाठकों को पृथ्वी के स्थान पर सूर्य को गतिमान मानना सुविधाजनक है, अतएव हमने यहां पृथ्वी की जगह सूर्य को ही गतिशील माना है। भारतीय ज्योतिष में भी ऐसा ही माना गया है।

(अशुद्ध विवाह मुहूर्त्त वि. सं. २०२८)

यहां अशुद्ध विवाह मुहूर्त्तों की सूची दी जा रही है, साथ २ उन दोषों का निर्देश भी किया गया है, जिनके कारण इन मुहूर्त्तों में विवाह नहीं हो सकते।

वैशा. कृ. ३ बु. अनु. संक्रान्ति
" " ४ गु. मू. परिघार्ध
" " ६ श. उ.षा. }
" " ७ र. उ.षा. } भौमयुति
" " ७ र. श्रव. रेखा ५, तिथिक्षय,
" " ९ चं. धनि. }
" " १० मं. धनि. } राहुयुति
" " १२ गु. उ.भा. शुक्रयुति,
वैशा. शु. ४ . रोहि. लग्नाभाव
" " ४ बु. मृग. }
" " ५ गु. मृग. } भौमवेध
" " ९ चं. मघा. लग्नाभाव, मृत्यपं.,
" " १० मं. मघा मृत्यु पं.,
" " १० बु. उ.फा. भद्रा.,
" " १३ श. स्वा. लग्नाभाव
" " १४ र. स्वा. लग्नाभाव, व्यती., भद्रा
ज्ये. कृ. २ बु. अनु. लग्नाभाव
" " ३ गु. मू. मासान्त
" " ४ शु. मू. संक्रान्ति
" " ६ र. उ.षा. लग्नाभाव,
" " ६ र. श्रव. }
" " ७ चं. श्रव. } भौमयुति
" " ७ चं. धनि }
" " ८ मं. धनि. } राहुयुति
" " १० गु. रेव. लग्नाभाव
" " १२ शु. अश्वि. शुक्रयुति,
ज्ये. शु. १ मं. रोहि. क्षीण चन्द्र मृत्यु पं.,
" " १ मं. मृग. मृत्यु पं.,
" " २ बु. मृग. मत्यु पं., लग्नाभाव,
" " ६ र. मघा }
" " ७ चं. मघा } भौमवेध
" " ८ मं. उ.फा. लग्नाभाव,
" " ११ शु. हस्त व्यतीपात

ज्ये. शु. ११ शु. चि. व्यती., भद्रा, लग्नाभाव
ज्ये. शु. १२ श. चित्रा लग्नाभाव
" " १४ मं. अनु. भद्रा.,

आषा. कृ. त्रयोदश दिनात्मक पक्ष

आषा. शु ५ र. मघा }
" " ५ चं. मघा } राहुवेध
" " ७ बु. हस्त, भद्रा, लग्नाभाव परिघार्ध
८ गु. हस्त, परिघार्ध लग्नाभाव
" " १२ चं. अनु. मृत्यु पं., लग्नाभाव
" " १३ मं. मूल }
" " १४ बु. मूल } सूर्यवेध
" " १५ गु. उ.षा. वैधृति
श्राव. कृ. १ शु. श्रव. }
" " २ श. श्रव. } राहुयुति
" " २ श. धनि. }
" " ३ र. धनि. } भौमयुति
" " ७ बु. उ.भा. भद्रा, लग्नाभाव,
" " ७ बु. रेव., लग्नाभाव, मृत्यु पं.,
" " ८ गु. रेव. मासान्त,
" " ८ गु. अश्वि. मासान्त
" " ९ शु. अश्वि. संक्रान्ति,
" " ११ र. रोहि. मृत्यु पं., लग्नाभाव
श्राव. शु. २ श. मघा }
" " ३ र. मघा } राहुवेध
" " ४ चं. उ.फा. परिघार्ध लग्नाभाव
" " ५ मं. हस्त., मृत्यु पं.,
" " ६ बु. चित्रा. लग्नाभाव
" " ७ गु. स्वा. भद्रा
" " ११ मं. मूलवैधृति, शुक्रवार्धक्य
श्राव. शु. १४ गु. से कार्त्ति. कृ. ११ गु. तक शुक्रास्त

कार्त्ति. शु. ६ चं. मूल, लग्नाभाव
" " ८ बु. उ.षा. भद्रा नक्षत्रान्त.
" " ८ बु. श्रव. }
" " ९ गु. श्रव. } राहुयुति
" " ९ गु. धनि. }
" " १० शु. धनि } भौमयुति
" " १३ चं. अश्वि. लग्नाभाव,
" " १५ मं. अश्वि. लग्नाभाव, भद्रा

मार्ग कृ. ३ शु. रोहि. भद्रा,
" " ४ श. मृग. मृत्यु पं.,
" " ८ बु. मघा }
" " ९ ग मघा } राहुवेध
" " १० ु. उ.फा. वैधृति,
" " ११ श. हस्त, लग्नाभाव,
" " १२ र. चित्रा क्षीण चन्द्र,

मार्ग. शु. २ श. मू. चन्द्रकर्त्तरी
" " ३ र. मू. चन्द्रकर्त्तरी
" " ५ मं. उ.षा. धनु में कर्त्तरी, मीन में क्रान्ति साम्य,
" " ५ मं. श्रव. }
" " ६ बु. श्रव. } राहुयुति
" " ६ बु. धनि. गुरु वार्द्धक्य

मार्ग शु. ९ श. से पौष शु. ६ तक गु अस्त

सूर्य धनु में

माघ शु. १ चं. श्रव. राहुयुति
" " ५ शु. रेव. }
" " ७ श. रेव. } भौमयुति,
" " ७ श. अश्वि. }
" " ८ र. अश्वि. } चन्द्रकर्त्तरी
" " १० मं. रोहि. लग्नाभाव,
" " ११ बु. मृग. भद्रा. लग्नाभाव,

फाल्गु. कृ. १ चं. मघा }
२ मं. मघा } सूर्यराहुवेध
" " ३ बु. उ.फा. मृत्यु पं.

फाल्गु. कृ. ६ श. स्वाती भद्रा,
१० गु. मूल लग्नाभाव,
" " ११ शु. मूल मृत्यु पं.,
" " १२ श. उ.षा. मासान्त
फाल्गु. शु. ५ श. अश्वि. भौमयुति,
" " ७ चं. रोहि. वैधृति,

होलाष्टक

चैत्र कृ. २ गु. हस्त, भुजंग पात,
" " ३ शु. हस्त, भुजंगपात,
" " ३ शु. चित्रा मृत्यु पंचक, सूर्यवेध
" " ४ श. चित्रा सूर्यवेध,
" " ५ र. स्वा. मिथुन में कत्तरी,
" " ६ चं. अनु. }
" " ७ मं. अनु.. } भौमवेध
" " ८ बु. मूल लग्नाभाव
" " १० शु. उ.षा. }
" " ११ श. उ.षा. } राहुयुति
" " १२ र. श्रव. मृत्यु पं., मासान्त
" " १२ र. धनि. मृत्यु पं., मासान्त

(कोष्ठकों में दिए गए घं. मि. (भा. स्टै. टा.) के हैं)

द्विरागमन मुहूर्त्त (सं. २०२८)

वैशा. कृ. ५शु. (वै. प्र. ३) मूल (१२ घं. १२ मि. बाद)
" " ११ बु. (वै. प्र. ८) शत.,
वैशा. शु. ५ गु. (वै. प्र. १६) मृग. (७ घं. २६ मि. तक)
" " ६ शु. (वै. प्र. १७) पुन. (७ घं. ४५ मि. बाद)
" " ११गु. (वै. प्र. २३) उ. फा. (९ घं. २५ मि. बाद)
" " १२ शु. (वै. प्र. २४) हस्त,
ज्ये. कृ. २ बु. (वै. प्र. २९) अनु. (८ घं. ४५ मि. तक)
मार्ग. श. १ शु. (मार्ग. प्र. ४) अनु. (८ घं. ५६ मि. से १२ घं. ४८ मि. तक)
" " ४ चं. (मार्ग. प्र. ७) उ.षा. (१७ घं. ६ मि. बाद)
फाल्गु. शु. २ बु. (फा. प्र. ४) शत. (१२ घं. ७ मि. तक)
" " ३ गु. (फा. प्र. ५) उ. भा., (१० घं. ६ मि. बाद)
चैत्र कृ. १ बु. (फा. प्र. १८) उ.फा.
" " २ गु. (फा. प्र. १९) हस्त..

सूचना—विवाह दिन से १६ दिन के भीतर उपरोक्त मुहूर्त्त के बिना ही द्विरागमन हो सकता है। यदि नव विवाहिता वधू का द्विरागमन दीपावली के दिन दीपकों के प्रकाश में हो तो घर में सुख व लक्ष्मी की वृद्धि होती है ॥

यज्ञोपवीतमुहूर्त्त (सं. २०२८)

यह बात प्रमाणित हो चुकी है कि ब्राह्मणादि जातियों में पदा हुए बालक प्रायः स्वजातियुक्त-गुण ९० प्रतिशत वीर्यगत-प्रभाव के कारण जन्म से ही साथ लाते हैं। यदि यज्ञोपवीतादि-वैदिक संस्कार वर्णोचित आयु एवं शुभ मुहूर्त्त में किए जायें तो उनमें उस सत्य शक्ति का क्रमशः विकास होता है।

चैत्र शु. २र. (चैत्र प्र. १५) अश्वि. (१० घं. २९मि. तक)
" " ५ बु. (चैत्र प्र. १८) रोहि.
" " १२बु. (चैत्र प्र. २५) पू.फा. (९ घं. ३४ मि. बाद)
शा. शु. ३ मं. (वै. प्र. १४) रोहि. अभिजित् में (सामवेदियों के लिए)
" " ५ गु. (वै. प्र. १६) आर्द्रा अभिजित् में,
" " १०बु. (वै. प्र. २२) पू. फा.
" " १२ शु. (वै. प्र. २४) हस्त, अभिजित् में,
ज्ये. शु. ३ गु. (ज्ये. प्र. १४) आर्द्रा, ल. ५, अभिजित्,
" " १० गु. (ज्ये. प्र. २१) हस्त, ल. ५, अभिजित्,
माघ शु. २ मं. (माघ प्र. ५) धनि. अभिजित् में (सामवेदियों के लिए)

यज्ञोपवीतमुहूर्त्त (क्रमागत)

माघ शु. ४ गु. (माघ प्र. ७) पू.भा. (१० घं. २५ मि. से ११ घं. १० मि. तक) लग्न चिन्त्य
" " ५ शु. (माघ प्र. ८) उ.भा. (८ घं. २३ मि. तक)
" " ११ बु. (माघ. प्र. १३) रोहि. (९ घं. ५ मि. तक)
फाल्गु.कृ. ५शु. (माघप्र. २२) हस्त अभिजित् में ल. १२ (शु.दा.)
फाल्गु. शु. २ बु. (फा. प्र. ४) शत. (१२ घं. ७ म. तक)
" " ३ गु. (फा. प्र. ५) पू. भा. (१० घं. ६ मि. तक)
" " ३ गु. (फा. प्र. ५) उ.भा. अभिजित् में
चैत्र कृ. २ गु. (फा. प्र. १९) हस्त अभिजित् में
" " ५ र. (फा. प्र. २२) स्वा., अभिजित् में

विशेष—आवश्यकता में चन्द्र बल देखकर किसी सत्तीर्थ पर बिना मुहूर्त्त के भी यज्ञोपवीत लिया जा सकता है। ऋषितर्पण का दिन (श्राव. शु. १५) भी यज्ञोपवीत लेने के लिए शुभ माना जाता है।

गृहारम्भ मुहूर्त्त (सं० २०२८)

वैशा. शु. १२ शु. (वै. प्र. २४) हस्त, अभिजित् में,
" " १३ श. (वै. प्र. २५) चित्रा, अभिजित् में,
ज्ये. शु. १० गु. (ज्ये. प्र. २१) हस्त, अभिजित् में,
" " १२ श. (ज्ये. प्र. २३) चित्रा, स्वा., ल. ५, अभिजित्
कात्ति. शु. १३ चं. (का. प्र. १६) रेव., (१० घं. २५ मि. तक)
माघ शु. ११ बु. (माघ प्र. १३) रोहि. (९ घं. ५ मि. तक)
" " १२गु (माघ.प्र.१४) मृग. (११ घं. ५७मि.तक)
चैत्र कृ. १बु. (फा. प्र. १८) उ.फा. (११ घं. ३० मि.तक)
" " २ गु. (फा. प्र. १९) हस्त, अभिजित् में
" " ४श. (फा. प्र. २१) स्वा. (१६ घं. ३० मि. बाद),

—गृह प्रवेश मुहूर्त्त (सं. २०२८)—

वैशा. शु. ७ श. (वै. प्र. १८) पुष्य, अभिजित् में (पुराने घर में प्रवेश)
" " ११ गु. (वै. प्र. २३) उ. फा. (१५ घं. ४४मि.बाद
" " १३ श. (वै. प्र. २५) चित्रा, अभिजित् में,
ज्ये. शु. १२ श. (ज्ये. प्र. २३) चित्रा, स्वा., लग्न ५, अभिजित्
